राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रात:किरण



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 मुक्केबाज संजीत राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर

बाइडन कोविड-19 से संक्रमित पाए गए, पृथक-वास में रहेंगे 12

वर्ष : 10 | अंक : 77 | पटना, सोमवार, 01 अगस्त, 2022 | श्रावण मास शुक्ल पक्ष, तृतीया | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 22.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

**पोल**

क्या झारखंड में गिर जाएगी हेमंत सोरेन सरकार, भाजपा वापस सत्ता में आएगी ?

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 15% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,191 |
| चांदी | 54,400 |
| सेंसेक्स | 55,308 |
| निफ्टी | 19,503 |

राजधानी पटना में आयोजित भाजपा के सात मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का हुआ समापन

# भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव का फूंका बिगुल

- आगामी लोस व विस चुनाव जदयू के साथ लड़ेगी भाजपा
- नरेन्द्र मोदी को फिर से पीएम बनाने का संकल्प पारित



पटना, प्रात : किरण

देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने बिहार की राजधानी पटना में आयोजित सात मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया। गृहमंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में नरेन्द्र मोदी को 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प पारित किया। बैठक में देश भर से आए साढ़े सात सौ पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी फिर प्रधानमंत्री बनेंगे और भाजपा वर्तमान से ज्यादा सीटें जीतेगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व पार्टी के मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बिहार में जदयू और भाजपा के संबंधों को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा नीतीश कुमार के साथ मजबूती से खड़ी है और लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव जदयू के साथ ही लड़ेगी। बीजेपी अपने गठबंधन धर्म को निभाती रही है। इसमें कोई खिंचतान नहीं है। बीजेपी गठबंधन के साथियों को सम्मान देने का काम करती है। हम एक साथ हैं और एक साथ ही चुनाव लड़ेंगे। 2024 में एक बार फिर पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे। दो दिवसीय बीजेपी संयुक्त मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बारे में उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन जेपी नड्डा ने किया और समापन अमित शाह ने किया है। इस दौरान सभी मोर्चों की बैठक अलग-अलग हुई। इस दौरान विभिन्न प्रकार के संगठनात्मक कार्यों की भी चर्चा हुई।

### पटना पहुंचे अमित शाह का जोरदार स्वागत

- पटना। बीजेपी के संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति के समापन समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को पटना पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह का पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने जमकर स्वागत किया। सड़क पर फूल बिछाया गया था। बीजेपी कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर और वंदे मातरम का नारा लगा रहे थे। एयरपोर्ट परिसर वाहनों और कार्यकताओं की टोली से पूरी तरह भर गया था। गृह मंत्री के स्वागत के लिए बीजेपी के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानन्द राय, राज्य के दोनों उपमुख्यमंत्री रेणु देवी और तारकिशोर प्रसाद समेत कई अन्य नेता मौजूद थे। जब वह राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ज्ञान भवन पहुंचे तो कार्यकताओं ने अचानक से नारेबाजी शुरू कर दी। वे नारे लगा रहे थे कि जिस कश्मीर को खून से सींचा वो कश्मीर हमारा हैं। संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक का आज समापन हो गया है। इस दौरान ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि 21 महिलाओं द्वारा आरती, 21 आचार्य द्वारा स्वस्ति वाचन, 21 पुजारी द्वारा शंखनाद और पटन देवी के महंत विजय शंकर गिरी द्वारा माता की ओढ़नी देकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पटना एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। इसके अलावा पूरे एयरपोर्ट पर केसरिया फूलो का कारपेट और तिरंगा से भव्य स्वागत किया गया।

### 2024 में दुबारा पीएम बनेंगे नरेंद्र मोदी : शाह

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के लिए सदैव तैयार रहती है। भाजपा की 2024 के चुनाव की तैयारी पूरी है। उन्होंने कहा कि 2024 में लोक सभा चुनाव और 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। 2024 में पहले से अधिक लोक सभा सीटें जीत करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुन केन्द्र में सरकार बनाएगी।

## जेरेमी लालरिनुंगा ने रचा इतिहास

- 19 वर्ष के वेटलिफ्टर ने भारत को दिलाया दूसरा गोल्ड



बर्मिंघम, एजेंसी। भारत के युवा वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों के वेटलिफ्टिंग इवेंट की 67 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में सबसे अधिक 140 किलोग्राम वजन उठाया था, जबकि क्लीन एंड जर्क में 160 किलोग्राम वजन उठाते हुए इतिहास रचा। उन्होंने गेम रिकॉर्ड कुल 300 किलोग्राम वजन उठाया। इस तरह वेटलिफ्टिंग में भारत को दूसरा गोल्ड और कुल 5वां मेडल मिला। इससे पहले शनिवार को मीराबाई चानू ने 49 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड जीता था। यूथ ओलिंपिक गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुके जेरेमी पहली बार कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले रहे थे और उन्होंने पहली ही बाजी में इतिहास रचा। उन्होंने स्नैच में पहले अटेम्प्ट में 136 किलो उठाया, जबकि दूसरे अटेम्प्ट में 140 किलो उठाते हुए रिकॉर्ड कायम किया। यह उनका गेम रिकॉर्ड रहा, जबकि तीसरी कोशिश में वह 143 किलोग्राम उठाने में असफल रहे। इसके बाद जेरेमी ने क्लीन एंड जर्क में पहली कोशिश में 154 किलोग्राम उठाया, जबकि दूसरी कोशिश में उन्होंने 160 किलोग्राम वजन उठाया। इस दौरान वह पीठ और एल्बो में चोट से जूझते दिखे। हालांकि, तीसरी कोशिश में फेल रहे। इससे पहले मीराबाई चानू ने गोल्ड, संकेत सरगर और बिंदियारानी देवी ने सिल्वर मेडल जीते, जबकि गुरुराजा पुजारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस तरह भारत को अब तक वेटलिफ्टिंग में 5 मेडल मिल चुके हैं। इस इवेंट में दो और मेडल मिलने की उम्मीद है।

## विमेंस टी-20 : भारत ने पाकिस्तान को 8 विकेट से रौंदा

- स्मृति मंधाना ने खेली 63 रन की धमाकेदार पारी,50 गेंद बाकी रहते टारगेट हासिल कर लिया



बर्मिंघम। कॉमनवेल्थ गेम्स में रविवार को विमेंस टी-20 क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को 8 विकेट से रौंद दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 18 ओवर में सिर्फ 99 रन बना पाई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 2-2 विकेट स्नेह राणा और राधा यादव ने झटके। वहीं, PAK टीम के 3 बल्लेबाज रन आउट हुईं। जवाब में भारतीय टीम ने सिर्फ 2 विकेट खोकर 11.4 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया। स्मृति मंधाना ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 42 गेंद में 63 रन बना दिए। उनके बल्ले से 8 चौके और 3 छक्के निकले। जेमिमा रोड्रिग्ज ने नाबाद दो रन बनाए। शेफाली वर्मा ने नौ गेंद पर 16 और एस मेघना ने 16 गेंद पर 14 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए तुबा हसन और ओमैमा सोहैल ने एक-एक विकेट लिए। भारत का अगला मुकाबला अब बारबाडोस से तीन अगस्त को होगा।

**पाकिस्तान का टॉप ऑर्डर रहा फ्लॉप**

पाकिस्तानी पारी के दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा और इरम जावेद खाता खोले बिना पवेलियन लौट गईं। उन्हें मेघना सिंह ने आउट किया। इसके बाद 9वें ओवर में स्नेह राणा ने पाकिस्तान को 2 झटके दिए। पहले उन्होंने कप्तान बिस्माह मारूफ को 17 रन पर आउट किया। उसके बाद पूरी तरह सेट हो चुकी मुनीबा राणा को 32 रन बनाने के बाद अपना शिकार बनाया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शुरूआत हार के साथ हुई थी।

## संक्षिप्त खबर

### पीएम मोदी ने बिंद्यारानी को दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन के बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल-2022 में रजत पदक जीतने पर भारोत्तोलक बिंद्यारानी देवी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि उनके तप की अभिव्यक्ति है और इसने हर भारतीय को बहुत खुश किया है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। बिंद्यारानी देवी ने रविवार तड़के (भारतीय समयानुसार) राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में रिकॉर्ड वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया है।

### कांग्रेस एमएसपी के मुद्दे की लड़ेगी लड़ाई

नई दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को कहा कि वह सरकार की 'जन विरोधी नीतियों' का पुरजोर तरीके से विरोध करती है और किसानों की उपज के वास्ते न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित कराने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। पार्टी ने अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक के बाद यह बात कही। इसके नवनियुक्त प्रमुख सुखपाल सिंह खैरा ने कहा कि वह किसानों और मजदूरों की समस्याओं को जानने के लिए देश भर में दौरा करेंगे और उन्हें समर्थन देंगे। खैरा ने कहा कि वह सड़क से संसद तक किसानों और मजदूरों की लड़ाई लड़ेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा भारत का तेजस

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण मार्च में रद्द किया गया बहुराष्ट्रीय 'कोबरा योद्धा अभ्यास' छह माह बाद अब फिर लंदन के वैडिंगटन में सितंबर में होने वाला है। यह पहला मौका होगा जब एलसीए तेजस किसी अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगा।

## राष्ट्रमंडल खेल : मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने दी बधाई



पटना, प्रात : किरण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बर्मिंघम में चल रहे राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिये मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने वेटलिफ्टिंग में पहला गोल्ड मेडल जीतने पर साइखोम मीराबाई चानू को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेटलिफ्टिंग में साइखोम मीराबाई चानू ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुंचें और देश का नाम रौशन करते रहें। मुख्यमंत्री ने वेटलिफ्टिंग में सिल्वर मेडल जीतने पर बिंदियारानी देवी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने बिंदियारानी देवी को अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा है कि वेटलिफ्टिंग के प्रति उनके जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और देश का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है। वहीं मुख्यमंत्री ने भारत के लिये वेटलिफ्टिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर गुरूराजा पुजारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। मुख्यमंत्री ने श्री गुरूराजा पुजारी को अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा है कि वेटलिफ्टिंग के प्रति उनके जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है।

# ईडी के शिकंजे में संजय राउत

### 1043 करोड़ के पात्रा चॉल जमीन घोटाले में शिवसेना सांसद हैं आरोपी

मुंबई, प्रात : किरण

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवसेना सांसद संजय राउत को लंबी पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया है। इससे पहले ईडी ने उनके खिलाफ कई समन जारी किए थे और 27 जुलाई को भी तलब किया था। ईडी के अधिकारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के साथ संजय राउत के घर रविवार सुबह सात बजे पहुंच गए थे। इस पूरे मामले को लेकर राउत ने आरोप लगाया है कि उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के लिए निशाना बनाया जा रहा है। राउत घर से निकले, तो भगवा दुपट्टा लहराया और समर्थकों को विक्ट्री साइन दिखाया। इस मामले में ट्विस्ट तब आया, जब उनके वकील विक्रांत सबने ने दावा किया कि राउत को जांच एजेंसी ने हिरासत में नहीं लिया है। सबने ने कहा कि ईडी ने रविवार सुबह संजय राउत को नया समन दिया है। राउत



बयान दर्ज कराने ईडी कार्यालय गए हैं। उन्हें न तो गिरफ्तार किया गया है और न हिरासत में लिया गया है। इस बीच शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने कहा कि संजय राउत पर कार्रवाई एजेंसी ने की है। हमने किसी से नहीं कहा है। अगर वे बेगुनाह होंगे तो छूट जाएंगे। उनसे हमारी कोई दुश्मनी नहीं है। वहीं, राउत ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है।

**ईडी ने 9 घंटे पूछताछ**

ईडी ने शिवसेना सांसद संजय राउत से रविवार को 9 घंटे पूछताछ की। भांडुप में उनके बंगले मैत्री पर सुबह सात बजे एऊ टीम पहुंची थी। 10 अफसरों ने राउत और उनके विधायक भाई सुनील राउत के कमरों की तलाशी ली। टीम ने उनसे और उनके परिवार वालों से भी पूछताछ की। कहा गया है कि राउत राउत जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। उन्हें 27 जुलाई को भी तलब किया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे।

**दादर में राउत का फ्लैट सील**

ईडी ने रविवार को राउत का दादर वाला फ्लैट सील कर दिया। आरोप है कि संजय राउत ने पात्रा चॉल जमीन घोटाले के पैसे से यह फ्लैट खरीदा था। ईडी की टीम राउत के अलावा उनके दो करीबियों के घर भी पहुंची है। वहां भी जांच-पड़ताल की जा रही है। संजय राउत के घर एऊकी कार्रवाई की जानकारी मिलते ही शिवसेना कार्यकर्ता उनके घर के बाहर जमा होना शुरू हो गए। कार्यकताओं ने केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की।

## बिहार भवन के रेजिडेंट इंजीनियर ने बनाई अकूत संपत्ति

- इंजीनियर के कई ठिकानों पर र्थिक अपराध इकाई ने छापेमारी की

पटना, प्रात : किरण

भवन निर्माण विभाग के भ्रष्ट कार्यपालक अभियंता फिरोज आलम के ठिकानों पर रविवार को आर्थिक अपराध इकाई ने छापेमारी की। इंजीनियर फिरोज आलम वर्तमान में बिहार भवन, बिहार निवास एवं बिहार सदन में रेसिडेंट इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने पद का भ्रष्ट दुरुपयोग कर आमदनी से 91.08 फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित की है। कोट से सर्च वारंट लेने के बाद आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने पटना और दिल्ली के ठिकानों पर छापेमारी की। दो डीएसपी के नेतृत्व में पांच ठिकानों की तलाशी ली गई। जिनमें नई दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित सुखदेव विहार, जोहरी फार्म नूर नगर एक्सटेंशन जामिया नगर नई दिल्ली स्थित आवास, कार्यपालक अभियंता के बिहार निवास स्थित कार्यालय एवं बिहार सदन स्थित कार्यालय, अभियुक्त फिरोज आलम के भाई जहीरूद्दीन आलम पता 205 डेनियल मेंशन पासपोर्ट ऑफिस समनपुरा में छापेमारी की गई। तलाशी में इंजीनियर फिरोज आलम के सुखदेव बिहार आवास से 143000 नगद तथा स्वर्ण आभूषण मिले हैं। दिल्ली के जोहरी फार्म में उनके दो फ्लैट का पता चला है। साथ ही दिल्ली के शाहीन बाग में एक अन्य फ्लैट का पता चला है। कार्यालय से तलाशी के क्रम में मेरठ में भूखंड खरीदने संबंधी दस्तावेज मिले हैं। इसका सत्यापन किया जा रहा है। कार्यालय में भतीजा का पासबुक, भाई के चिकित्सा में एक लाख का खर्च संबंधित एवं भाभी का हस्ताक्षरित सादा कागज मिला है। इसके अतिरिक्त अन्य संपत्ति के संबंधी दस्तावेज तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात मिले हैं। तलाशी के क्रम में फिरोज आलम के एक और ठिकाना के बारे में भी जानकारी मिली है। जहां तलाशी के लिए भेजी गई है।

## फिर अमेरिका के सामने गिड़गिडाया पाक, इस बार सेना प्रमुख बाजवा ने मांगी भीख

इस्लामाबाद, एजेंसी। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने अपने देश को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 1.7 अरब डॉलर की अहम किश्त जल्द से जल्द जारी कराने के लिए अमेरिका से मदद मांगी है। कई सरकारी अधिकारियों के अनुसार, जनरल कमर जावेद बाजवा ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री वेंडी शरमन के साथ इस मामले पर चर्चा की और अमेरिका से पाकिस्तान की मदद के लिए आईएमएफ में अपने प्रभाव का उपयोग करने की अपील की। सेना प्रमुख द्वारा इस तरह की अपील किया जाना दुर्लभ है। मुख्य रूप से अफगानिस्तान के मुद्दे के कारण अमेरिका और पाकिस्तान के संबंधों में हालिया वर्षों में तनाव पैदा हो गया है। विशेष रूप से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण रहे। बहरहाल, पाकिस्तान की सेना, जिसने अपने 75 साल के इतिहास के आधे से अधिक समय तक देश पर सीधे शासन किया है, ने अमेरिका के साथ मिलकर काम किया है और अल-कायदा के खिलाफ आतंकवाद से युद्ध में वह एक आधिकारिक सहयोगी थी।




आरक्षण | जदयू प्रदेश कार्यालय में हुई जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक

# नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा समाज के स्वाभिमान को दी ताकत : ललन सिंह

### मुख्यमंत्री ने अति पिछड़ा वर्ग के विकास के साथ सम्मान देने का किया काम : उमेश कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण

- राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पद की शपथ लेने के बाद तुरंत बाद अति पिछड़ा वर्ग को एक सूत्र में पीरोकर पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण देने का काम किया।



देश के राजनैतिक एवं सामाजिक विमर्श में अति पिछड़ा के नाम पर कोई भी छद्म राजनीति करे या करने का अभिनय करे लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा समुदाय को चिन्हित कर उनके लिए जो कार्य किया है, चाहे वह पंचायती राज में आरक्षण देना हो। उस वर्ग के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन का कार्य हो या फिर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके सामाजिक स्तर को ऊंचा करने का जो काम किया है। उनके स्वाभिमान को ताकत और शक्ति प्रदान करने का कार्य किया है, वह देश के किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक आईना है। उक्त बातें जदयू संगठन को सशक्त एवं धारदार बनाने के लिए जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों एवम जिलाध्यक्षों की रविवार को प्रदेश मुख्यालय स्थित जननायक कपूरी सभागार में हुयी जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की हुयी प्रथम बैठक में वक्ताओं ने कही। राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पद की शपथ लेने के बाद तुरंत बाद अति पिछड़ा वर्ग को एक सूत्र में पीरोकर पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण देने का कम किया। आज सभी दल अति पिछड़ों की ओर देखते हैं परंतु अति पिछड़ा वर्ग के लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखते हैं। उन्होंने कहा कि 1994 से संघर्ष कर नीतीश ने पार्टी बनाई है और पार्टी बनाने में या संघर्ष में जिनका कोई योगदान नहीं रहा है आज वो नीतीश जी के सामने खड़ा होने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि अतिपिछड़े समाज के लोग हमारे दल के आधार स्तंभ हैं और उन्हीं के कारण हमारी पार्टी चौथी बार सत्ता में है। अति पिछड़ा वर्ग हमारे नेता नीतीश कुमार के समेकित विकास की अवधारणा के महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु रहे हैं। हमारे नेता नीतीश कुमार जी ने अपने शासन के प्रारंभ से से ही अति पिछड़ा वर्ग के विकास एवं उत्थान के साथ-साथ उन्हें सम्मान देने का काम किया है। इनके लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया है। अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना, महिलाओं को जीविका समूह में शामिल की गई हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोगों की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप रणनीति बनाकर उन्हें पार्टी के साथ जोड़े रखने की रणनीति बनानी होगी। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कहा की बिहार में अति पिछड़ा समाज के लोग यदि आज नहीं समझे तो आने वाले समय में सबसे ज्यादा नुकसान अति पिछड़ा समाज का ही होगा। उन्होंने कहा की दूसरे दलों की सरकारों ने अति पिछड़े समाज के लिए क्या किया, यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जन स्वास्थ्य विषय पर जनमुक्ति आंदोलन के कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

जहानाबाद। जनमुक्ति आंदोलन कार्यालय डॉ विनयन आश्रम ग्राम नवादा में रविवार को जन स्वास्थ्य विषय पर कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जनमुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल प्रसाद सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे जनमुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल राय ने कहा की शिक्षा के साथ स्वस्थ भी रहना आवश्यक है, ताकि समाज को बेहतर गति दिया जा सके। ग्राम स्तर पर समितियों को मजबूत कर मजदूर किसान से संबंधित समस्याओं का समाधान एवं भूमि सुधार आंदोलन से संबंधित समस्याओं को दूर किया जा सकता है। जनमुक्ति आंदोलन के कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण होती है। इससे कार्यकर्ताओं में आंदोलन करने की क्षमता का बढ़ोतरी होता है। पाथ संस्था के अजीत कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं को जन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को डायरिया जैसे गंभीर बीमारी के संबंध में जानकारी दी। पटना एम्स के ट्रामा सेंटर के प्रभारी डॉ अनिल कुमार सिंह ने लोगों ने मुख्य रूप से कार्यकर्ताओं को दुर्घटना के समय होने वाली जानकारी के अभाव में अधिक मौतें होती है इस संबंध में उन्होंने प्रायोगिक जानकारी दी। कार्यक्रम में अमेरिका के प्रो. डॉ विकास कुमार एवं जनमुक्ति आंदोलन के संत प्रसाद उपाध्यक्ष, बाल गोविंद दास, मुस्ताक अहमद अंसारी, विश्वनाथ प्रसाद यादव, धर्मेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, बृजेश कुमार अमन, अमन कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष भीम सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

### अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी का होगा भव्य स्वागत

जहानाबाद। बिहार राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा कुंभवा गांव में आयोजित बिहार राज्य हीरामणी देवी स्मृति डबल मिक्स डबल बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 2 और 3 अगस्त को किया जाएगा। 3 अगस्त को पुरस्कार वितरण के अवसर पर तीनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को कुम्हवा गांव की धरती पर भव्य रूप से स्वागत की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संगीता, तुलसी एवं युक्ता रानी का होगा भव्य स्वागत।

### किसान संघर्ष समिति ने मखदुमपुर रेलवे ट्रैक पर किया प्रदर्शन

जहानाबाद। रविवार के दिन संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर विभिन्न मांगों को लेकर किसान संघर्ष समिति के नेता और कार्यकर्ताओं ने भी भारत बंद को समर्थन देने के उद्देश्य से सड़कों पर उतरे थे। वही मखदुमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर किसानों ने रेलवे ट्रैक को जाम करने का प्रयास किया। जिसके बाद मखदुमपुर थाने की पुलिस और आरपीएफ के संयुक्त कार्रवाई में किसानों को रेलवे ट्रैक से खदेड़ते हुए तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बताते चलें कि किसानों एवं मजदूरों का कर्ज माफी, किसानों के सभी फसलों पर समर्थन मूल्य लागू करने, किसानों की बिजली मुफ्त करने, निजीकरण बंद करने जैसी मांगों को लेकर किसानों ने भारत बंद का आवाहन किया था, इस दौरान किसानों का जत्था मखदुमपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक को जाम करने उतरे थे, जिसमें किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंजय कुमार के अलावा दो अन्य समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### जिला सृजन दिवस पर पंचायत स्तर पर किया गया सघन वृक्षारोपण

जहानाबाद। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निर्देशानुसार रविवार को पंचायत स्तर पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत मनरेगा योजना से विभिन्न पंचायतों में वृक्षारोपण किया गया। प्रखंड मखदुमपुर में 11200, काको में 7000, जहानाबाद में 5200, घोषी में 2600, मोदनगंज में 2000, रतनी फरीदपुर में 6200 एवं प्रखंड हुलासगंज में 4400 पौधे लगाये गए। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कुल 38600 पौधे लगाये गये जिसमें निजी भूमि पर 28600, सड़क किनारे 800, जल संरचनाओं के किनारे 6600 एवं अन्य भूमि पर 2600 पौधे लगाए गए हैं। जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत मनरेगा योजना से वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 176000 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# आपसी विवाद में हुयी थी पुलिस जवान की हत्या



**गिरफ्तारी**

- पुलिस जवान हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- महज 48 घंटे में एसडीपीओ ने सुलझायी हत्या की गुत्थी
- पुलिस ने हत्यारे को किया गिरफ्तार, प्रेस वार्ता करते एसपी व अन्य

गोपालगंज, प्रात : किरण

पुलिस जवान अजित कुमार सिंह की हत्या का पुलिस ने महज 48 घंटे के अंदर खुलासा कर लिया है। आपसी विवाद को लेकर ईंट व पत्थर से मारकर पुलिस जवान की हत्या की गयी थी।

पुलिस ने हत्यारे प्रवीण कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान देते हुए बताया कि 26 जुलाई को पुलिस लाईन से गायब जवान का शव 28 जुलाई की सुबह पुलिस लाईन के पीछे नाले से बरामद किया गया था। पुलिस ने मृतक जवान के पिता के बयान पर अज्ञात अपराधियों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। इस घटना के बाद एसडीपीओ संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटना के 48 घंटे के अंदर मामले का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। घटना का कारण आपसी विवाद बताया गया है। वही घटनास्थल से खुन से सनी ईंट व पत्थर को बरामद कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह घटना पुलिस के लिए चुनौती थी। लेकिन जांबाज एसडीपीओ संजीव कुमार ने महज 48 घंटे के अंदर घटना का खुलासा कर हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार हत्यारे को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## गोपालगंज में अनियंत्रित ट्रक ने दो महिलाओं को कुचला, मौत

गोपालगंज



- बैकुंठपुर थाने के खैरा आजम के समीप हुआ हादसा, रोते बिलखते परिजन

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के खैराआजम गांव के समीप एसएच-90 पर हुई सड़क दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत हो गयी। जबकि एक बच्ची बुरी तरह से घायल हो गयी। सूचना पाकर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक मोतिहारी जिला के कोटवा थाना अंतर्गत पूर्वी चैनपुर निवासी राजेश करोड़ी की पत्नी शकिता देवी और खैरा आजम गांव के प्रमोद प्रसाद की पत्नी नीतू देवी बतायी गयी है। बताया जाता है कि शकिता देवी अपने पति के साथ बाइक से अपने घर जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित बालू लदी ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वही उसकी 5 वर्षीय बेटी अफसाना भी बुरी तरह से घायल हो गयी। महिला को कुचलने के बाद भाग रहे ट्रक ने पुजा करने जा रही नीतू देवी को भी कुचल दिया। घटना के बाद उग्र लोगो ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ कर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगो को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। महिलाओं की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि आवेदन मिलने के साथ ही कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## पूर्व सांसद के समर्थकों ने नीतीश कुमार का फूंका पुतला

मखदुमपुर। जुल्मी कब तक जुल्म करोगे सत्ता के गलियारों से चपा-चपा गूंज उठेगा इंकलाब के नारों से, ये गगनचुंबी नारे रविवार के दिन जहानाबाद के पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार के समर्थक जिले के मखदुमपुर बाजार में नीतीश कुमार का पुतला दहन करते हुए लगा रहे थे। ज्ञात हो कि शनिवार को जहानाबाद के न्यायालय ने नीतीश कुमार के खिलाफ डॉ अरुण द्वारा छाती तोड़ देने के बयान पर तीन साल की सजा सुनाई है। इसके विरोध में उनके समर्थकों ने रविवार को लोजपा नेता रणधीर कुमार पिक्कू के नेतृत्व में मखदुमपुर बाजार में जुलूस निकाल प्रदर्शन किया तथा नीतीश कुमार के पुतले भी दहन किया। इस कार्यक्रम में अर्जुन शर्मा, सुबोध पासवान, बीके सिंह, कौशल शर्मा, गजेंद्र शर्मा, नवीन मिश्रा, राकेश कुमार, द्वारिका शर्मा, इंदल पासवान, कौशल पासवान, चंदन यादव, राजीव शर्मा, हीरा दास त्यागी, डॉक्टर बबलू शर्मा, नित्यानंद पासवान, मोहम्मद शहजाद, अजय कुमार गुप्ता, संजय राय, कमलेश पासवान सहित सैकड़ों समर्थक शामिल थे।

## फुलवरिया में विधवा महिला व उसके चार बच्चों पर जानलेवा हमला

गोपालगंज, प्रात : किरण

- पीड़ित महिला ने अपने बच्चों के साथ पहुंची थाने दर्ज कराई शिकायत
- मामला थाना क्षेत्र के कमलाकांत करारिया गांव का

जिले के फुलविरया थाना क्षेत्र के कमलाकांत कररिया गांव में भूमि विवाद को लेकर कुछ हमलावरों ने विधवा महिला वह उसके छोटे-छोटे चार बच्चों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें महिला और उसके चारों बच्चे घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने आनन-फानन में इलाज हेतु स्थानीय मरछियां देवी रेफरल अस्पताल फुलवरिया में दाखिला कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। घायल विधवा महिला कमलाकांत कररिया गांव निवासी स्वर्गीय वीरेंद्र राम की पत्नी पूनम देवी ने अपने ही पड़ोसी नितेश कुमार राम सहित चार लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित विधवा महिला ने बताई की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का निर्माण का कार्य करा रही थी। इसी बीच उक्त हमलावर लाठी-डंडों के साथ पहुंचे। मैं कुछ समझ पाती कि उक्त हमलावरों ने कार्य को बंद करा दिया। जिसका विरोध करने पर उक्त हमलावरों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मुझे तथा मेरे छोटे-छोटे चारों बच्चों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इतना ही नहीं उक्त हमलावरों ने धमकी दिया कि बिना बंटवारा के घर का निर्माण नहीं करना है, अन्यथा अंजाम बुरा होगा। पुलिस विधवा महिला के शिकायत पर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## 824 लीटर विदेशी तो 68 लीटर देसी के साथ 15 शराब तस्कर गिरफ्तार

औरंगाबाद, प्रात : किरण

पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद के निदेर्शानुसार औरंगाबाद जिला में शराब के उपयोग, निर्माण, भण्डारण, परिचालन एवं बिक्री के विरूद्ध चलाये गये अभियान में संध्या तक औरंगाबाद जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रो में चलाये अभियान कुटुम्बा थाना द्वारा 104 ली० विदेशी शराब एवं एक २६१३ कार को बरामद करते हुए 01. मो० शाबिद 02. रियाज आलम सा० बभनी थाना करहगर जिला रोहतास को गिरफ्तार किया गया है।



मदनपुर थाना द्वारा 45 ली० देशी शराब एवं एक मोटरसाईकिल बरामद करते हुए 01. कमलेश शिकारी सा० कचनपुर थाना देव 02. शिव रिकियासन सा० मनिका 103 तेतर पासवान सा० खिरीयामा थाना मदनपुर को गिरफ्तार किया गया है।

नवीनगर थाना द्वारा 23.4 लीटर देशी शराब एवं एक मोटरसाईकिल बरामद करते हुए 01. राकेश कुमार 02. सुधीर कुमार सा० कुसुमहारा थाना हुसैनाबाद जिला पलामु को गिरफ्तार किया गया है। नगर थाना द्वारा 720 ली० बिदेशी शराब एवं पीक अप गाडी को बरामद करते हुये डुलालू कुमार सा० ईशुपुर, थाना लालगंज, जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया है एवं देव थाना द्वारा पूर्व के शराब के काण्ड में फरार अभियुक्त सोनु राम को गिरफ्तार किया गया है एवं अम्बा थाना द्वारा शराब पीने के मामले में अमोद सिंह सा० तेन्दुआ थाना फेसर। रविरंजन कुमार सा० जोगिया थाना बारून, बिकुन कुमार सा० भौरह, थाना हरिहरगंज, संतन कुमार सा० + थाना नवीनगर रंजीत कुमार उर्फ रंजीत बिन्द सा० राजापुर, थाना गोह, पियुष सा० + थाना रफीगंज को गिरफ्तार किया गया है, विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## कार व बाइक की अ टक्कर में एक की मौत, तीन हुए घायल

गोपालगंज, प्रात : किरण

- चिकित्सकों ने घायलों को इलाज के लिए गोरखपुर किया रेफर

जिले के कटेया थाना क्षेत्र का सिधवनिया बाजार के समीप रविवार को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन एवं बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कटेया लायी एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक थाना क्षेत्र के किशुनपुरा निवासी नमी कुशवाहा का 16 वर्षीय पुत्र नीतीश कुशवाहा बताया गया है। वहीं वाहन का चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के किशुनपुरा निवासी शकल शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र अंकित शर्मा, नमी कुशवाहा का 16 वर्षीय पुत्र नीतीश कुशवाहा एवं भोरे थाना क्षेत्र के चकरवा खास निवासी दिलीप शर्मा का 18 वर्षीय पुत्र भोला शर्मा बाइक से बगही की तरफ से किशुनपुरा जा रहे थे। वे अभी सिधवनिया के समीप सुकरौली पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वही बाइक से सिधवनिया जा रहे धर्मकता गांव निवासी प्रमोद मिश्र भी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कटेया लायी एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## मोहर्रम और महावीरी अखाड़े के दौरान डीजे और आर्केस्ट्रा पर पूरी तरीके से रहेगा प्रतिबंध

गोपालगंज, प्रात : किरण

जिले के उचकागांव थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह के अध्यक्षता में डीजे, लाउडस्पीकर व आर्केस्ट्रा संचालकों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित संचालकों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि मोहर्रम और महावीरी अखाड़े के दौरान प्रशासन ने आर्केस्ट्रा के संचालक व डीजे बजाने पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगा दिया है। मुहर्रम व महावीरी अखाड़े के जुलूस के दौरान क्षेत्र में कहीं भी डीजे व आर्केस्ट्रा के संचालन की शिकायत मिली तो इसकी जवाबदेही डीजे और आर्केस्ट्रा संचालकों की होगी। ऐसी शिकायत मिलने पर डीजे व आर्केस्ट्रा संचालकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। वही डीजे को जप्त कर नष्ट कर दिया जाएगा। मोहर्रम व महावीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान मात्र एक लाउडस्पीकर बजाने के लिए प्रशासन से अनुमति मिलेगी। परंतु इसके पूर्व मोहर्रम व महावीरी अखाड़ा जुलूस के लाइसेंसधारियों को लिखित आवेदन देकर हथुआ एसडीएम से अनुमति लेनी पड़ेगी। बिना अनुमति लाउडस्पीकर बजाने पर भी प्रशासन द्वारा कार्यवाही किया जाएगा। अनुमति लेने के लिए दिए गए आवेदन के साथ लाइसेंसधारियों को लाउडस्पीकर पर बजने वाले गीत की सूची भी देनी होगी। संबंधित गीत बजाने की अनुमति मिलने के बाद ही जुलूस के दौरान लाउडस्पीकर पर गीत बज सकेगा। अश्लील व भड़काऊ गीत पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा। सूची से अलग गीत बजाने वाले लाइसेंस धारियों व लाउडस्पीकर संचालकों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्यवाही किया जाएगा। मौके पर गुड्डू कुमार, अनुज शर्मा, नत्थु मियां, बलिराम गुप्ता, साबिर अली, ओमप्रकाश प्रसाद, कन्हैया कुमार सिंह सहित काफी संख्या में डीजे व आर्केस्ट्रा संचालक मौके पर उपस्थित थे।

## जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार के निधन पर गोप गुट शोक व्यक्त किया

कैमूर, प्रात : किरण



जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कैमूर सह माध्यमिक एवं मध्यान भोजन योजना प्रभारी विजय कुमार के निर्धन पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला इकाई कैमूर एवं बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए 2 मिनट का शोक सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि विजय कुमार मिलनसार व्यक्ति थे। विजय कुमार सभी लोगों से मिलजुल कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर निदान करने का कार्य करते थे। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट जिला इकाई कैमूर के जिला अध्यक्ष विद्यासागर प्रभाकर की अध्यक्षता एवं संचालन जिला सचिव विजय कुमार के नेतृत्व में प्रखंड परिसर मोहनिया में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में जयप्रकाश नारायण, रजनीकांत रंजन, बब्बन राम, भरत प्रसाद, बब्बन श्रीवास्तव, कमलेश सिंह, संतोष शर्मा, ओमप्रकाश राम, नगीना राम आदि लोगों ने उनकी जीवनी पर विशेष चर्चा किया। दूसरी तरफ बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट जिला इकाई कैमूर भभुआ बबुरा के सीआरसी में जिला अध्यक्ष अब्दुल मन्नान की अध्यक्षता एवं संचालन विपिन बिहारी सिंह ने किया। शिक्षकों ने विजय कुमार के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि विजय कुमार मिलन सार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। दूसरी तरफ जिला शिक्षा अधिकारी पर मनमाना एवं शिक्षक विरोधी का आरोप लगाया है। संघ का कहना है कि बिहार सरकार के वित्त सचिव विज्ञापन संख्या-5256 दिनांक 17 अगस्त 2021 को आदेश निर्गत किया था कि स्नातक कला, स्नातक विज्ञान एवं प्रधानाध्यापक पदों पर पदोन्नति की यथा शीघ्र लागू करने का मांग किया है।

## सेवानिवृत शिक्षिका को दी गई भावभीनी विदाई

जहानाबाद। राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय में सेवानिवृत षिक्षिका कुमारी सुमिता सिन्हा को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान सचिव मोसाहेब शर्मा ने की एवं मंच का संचालन मध्य विद्यालय टेहटा के प्रधानाध्यापक अजय वर्मा ने की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कुमारी सुमिता सिन्हा के व्यक्तित्व एवं कर्मठता को अनुकरणीय बताया। सबने एक स्वर में उनके समयपालन, शैक्षणिक कार्य में तन्मयता, उनकी सभी सहकर्मी शिक्षकों से लगाव, विद्यार्थियों के प्रति मातृत्व प्रेम तथा शैक्षणिक गुणों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विदाई समारोह में शिवकिशोर शर्मा, रामेन्द्र शर्मा, श्रीधर सिंह, अमरेश कुमार, मो० असलम के अलावा बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थें।

## फुलवरिया में ससुराल आए युवक पर जानलेवा हमला, बुरी तरह से घायल

गोपालगंज, प्रात : किरण

- फुलवरिया में ससुराल आए युवक पर जानलेवा हमला, बुरी तरह से घायल
- घायल युवक ने पत्नी, ससुर, सास व साले के विरुद्ध दर्ज कराई शिकायत
- मामला थाना क्षेत्र के कोयलादेवा गांव का, पुलिस जांच में जुटी

जिले के थाना क्षेत्र के कोयलादेवा गांव में ससुराल करने पहुंचा दमाद पर ससुराल वालों ने जानलेवा हमला कर दिया। खून से लथपथ युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर इलाज हेतु स्थानीय मरछियां देवी रेफरल अस्पताल फुलवरिया पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज जारी है। घायल युवक सिवान जिला अंतर्गत मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा बाजार के पुरानी मुहल्ला निवासी नमी प्रसाद साह का पुत्र गणेश कुमार साह बताया गया है। घायल युवक गणेश कुमार साह ने कोयलादेवा गांव निवासी व अपने ससुर लालचंद साह, सास कृष्णावती देवी, पत्नी सविता देवी वह अपने साले बृजेश साह तथा छोटू साह के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उनके द्वारा आरोप लगाया गया है कि मैं जब अपने घर से आया तो ससुराल वालों ने घर में घुसने नहीं दे रहे थे। पूछने पर उक्त लोग भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडा से मुझे बेरहमी से पीटने लगे। इससे भी मन नहीं भरा तो मुझे किक्कर में घसीट कर जमकर पिटाई किये। इतना ही नहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने मेरे पॉकेट में रखे गए नगद 12 हजार रुपए जबरन चोरी की नियत से निकाल लिया। पुलिस लिखित शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## विधायक मद से निर्मित दो पथों का विधायक ने किया अनावरण

गडहनी, प्रात : किरण



नगर पंचायत गड़हनी के बिचली पट्टी में विधायक मनोज मंजिल ने विधायक निधि से गोवर्धन पहाड़ के चारो तरफ पीसीसी कार्य एवं गोवेर्धन पहाड़ से कब्रिस्तान के अंतिम छोर तक पीसीसी पथ का उद्घाटन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन राम छपित राम के द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह रास्ता सालों से जर्जर था लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।बरसात में स्थिति नारकीय हो जाती थी।करीब 30 फीट गड्ढा था, पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।इससे पूर्व में भी 14,86,500 रुपये की लागत से आंगनबाड़ी से गोवेर्धन पहाड़ तक सड़क बनाया गया था।अब गोवेर्धन पहाड़ से कब्रिस्तान के अंतिम छोर तक 1499300 रुपये की लागत से बनाया गया साथ ही गोवेर्धन पहाड़ के चारो तरफ 323300 रुपये की लागत से पीसीसी कार्य कराया गया।कुल 3309100 रुपये का काम कराया गया।सड़क बन जाने से किसानों, लोगों को कब्रिस्तान जाने, गोवर्धन पहाड़ जाने में काफी सहूलियत होगी।प्रमुख नेताओं में रामायण यादव, राम बाबू यादव, जफर आलम, आरवाईए नेता धनकिशोर रजक, हरिनारायण साव, सिक्का जी, अनीस जी, अरशद परवेज, विकास मल्होत्रा, उज्ज्वल भारती, सहित सैकड़ों जनता मौजूद रही।

## स्वराज विद्वान ने दसवीं में अब्बल आई आयुषी को किया सम्मानित

**उदवंतनगर, प्रातः किरण।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री स्वराज विद्वान ने प्रखंड क्षेत्र के छोटा सासाराम गांव का दौरा किया तथा कार्यकताओं से औपचारिक मुलाकात कर पार्टी के सांगठनिक ढांचे को और मजबूत करने पर बल दिया। स्वराज विद्वान ने सीबीएससी की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 93.80% अंक के साथ उतीर्ण होने वाली छोटा सासाराम की आयुषी कुमारी के घर अचानक पहुंच गई तथा आयुषी को सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत व लगन से व्यक्ति अपनी मनचाही मुकाम को पा सकता है। उन्होंने आयुषी के स्वर्णिम भविष्य की कामना किया।इस मौके पर अगिआंव विधानसभा के पूर्व विधायक शिवेश कुमार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री कौशल यादव, जिला महामंत्री श्रीभगवान सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र राम, मंडल अध्यक्ष श्री वीरेंद्र प्रसाद, विजेंद्र ठाकुर, ओमकार नाथ पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह, वीणा गुप्ता, विनोद दास, मनीष रोशन सहित अनेक गाँव एवं

## फुलवरिया हेलीपैड में जप्त शराब का हुआ विनष्टीकरण

- डीएसपी व सीओ की देखरेख में 2,766.21 शराब को जेसीबी से किया गया नष्ट
- कटेया, श्रीपुर व फुलवरिया थानों में जप्त शराबों को एक ही जगह पर हुई नष्ट

गोपालगंज, प्रातः किरण। जिले के फुलवरिया थाना के समीप हेलीपैड के मैदान में रविवार के अपराहन हथुआ एसडीपीओ नरेश कुमार व फुलवरिया अंचलाधिकारी श्यामसुंदर राय की देखरेख मे पुलिस की ओर से विभिन्न कांडों में जब्त देसी, विदेशी और महुआ शराब का विनष्टीकरण किया गया। हेलीपैड परिसर में जेसीबी की माध्यम से गड्ढा खोदकर शराब को बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया। डीएसपी नरेश कुमार ने बताया कि फुलवरिया श्रीपुर ओपी तथा कटेया थाना में जप्त देसी विदेशी शराब को विनष्टीकरण किया गया है. तीनों थानों में जप्त 2,766 लीटर शराब को नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि कटेया थाने में जप्त देसी व विदेशी शराबों में कुल 365 लीटर, श्रीपुर ओपी जप्त देसी व विदेशी शराबों में 1545 लीटर तथा फुलवरिया में जप्त देसी व विदेशी शराबों में 682 लीटर शराबों का विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष अशोक कुमार, श्रीपुर ओपी अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सहनी तथा उत्पाद विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों की देखरेख में तमाम शराब और डब्बे को नष्ट कर जलाकर जमीन के अंदर गड्ढे में ढक दिया।

## मानू परीक्षा के अंतिम दिन छात्रों ने लगाया पौधा

- गोपेश्वर कॉलेज, हथुआ में लगाएं गए पौधे
- परीक्षार्थियों ने पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प, पौधारोपण करते छात्र



गोपालगंज, प्रात : किरण

मौलाना आजाद नेशनल उर्दू युनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न विषयों की आयोजित परीक्षा रविवार को समाप्त हो गया। स्थानीय गोपेश्वर कॉलेज, हथुआ में परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों ने अंतिम दिन पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। कॉलेज प्रांगण में पर्यावरणविद् डॉ सत्य प्रकाश के साथ प्राचार्य डॉ जमालुद्दीन, मानू के परीक्षा प्रेक्षक डॉ मुबारक हुसैन, डॉ मनोज कुमार, डॉ सुबोध कुमार, मानू के केंद्र संचालक हिरामन कुमार सहित सभी परीक्षार्थियों ने एक एक पौधा लगाया। केंद्र के परीक्षा नियंत्रक सह प्राचार्य डॉ मो. जमालुद्दीन ने बताया कि परीक्षार्थियों ने परीक्षा की याद में कैंपस में फलदार, छायादार व अन्य फूल के पौधा लगाकर कैंपस को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। इस बाबत अन्य छात्रों ने भी पौधा लगाकर कैंपस को हरा भरा रखने, स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस सम्बन्ध में प्राचार्य ने बताया कि मौलाना आजाद नेशनल उर्दू युनिवर्सिटी द्वारा विभिन्न विषयों में पत्राचार माध्यम से पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है जिसका अध्ययन केंद्र गोपेश्वर कॉलेज को बनाया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर परीक्षार्थियों ने कॉलेज कैंपस में पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस सम्बन्ध में पर्यावरणविद् डॉ प्रकाश ने कहा कि पौधा ही हमारे जीवन को बचाने का रक्षा कवच है। कॉलेज को हराभरा रखने का प्रयास सराहनीय है। नामांकन के समय भी छात्रों द्वारा एक एक पौधा कैंपस में लगवाकर नामांकन लेने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इससे सभी लाभान्वित होंगे। इस मौके पर डॉ संतोष कुमार गुप्ता, डॉ आदित्य कुमार, जहां आरा, रबेया खातून, रवि रंजन कुमार, रोमन कुमारी, पूजा गुप्ता, प्रधान लिपिक मोतीलाल प्रसाद, नारद प्रसाद, कृष्णा, ईश्वर आदि सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों आदि ने भी पौधरोपण किया।

## पीएम मोदी ने किया देश की जनता को संबोधित किया



अरवल, प्रात : किरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता को संबोधित किया। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त के बीच घर पर तिरंगा फहराने की अपील की है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम के माध्यम से देश को संबोधित किया। यह इस कार्यक्रम का 91वां एपिसोड था। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इस बार ह्यमन की बातह्ल बहुत खास है। इसका कारण है इस बार का स्वतंत्रता दिवस। जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे करेगा। हम सभी बहुत अद्भुत और ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे। ईश्वर ने ये हमें बहुत बड़ा सौभाग्य दिया है।पीएम ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव में हो रहे इन सारे आयोजनों का सबसे बड़ा सन्देश यही है कि हम सभी देशवासी अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा से पालन करें। तभी हम उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों का सपना पूरा कर पायेंगे। उनके सपनों का भारत बना पाएंगे। इसीलिए हमारे अगले 25 साल का ये अमृतकाल हर देशवासी के लिए कर्तव्यकाल की तरह है। हमारे वीर सेनानी हमें ये जिम्मेदारी देकर गए हैं और हमें इसे पूरी तरह निभाना है। इस मौके पर नीरज कुमार, कन्हैया कुमार, उमेश कुमार सिंह, अकाश सिंह, गुड्डू सिंह, शशिकांत सिंह अभिषेक कुमार, सतीश कुमार, राकेश कुमार, निर्मल यादव, रौशन कुमार यादि उपस्थित थे।

# भाजपा से लड़ने की क्षमता किसी राष्ट्रीय दल में नहीं बची : जेपी नड्डा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी के 16 कार्यालयों का उद्घाटन और 7 कार्यालयों का किया शिलान्यास

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि देश में भाजपा से लड़ने की क्षमता किसी राष्ट्रीय दल में नहीं बची है। अब कोई राष्ट्रीय पार्टी इस स्थिति में नहीं रही जो भाजपा को मात दे सके। कांग्रेस अब राज्यो से भी उखड़ रही है। बिहार के विभिन्न जिलों में भाजपा के 16 कार्यालयों का उद्घाटन और 7 कार्यालयों का शिलान्यास करते हुए नड्डा ने ये बातें कही। जेपी नड्डा ने पटना में ऐलान कर दिया कि विचारों को त्यागने वाले राजनीतिक दलों का खात्मा हो जायेगा। रहेगी तो सिर्फ बीजेपी। बिहार में राजद सहित देश के अन्य क्षेत्रीय दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बिहार प्रजातंत्र की धरती है। यहां परिवारवाद के खिलाफ सिर्फ भाजपा ही लड़ सकती है। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी पारिवारिक पार्टी है, बिहार में राजद से हम लड़ रहे हैं जो एक परिवार की पार्टी है। ओडिशा में नवीन बाबू की पार्टी एक व्यक्ति की पार्टी है। महाराष्ट्र में शिवसेना जो अब समाप्ति की ओर है वह भी एक परिवार की पार्टी है। इसी तरह कांग्रेस भाई बहन की पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा वैचारिक पृष्ठभूमि वाली राजनीतिक पार्टी है। आज अनेक लोग जो दो से तीन दशकों तक दूसरी पार्टियों में रहें, वो अपनी पार्टियां छोड़कर भाजपा में सम्मिलित हो रहे हैं। इन सभी को समझ में आ गया है कि कार्य करते हुए देश को परिवर्तित करने का उपकरण है तो वो भाजपा है। दक्षिण भारत में भाजपा के विस्तार की योजना पर नड्डा ने कहा कि विचार के आधार पर हम दक्षिण के राज्यो में भी कमल खिलाएंगे। बिहार के जिलों में भाजपा कार्यालयों के उद्घाटन और शिलान्यास पर उन्होंने कहा कि हमारे कार्यालय पावर जेनरेट करने के सेंटर बन गए हैं। लड़ाई कमिटमेंट से होती है, कमिटमेंट से ताकत पैदा होती है। पटना आगमन पर शनिवार को नड्डा ने अपने लिए हुए भव्य स्वागत का जिक्र करते हुए कहा कि कल की यात्रा यह बताती हैं कि भाजपा की ताकत कैसे बढ रही है। भाजपा आम जनता से जुड़ी हुई पार्टी है. बीजेपी विकास का पर्यायवाची है। उन्होंने भाजपा की बढती स्वीकार्यता का दावा करते हुए कहा कि अब एक देश में एक निशान एक विधान है। उन्होंने कहा, हमलोग कार्यालय बोलते हैं आफिस नहीं, कार्यालय संस्कार का केंद्र होता है। कार्यालय संस्कार का जीता जागता उदाहरण है। कार्यालय आकर लोग संस्कार सीखते हैं। भाजपा अपने कार्यकताओं को संस्कार सिखाती है। कार्यालय में बैठने से एक साथ काम करने का संस्कार मिलता है। कार्यालय संस्कार देने का केंद्र है। नड्डा ने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जिनके पास विचार नहीं वे या तो समाप्त हो गए या फिर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम लोग वैचारिक पृष्ठभूमि के साथ खड़े हैं। अगर हमारे पास विचार नहीं होता तो हम इतनी बड़ी लड़ाई नहीं लड़ते। सब लोग मिट गए, समाप्त हो गए। जो नहीं मिटे हैं वह मिट जाएंगे। रहेगी तो सिर्फ बीजेपी रहेगी।

# भाजपा सरकार ने बिहार को बेरोजगारों वाला राज्य बना दिया : तेजस्वी यादव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- कहा- बिहार को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए समाजवादी सरकार की जरूरत

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। तेजस्वी ने रविवार को बयान जारी कर आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राजनीति के कारण के बिहार का वर्तमान और भविष्य बर्बाद हो रहा है। भाजपा को महसूस नहीं होता कि आठ वर्षों में उनकी जनविरोधी, सांप्रदायिक एवं पूंजीपरस्त नीतियों के चलते नफरत, भेदभाव, गरीबी, पलायन और बेरोजगारी बढ़ी है? राजद नेता ने कहा कि 15 लाख रुपये हर भारतीय के खाते में एवं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा करके 2014 में सत्ता में आई भाजपा सरकार ने बिहार को बेरोजगारों वाला राज्य बना दिया। दो करोड़ सालाना नौकरियों की वादाखिलाफी के बावजूद इन्होंने 2020 में बिहार के युवाओं को 19 लाख नौकरियों का वादा किया और फिर विश्वासघात किया। इससे भी पेट नहीं भरा तो सेना भर्ती में अग्निपथ योजना लागू कर युवाओं के सपनों को पुनः ध्वस्त किया। 17 साल से बिहार की सत्ता में बैठे संघ-भाजपा के लोग अब अपने ही कार्यों पर अंगुली उठा रहे हैं। इसका अर्थ है कि इन्होंने खजाने की लूटपाट की और अब अपने ही कामों से संतुष्ट नहीं हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि आठ वर्षों से डबल इंजन सरकार होने के बावजूद बिहार फिसड्डी क्यों है? यह दशार्ता है कि डबल इंजन सरकार का इंजन कबाड़ हो चुका है। केंद्र के बड़े नेता बताए कि एनडीए को 40 में से 39 सांसद देने वाले बिहार के साथ सौतेला व्यवहार क्यों हो रहा है? बिहार के लिए ना कोई प्रगतिशील सोच है, ना दूरदर्शिता है और ना संकल्प! तेजस्वी ने कहा कि बिहार को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए अंबेडकर, लोहिया, कपूरी और गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाली युवा और प्रगतिशील विचारों वाली समाजवादी सरकार की जरूरत बताई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अगर बिहार केंद्र सरकार के अधीन एजेन्सियों के हर पैमाने व सूचकांक में पीछे है तो उसमें सुधार के लिए उसी अनुपात में विकास राशि आवंटित क्यों नहीं की जाती जबकि बिहार से जनसंख्या में कम एवं आर्थिक, सामाजिक व सामरिक दृष्टि से कम महत्वपूर्ण राज्यों को अधिक विकास राशि दी जाती है? बिहारवासियों के अंदर अंधकारमय दिख रहे भविष्य के प्रति घोर असंतोष और आक्रोश की भावना है। जो सरकार और नेता 100 वर्ष पुरानी बिहार की गौरवशाली पटना यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा नहीं दे सकते वो बिहार और बिहारवासियों का क्या विकास करेंगे? 8 वर्षों से केंद्र और राज्य में भाजपा गठबंधन की डबल इंजन सरकार होने के बावजूद सत्तत विकास के हर सूचकांक में बिहार फिसड्डी क्यों है? आम नागरिकों के जीवन में गुणात्मक सुधार को नापने वाली किसी भी राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय सूचकांक व रिपोर्ट में बिहार का पिछलग्गू व फिसड्डी होना दशार्ता है कि तथाकथित केंद्र की डबल इंजन सरकार का इंजन बिना ईंधन गैरेज में खड़ा कबाड़ हो चुका है तथा प्रदेश के विकास को बेपटरी कर दिया है।

## लोजपा (रा) जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाएगी



पटना। लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के अध्यक्षता में आज पटना स्थित श्रीकृष्णापुरी प्रदेश कार्यालय में प्रवक्ताओं की बैठक हुई। जिसमें पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निर्देश पर प्रदेश में उत्पन्न विभिन्न महत्वपूर्ण स्थितियों के अलावा जनसमस्याओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया।

श्री मिश्रा ने बताया कि लोजपा (रा) विपक्ष की सकारात्मक भूमिका निभाने के प्रति वचनबद्ध है। इस बैठक में मुख्य रूप से मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट सहित सभी प्रवक्ताओं एवं मीडिया प्रभारी मौजूद थे। इस आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कई जिलों में बारिश वज्रपात को लेकर अलर्ट



पटना। प्रदेश के कई जिलों में जोरदार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने तीन अगस्त तक बिहार में कहीं भारी तो कहीं हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। रविवार को सूबे के समस्तीपुर, वैशाली और पटना में शाम तक मेघ गर्जन और वज्रपात का अलर्ट है। इस दौरान बारिश होने की भी पूरी संभावना है। मानसून ट्रफ अभी मुजफ्फरपुर से होकर गुजर रहा है, इस वजह से बारिश का सिस्टम सूबे में बना हुआ है। साथ ही पुरवा और दक्षिण पुरवा हवा का प्रभाव है। गौरतलब है कि पटना व इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों में अच्छी बारिश हुई है। तीन दिन पहले बिहटा में भारी बारिश हुई थी, जबकि दो दिन पहले विक्रम में भारी बारिश दर्ज की गई थी। शुक्रवार से शनिवार सुबह तक 58 मिमी बारिश हुई। शनिवार को दिन में तीखी धूप के बाद दानापुर के आसपास के इलाके में बूंदाबांदी हुई। एयरपोर्ट के आसपास भी बूंदाबांदी से उमस रही। देर शाम राजधानी के कुछ हिस्सों में 10 से 15 मिनट तक तेज बारिश हुई। पटना जिले में एक जून से 30 जुलाई तक 439.1 मिमी बारिश होनी चाहिये थी, जबकि 292.3 मिमी ही बारिश हुई है।

### रालोजपा ने सुधीर ओझा को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने दल विरोधी कार्य एवं अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी के प्रदेश महासचिव सुधीर कुमार ओझा को प्राथमिक सदस्यता के साथ पार्टी के सभी पदों से तत्काल प्रभाव से मुक्त करते हुए 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इसकी जानकारी प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चंद्रवंशी ने दी।

### समीर कुमार महासेठ बने पटना फुटबॉल संघ के चेयरमैन

पटना। फुटबॉल संघ का चुनाव रविवार को आर ब्लॉक के समीप आम्रपाली वैंक्वेट में संपन्न हो गया। बिहार फुटबॉल संघ के पर्यवेक्षक रवींद्र प्रसाद सिंह और निर्वाचन पदाधिकारी डॉ पीके चौधरी के समक्ष संपन्न इस चुनाव के द्वारा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मतदान द्वारा चयनित पदाधिकारी में समीर कुमार महासेठ निर्विरोध चेयरमैन चुने गए हैं। अध्यक्ष रामईश्वर प्रसाद उर्फ साधू गोप बनाये गए हैं। कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव और उपाध्यक्ष सुनील कुमार, अलाउद्दीन अंसारी, श्याम बाबू राय, शिवशंकर यादव, रविशंकर कुमार चुने गए हैं। इसके अलावा सचिव और संयुक्त सचिव समेत कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव भी किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रमेश कुमार शर्मा (निर्विरोध, लाइफ मेंबर), सूर्यकांत, तपन कुमार साहा, संजय दयाल, नरेश पासवान चुने गए हैं।

## जदयू ने चार जिलों में नए अध्यक्ष नियुक्त किए

- उमेश कुशवाहा ने किया मनोनित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

संगठन को ज्यादा सशक्त बनाने के लिए जनता दल यूनाइटेड एक के बाद एक फैसले कर रही है। प्रदेश नेतृत्व ने आज चार जिलों में नए जिला अध्यक्षों की तैनाती की है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने जो आदेश जारी किया है उसके मुताबिक बक्सर, कैमूर, अरवल और पूर्वी चंपारण जिले में जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। जेडीयू के चार नए जिला अध्यक्षों में मंजू देवी को पूर्वी चंपारण, अशोक सिंह को बक्सर, डॉ.प्रमोद कुमार सिंह को कैमूर जबकि रामकिशोर शर्मा को अरवल का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में किया विरोध प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और अन्य मांगों पर केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में आज सरदार उधम सिंह के शहादत दिवस पर देशभर में विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्रम में अखिल भारतीय किसान संघर्ष समन्वय समिति से जुड़े किसान संगठनों द्वारा पटना के जीपीओ गोलंबर से बुद्ध स्मृति पार्क तक एक प्रतिवाद मार्च निकाला गया और बुद्ध स्मृति पार्क फ्रेजर रोड पटना के सामने एक सभा का आयोजन किया गया। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में किसान संगठनों के अलावा विभिन्न ट्रेड यूनियन एवं जन संगठनों के प्रतिनिधि और आम नागरिक भी शामिल हुए। किसान नेताओं ने बिहार के किसानों और नागरिकों के मुद्दों को दृढ़तापूर्वक उठाया और किसान आंदोलन की छह मांगों के अलावा बिहार के किसानों की भी निम्नलिखित मांगें केन्द्र और राज्य सरकार के सामने रखी। इस कार्यक्रम में एआईकेएमकेएस के नन्द किशोर सिंह, अखिल भारतीय किसान महासभा के उमेश सिंह, राजेंद्र पटेल और केडी यादव, अविनाश पासवान, सीटू के प्रांतीय महासचिव गणेश शंकर सिंह, अखिल भारतीय किसान सभा के सोना लाल प्रसाद, मनोज चंद्रवंशी, गोपाल शर्मा, राम दयाल प्रसाद और राम नारायण प्रसाद, जय किसान आंदोलन के ऋषि आनंद और अनूप सिन्हा, भाकियू के हेमंत कुमार, एनएपीएम के उदयनचन्द्र राय, प्रगतिशील किसान मोर्चा के बालगोविंद सिंह, किसान मजदूर नौजवान मोर्चा के कल्लू सिंह और सच्चिदानन्द पंडित, राष्ट्रीय किसान मोर्चा के वीवी सिंह, जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी के मणिलाल आदि शरीक हुए। सभा की अध्यक्षता साथी सोना लाल प्रसाद ने की।

### किसानों की मुख्य मांगे :

सभी कृषि उपजों के लिए स्वामीनाथन आयोग के आधार पर व्यापक लागत का डेढ़ गुना एमएसपी की कानूनी गारंटी दो। विभिन्न राज्यों में आन्दोलनकारी किसानों और उनके समर्थकों पर लगाए गए फर्जी मुकदमों को वापस लो। लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता अजय मिश्रा टेनी को केंद्रीय मंत्रिमंडल से बर्खास्त करो और गिरफ्तार करो। किसान आंदोलन के शहीदों के परिजनों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था करो और शहीदों के लिए एक स्मारक बनाने के लिए भूमि का आवंटन करो। विद्युत संशोधन विधेयक 2020/2021 को वापस लो। दिल्ली वायु गुणवत्ता विनियमन आयोग के गठन से सम्बंधित कानून की धारा 15 को हटाओ। तेल और ईंधन के दामों को कम करो। अनाज पर कर वापस लो। बिहार में एपीएमसी कृषि मंडी पुनः बहाल करो। बिहार को सूखा-ग्रस्त क्षेत्र घोषित करो। फसल की क्षति का सामना कर रहे किसानों को समुचित मुआवजा दो।

## कुशवाहा विकास परिषद का मासिक बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- मुन्ना कुशवाहा को किया गया सम्मानित

पटना। कुशवाहा विकास परिषद का मासिक बैठक नौबतपुर में आयोजित किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष यदुनंदन प्रसाद सिंह ने किया जबकि आगत अतिथियों का स्वागत राज देव एवं अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस बैठक में बिहार राज्य कॉलेज सेवा आयोग से असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित डॉ आचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबुद्ध समाज सेवी राम पुकार मलिक ने श्री कुशवाहा को आयोग द्वारा चयनित होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि आज समाज में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने घरों में बच्चों को प्रेरित करना चाहिए.देखा जा रहा है कि जल्दी नौकरी प्राप्त करने के चक्कर में लोग उच्च शिक्षा से विमुख हो रहे हैं। आज श्री मुन्ना जी उच्च शिक्षा प्राप्त किया था जिसका परिणाम हुआ कि आज वे प्रोफेसर हो गए। इनके चयन पर समाज के युवाओं में एक अच्छा संदेश गया है। मौके पर उपस्थित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्ध लोगों ने श्री कुशवाहा को बधाई दिया। जिसमें अरुण वर्मा, डॉ कृपा नारायण सिंह, सत्येंद्र सिंह, बालधर प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार उर्फ कवि जी, वीरेंद्र प्रसाद वर्मा, कंचन कुमार, चंद्रिका महतो, सिद्धेश्वर प्रसाद, विजय वर्मा, प्रेमचंद वर्मा, राम नगीना सिंह उपस्थित थे।

# सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रही केंद्र सरकार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- जन अधिकार युवा परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बोले पप्पू यादव
- युवा परिषद सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ करेगी ग्रामीण स्तर तक आंदोलन : राजू दानवीर

राजधानी पटना के अदिति कम्युनिटी सेंटर में आज जनअधिकार युवा परिषद की राज्य कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हो गई, जिसमें जाप राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि देश के हलाता ठीक नहीं हैं। रुपया लगातार गिरता जा रहा हैं। महंगाई और बेरोजगारी से देश की आम जनता परेशान हैं। लोगों को महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर रही हैं। झूठ की खेती कर केंद्र सरकार ईडी का इस्माल कर लोकतंत्र का खात्मा करना चाहती हैं। विपक्ष के नेताओं को ईडी और सीबीआई के माध्यम से डराया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार काला धन लाने की बात कर सत्ता में आई थी, वो आज अपने मित्रों के हाथों देश की एक - एक संपत्ति बेचने में लगी है। इसलिए जन अधिकार पार्टी देश और लोकतंत्र को बचाने ने लिए कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। पप्पू यादव ने बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आज पटना में देशभर के जुमलेबाज नेता पटना पहुंचे हैं। नड्डा जी के रोड शो में 100 करोड़ से ज्यादा रुपये खर्च किए गए है। जनता का करोड़ों रूपया पानी की तरह बहाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि केवल पटना में 25 करोड़ का झंडा लगाया गया है। बिहार के लोगों को इन जुमलेबाजों के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए और अग्निवीर को वापस लेने के साथ साथ बिहार को विशेष राज्य घोषित करने की लड़ाई लड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि नड्डा का रोड शो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को डराने के लिए था। भाजपा बिहार में एकाधिकार चाहती है। वहीं, मुख्य विपक्ष पहले से ही भाजपा के समझ सरेंडर है। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में भाजपा का मंसूबा कभी कामयाब नहीं होने वाला है। वहीं, युवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजू दानवीर ने कहा कि आज युवा परिषद के कार्यकारिणी की बैठक में सभी पदाधिकारियों ने बिहार में बदलाव के लिए संकल्पित किया। युवा परिषद के सदस्य केंद्र और राज्य की जनविरोधी नीतियां के खिलाफ गांव गांव जाकर आंदोलन करेंगे। युवा परिषद के राज्य कार्यकारिणी की बैठक को जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राघवेन्द्र कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव प्रेमचन्द सिंह, राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक भाई दिनेश, राष्ट्रीय महासचिव राजेश रंजन पप्पू, महासचिव अरूण सिंह, बबन यादव, छात्र प्रदेश अध्यक्ष रौशन शर्मा, रघुपति यादव, डॉक्टर नीतीश, विकास कुमार, सरोज सहित सैकड़ों नेता मौजूद थे।

# बुद्ध स्मृति पार्क से गांधी मैदान तक निकली यात्रा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- भाजपा संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के दूसरे दिन भी भाजपा का शक्ति प्रदर्शन
- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झंडा दिखाकर शोभा यात्रा का किया रवाना

भाजपा संयुक्त मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक के दूसरे दिन रविवार को पटना में शोभा यात्रा निकाला गया। यह शोभा यात्रा बुद्ध स्मृति पार्क से गांधी मैदान तक गया और यही समाप्त हुआ। इस शोभा यात्रा की शुरूआत बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झंडी दिखा कर की। आज अमित शाह के आने से पहले सुबह पटना की सड़कों पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के तरफ से शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सभी संयुक्त मोर्चा के 750 सदस्यों ने अपने राज्य के परंपरा के अनुसार भेष भूषा में शोभायात्रा निकाली। हाथ में तिरंगा और भारत माता की जय के नारे के साथ यह यात्रा निकाली गई। बुद्ध स्मृति पार्क से गांधी मैदान तक यात्रा निकाली गई। भीड़ इतनी थी की सड़क पर सिर्फ बीजेपी का झंडा ही दिख रहा था। बीजेपी के कार्यकर्ता और नेता भी काफी उत्साहित दिखे। यह कार्यक्रम 7 बजे होना था। लेकिन सुबह से बारिश होने लगी जिसके चलते व्यवस्था बनाने में थोड़ा समय लगा। फिर सभी नेताओं के आने पर यह कार्यक्रम 8 बजे से शुरू हो सका। भारतीय जनता पार्टी के सभी 7 मोर्चों- किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, युवा मोर्चा, ओबीसी मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा ने विभिन्न झाकियों के माध्यम से अपने प्रतीक को दशार्ने की कोशिश इस यात्रा में की। दरअसल, मिशन बिहार के लिए भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह तैयार दिख रही है। पटना में बीजेपी के बड़े नेताओं के आगमन से यह साफ हो गया है कि बीजेपी आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। मालूम हो कि पटना में बीजेपी के सात राष्ट्रीय मोर्चा की दो दिवसीय संयुक्त सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। शोभा यात्रा के दौरान बीजेपी के अलग अलग मोर्चा ने झांकी के जरिए संदेश दिया। शोभा यात्रा का अवलोकन करने के बाद जेपी नड्डा तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे और मत्था टेका। बता दें कि बीजेपी के सभी सात मोर्चों के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश भर से लगभग बीजेपी के 750 नेता पटना पहुंचे हैं जो यहां के ज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इन सभी नेताओं के साथ बिहार बीजेपी के भी कई नेता बैठक में उपस्थित रहे। शनिवार को बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बीजेपी के नेताओं को कई नए टास्क दिये और देश भर में परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही। अपने संबोधन में नड्डा के द्वारा देश भर में तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ मुहिम चलाने की बात कही गई। नड्डा ने कहा कि बीजेपी परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर आगे नहीं जाना चाहती है। बीजेपी अपने सिद्धांतों और कार्यकताओं की बदौलत आगे बढ़ी है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी तीन प्रतिशत से 38 प्रतिशत तक पहुंची और नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में बीजेपी की सरकार बनी है। बैठक की जानकारी देते हुए बैठक डी पुंदेश्वरी ने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर देश भर के 20 करोड़ घरों पर तिरंगा लहराया जाएगा। बीजेपी के कार्यकर्ता इस पर काम कर रहे हैं। वहीं, सभी मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में अलग-अलग मुद्दों पर हुई चर्चा की जानकारी देते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह चड्डा ने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि देश की सुरक्षा में अशांति फैलाने वाले पारिवारिक दलों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। बीजेपी के नेता विकास के आधार पर देश भर में यह अभियान चलाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे सरकार के कार्यक्रम को सभी मोर्चा के नेता जन-जन तक पहुंचाएंगे।

**बैठक** जदयू कार्यालय में हुई तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की बैठक

# नीतीश ने जो कार्य किया वह मील का पत्थर : उपेंद्र कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- पार्टी की नीतियों एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : उमेश कुशवाहा

जदयू की विचारधारा को मजबूती से सरजमीं पर उतारने एवं संगठन को सशक्त बनाने के लिए तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की प्रथम बैठक रविवार को प्रदेश मुख्यालय स्थित जननायक कपूरी सभागार में हुई। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई रामचरित्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा उपस्थिति थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा की जदयू पार्टी का गठन ही कपूरी की विशेष विचारधारा को लेकर हुआ है। देश में विकास के नाम पर चाहे कोई भी राजनीति करे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी समुदाय के लिए जो कार्य किया है वह मील का पत्थर है और इसे तकनीकी एवम श्रम प्रकोष्ठ के लोगों से ज्यादा कौन समझ सकता है। सड़क, पुल, पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा हर क्षेत्र में बिहार 17 वर्ष पूर्व कहाँ था आज कहां है। मुख्यमंत्री ने बिहारियों का पुराना गौरव और स्वाभिमान वापस लौटाने का कार्य किया है। हमारे सामने बहुत बड़ी चुनौती है, हम नीतीश कुमार के कामों को घर घर तक पहुंचाने का संकल्प लें।

प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रकोष्ठ के सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांव-गांव पहुंच कर लोगों को पार्टी की नीतियों एवं सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को प्रदेश स्तर पर भेजें। साथ ही उन्हें यह विश्वास दिलाएं की सरकार उनके सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगी एवं उनके शिकायतों व समस्याओं को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। इससे लोगों का जनता दल यूनाइटेड के साथ जुड़ाव बढ़ेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आम लोगों की समस्या के संधान हेतु राज्य सरकार के मंत्री प्रत्येक मंगलवार से शुक्रवार तक पार्टी कार्यालय में बैठते हैं। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लगातार सम्पूर्ण समाज के उत्थान और न्याय के साथ समावेशी विकास के लिए काम हो रहा है। सभी वर्ग के लिए योजनायें चलायी गयी हैं। आवश्यकता है तो सिर्फ यह कि गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाए। हमारे नेता नीतीश कुमार पर आज तक कोई दाग नहीं है और देश में इनके व्यक्तित्व के समान कोई नेता नहीं है। आप पर संगठन ने विश्वास व्यक्त किया है अब आपको उसपर खरा उतरना है। राष्ट्रीय सचिव सह विधान पार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह, पार्टी के मुख्यालय प्रभारी उपाध्यक्ष डॉ नवीन आर्या चंद्रवंशी, महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह, सुनील कुमार व लोक प्रकाश सिंह, सचिव मनीष कुमार व वासुदेव कुशवाहा, ई नागमणी कुशवाहा, ई अशोक कुमार, बिरेंद्र कुमार, राधा पटेल, किरण, वन्दना सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के कार्यक्रमों की सफलता से डरे तेजस्वी यादव : मनोज शर्मा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने कहा कि भाजपा की संयुक्त मोर्चो की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक अभूतपूर्व रूप से सफल हुई। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रोड शो ऐतिहासिक रहा था। लगातार भाजपा के इन सफल कार्यक्रमो को देख रहे विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भयभीत हो गए है। उन्हें डर सता रहा है कि जिस तरह भाजपा ने पटना के साथ साथ पूरे बिहार में कार्यक्रम कराया और इसका रिस्पॉन्स शानदार रहा, ऐसे में तेजस्वी यादव डर लग रहा है आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव और 2025 विधानसभा चुनाव में भाजपा के आंधी उड़ जाएंगे। तेजस्वी यादव ऐसे ही नही डरें है। देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा के नेतृत्व में जिस तरह से भाजपा के सभी मोर्चो में उत्साह दिखा है, सभी मोर्चे जमीन स्तर पर अपने काम को कर रहे है, ऐसे में तेजस्वी यादव को लग रहा है कि जो झूठ की खेती करके चुनाव में थोड़ी बहुत सफलता पाई उसका पोल खुल जायेगा। तेजस्वी यादव बताएं उनके परिवार की जब सरकार थी और केंद्र में भी उनकी सपोर्ट की सरकार थी तो बिहार के लिए क्या किया? आज बिहार में डबल इंजन की सरकार है। बिहार में सड़कों का जाल बिछा, हर घर बिजली दी गई, देश मे इज्जत घर बनाये गए, उज्ज्वला योजना से गैस दिए, आयुष्मान से स्वास्थ्य की सुरक्षा, अन्न धन योजना, हर घर नल जल, किसान क्रेडिट कार्ड, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा सहित सैकड़ो योजना बिहार और केंद्र सरकार की मदद से चल रही है। तेजस्वी यादव जी, हमारी विचारधारा, जिसकी उत्पत्ति श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक मजबूत देश, मजबूत राष्ट्र की कल्पना को लेकर हुई। तो वैचारिक पृष्ठभूमि पर दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानववाद का है। आप जैसे लोग परिवारवाद से जन्मे और परिवार के लिए समाप्त होने वाले लोग है। लालू परिवार की प्राथमिकता में कभी राष्ट्र और बिहार नहीं रहा है।

## राष्ट्रीय मोर्चा ने 200 विधानसभा क्षेत्रों का फीडबैक पार्टी को सौंपा

पटना। भाजपा के सात राष्ट्रीय मोर्चा के पदाधिकारियों ने बिहार के 200 विधानसभा क्षेत्रों का फीडबैक पार्टी को सौंप दिया। अब इसके आधार पर पार्टी आगे की रणनीति तय करेगी। पार्टी ने जदयू की 43 सीटों को छोड़कर अन्य विधानसभा क्षेत्रों में दो दिवसीय कार्यक्रम चलाया। इनमें जनसंवाद से लेकर अन्य संगठनात्मक कार्य किये गये। अशोक कन्वेंशन सेंटर के ज्ञान भवन में आयोजित इन मोर्चों की बैठक में पार्टी ने अपनी भावी रणनीति स्पष्ट की। विधानसभा क्षेत्रों के फीडबैक के आधार पर पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों की रूपरेखा भी तैयार करेगी। पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री डी पूणड़ेश्वरी व अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने बताया कि सभी मोर्चा के 371 पदाधिकारी प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों में 1834 संगठनात्मक कार्यक्रम के बाद शनिवार को पटना लौटे हैं। उन्होंने वहां अपने- अपने कार्यक्रमों से प्राप्त जानकारी पार्टी को दी है। हम इसके आधार पर आगे की कार्रवाई करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### ताजपुर पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

मोरवा, समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर थाना अंतर्गत चकसिकंदर पंचायत से ताजपुर थाने की पुलिस ने एक पुराने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं जिसकी पहचान चकसिकंदर पंचायत के निवासी सुधीर सहनी के पुत्र अजय साहनी के रूप में की गई है। वहीं बताया गया कि यह पुराने शराब कांड का अभियुक्त है। इसे ताजपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### अरविंद हत्याकांड की प्राथमिकी दर्ज

सरायरंजन। अरविंद हत्याकांड में अरविंद के पिता नरेश राय मुसरीघरारी थाना में आवेदन देकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि लूटपाट के नियत से उनके पुत्र अरविंद कुमार की अपराधियों ने हत्या की है। थानाधक्ष पंकज कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आवेदन के आधार पर ही छापेमारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### नशेड़ी युवक गिरफ्तार

सरायरंजन। सरायरंजन थाना क्षेत्र के सरायरंजन से पुलिस ने रविवार की सुबह एक नशेड़ी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान ताजपुर थाना क्षेत्र के चकसिकंदर निवासी सुधीर कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार युवक की मेडिकल जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में समस्तीपुर भेज दिया गया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

सरायरंजन। मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के अकलू चौक के निकट एनएच 28 पर शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक की पहचान बेगूसराय जिला के फुलवरिया थाना क्षेत्र के सोखडारा निवासी सरोवर पोदार के पुत्र जगदीप कुमार (27) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक चालक ताजपुर से मुसरीघरारी की ओर बाइक से आ रहा था। इसी दौरान अकलू चौक के निकट एनएच 28 पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन करते हुए पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर थाने पर ले आए। साथ ही परिजन को भी घटना की जानकारी दे दी गई थी।

### पूर्व प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को किया गया विदाई।

कलेर। प्रखंड के पंचायती राज पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति विकास कुमार के पदस्थापन पर प्रखंड कार्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूनिस सलीम, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार, जिला पंचायत संसाधन केंद्र के कर्मी अवकाश कुमार, कार्यपालक सहायक रणधीर मिश्रा सहित सभी कार्यालय कर्मी एवम जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कर्मियों एव उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्थानांतरित अधिकारी को अंगवस्त्र व उपहार प्रदान कर विदाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना भी की। इस अवसर पर बीडीओ ने स्थानांतरित हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विकास कुमार के कार्यो व उनके व्यवहार की जमकर सराहना की।

# दलसिंहसराय-बिशनपुर पथ की जर्जर स्थिति को लेकर किया सड़क जाम

## अंतिम सोमवारी से पहले कवांरियो को चलने लायक बना देने की आश्वासन पर खत्म हुआ जाम

उजियारपुर, प्रात: किरण संवाददाता




उजियारपुर प्रखंड के महिसारी महावीर चौक पर रविवार को दलसिंहसराय बिशनपुर सड़क की जर्जर हालत पर ग्रामीणों एवं कावरिया सेवा दल उजियारपुर के सदस्यो का गुस्सा फूट पड़ा। और देखते ही देखते 11 बजे दिन से सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करने लगे।

इससे सड़क के दोनो ओर जाम में फंसी छोटी बड़ी वाहनों में बैठे दर्जनों यात्री चिलचिलाती धूप में प्यास से परेशान होते रहे। हालांकि उजियारपुर बीडीओ के सूचना पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता उदयशंकर सिंह द्वारा अंतिम सोमवारी से पहले कवांरियों के चलने लायक बना देने एवं वर्ष 2023 तक निर्माण पूर्ण कर देने का आश्वासन पर लगभग दो घंटा बाद यानी 1 बजे अपराह्न में सड़क जाम समाप्त हो गया। बताते चले की उक्त सड़क का चौड़ीकरण योजना के तहत निर्माण करा रही एजेंसी (ठिकेदार) ने दो वर्ष पूर्व से ही सड़क को खोद दिया। इसके बाद से कछुआ की चाल से उसमें कार्य शुरू किया है।

इसके चलते दलसिंहसराय से बिशनपुर के बीच में लंबी दूरी में सड़क पर बड़ा पानी भरा गढ्ढा एवं नुकीले पत्थर निकल आने से चलना दुभर हो गया है। मालूम हो की उक्त पथ पर विगत कई वर्षो से अंतिम सोमवारी में बेगूसराय के झमटिया से गंगा जल लेकर समस्तीपुर के थानेश्वर स्थान में जलार्पण करने वाले हजारों श्रद्धालु की कठिनाई को लेकर कवांरिया सेवा दल उजियारपुर के सदस्य एवं ग्रामीण का सड़क निर्माण एजेंसी के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा था। मौके पर बीडीओ डॉ भृगुनाथ सिंह, महिसारी के मुखिया श्रवण पासवान, जिला परिषद सदस्य अरुण कुमार सिंह, अर्जुन सहनी, राम पुनीत राय, नवीन कुमार सहनी, उजियारपुर एसएचओ अनिल कुमार के सदलबल उपस्थित थे।

# प्रतिरोध मार्च व प्रदर्शन की सफलता को लेकर बैठक आयोजित



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व अग्निपथ स्कीम के विरोध में आगामी सात अगस्त को क्रांति दिवस पर आयोजित प्रतिरोध मार्च व प्रदर्शन की सफलता को लेकर समस्तीपुर शहर के धरमपुर स्थित विधायक आवास पर एक बैठक आयोजित हुई।

अध्यक्षता स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन तथा संचालन जिला राजद सचिव राकेश यादव ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। यह भी कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। आए दिन लूट, छिनतई, अपहरण, दुष्कर्म की घटनाएं घट रही है। किसानों को उर्वरक नहीं मिल रहा है। डबल इंजन की सरकार में मंहगाई एवं बेरोजगारी से आवाम त्रस्त है। पेट्रोल-डीजल, गैस सिलेंडर, यूरिया खाद एवं खाद्य पदार्थो में मंहगाई चरम पर पहुंच गया है। ग्रेजुएट युवा पकोड़े तलने पर मजबूर हैं। डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर विफल है।

# विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय चक फतेहगंज में पूर्व प्रधानाध्यापक श्री राम आशीष बाबू का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता संकुल संचालक श्री अरुण कुमार ठाकुर एवं संचालन निवर्तमान संकुल समन्वयक सह प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार ने की।

सम्मान समारोह में पूर्व प्रधानाध्यापक शंकर महतो, देव नारायण चौधरी, अरुण कुमार ठाकुर, मनोज कुमार चौधरी एवं पंचायत के उप मुखिया सह विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्षा रानी कुमारी को चादर एवं पाग से विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिवनाथ ठाकुर, सुभाष कुमार, अफरोज आलम अंसारी, भुनेश्वर पंडित ने अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर सुमन कुमारी, रंजू कुमारी, निरंजन कुमार चौधरी, रामाश्रय महतो, विनोद प्रसाद, दिलीप राम विजय कुमार विनय, अजीत कुमार चौधरी, रविंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

# हर साल प्राकृतिक आपदा का शिकार होते है सिंघिया के किसान

सिंघिया, प्रात: किरण संवाददाता



सिंघिया प्रखंड के किसान अमूमन हर साल प्राकृतिक आपदा के शिकार होते रहे हैं। यहाँ के किसानों को कभी बाढ़ तो कभी सुखाड़ की मार झेलनी पड़ती है। पिछले कई सालों से बाढ़ का पानी में फसल नष्ट हो गए। वहीं इसबार प्रखंड में सुखाड़ के कारण फसलों का चौपट होने की असार बढ़ गई है। किसानों में सुखाड़ को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। जुलाई माह बीतने के बाद भी प्रखंड में खरीफ फसल की हालत काफी खराब है क्योंकि उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल पाई है। फिर भी किसान खेतों में डटे हैं। डटे भी क्यों न अन्नदाता जो हैं। लेकिन बारिश के अभाव में अब उनमें से कई किसानों का हिम्मत भी जवाब दे रही है। ऐसा हो भी क्यों नहीं? सरकार की योजना किसानों के माली हालत सुधारने की रहती है पर प्रखंड क्षेत्र में यह सारी योजना फ्लॉप साबित हो रही है। प्रखंड क्षेत्र में अधिकांश सरकारी नलकूपें वर्षो से बंद पड़े है। इसे चालू करने की दिशा में की गई पहल सिर्फ कागजी प्रक्रिया या फिर झूठी अश्वासन तक सिमटकर रह गया है। इसकारण बेचारे किसान महंगे दर पर निजी पंपसेटे व नलकूपों से फसलों का सिंचाई करने को मजबूर है। इस कारण दिनोंदिन यहाँ के किसानों की आर्थिक स्थिती खराब होती जा रही है। कई किसानों ने खेती छोड़कर मजदूरी करने के लिए दूसरे प्रदेश पलायन कर चुके हैं। इधर सुखाड़ को लेकर सरकार ने डीजल अनुदान देने की घोषना कि है, लेकिन इसके आवेदन की प्रक्रिया इतनी जटिल है कि जिन किसानों ने अब तक खासकर जुलाई माह में हजारों रूपए खर्च कर फसलों का सिंचाई किया हैं, उन्हें इसके लिए अनुदान नहीं मिल पाएगा। वहीं डीजल खरीद पावती रसीद पर किसान के पंजीयन संख्या चढ़ाने में पंप कर्मी का अनाकनी करने व ऑनलाइन प्रक्रिया हैं। ऐसे में भोले-भाले किसान बेचारे को इस उलझन के चलते योजना के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इस योजना का लाभ भी गरीब व मध्यवर्गीय किसानों को मिलने की असार कम है। इसका भी लाभ तेज तर्रार व रसूखदार किसानों को ही मिलने की उम्मीद है। वहीं अन्य योजनाएं जैसे कृषि इनपुट, सहकारिता विभाग द्वारा दी जाने वाली फसल सहायता योजना भी लूट-खसोट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है। इस लूट-खसोट और भ्रष्टाचार में प्रखंड के वरीय पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधियों व अन्य दलाल प्रवृत्ति के लोग शामिल रहते हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कृषि कर्मियों व सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृषि कर्मी को उक्त योजना के तहत पंचायत का आईडी देने में नियम को ताक पर रखकर बोली लगाई जताई जाती है। एक पंचायत का आईडी देने में लाख लाख रुपए देने पड़ते हैं। इस कारण कृषि कर्मियों के द्वारा किसानो को मुआवजा देने में 30 से 40 प्रतिशत राशि ली जाती है। ऐसे में किसानों का माली हालत सुधरने के बदले खराब ही होते जा रहे हैं।

# सदर डीएसपी ने आदर्श थाना ताजपुर का किया निरीक्षण, दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश



मोरवा, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर सदर डीएसपी मो० एसएच फकरी के द्वारा समस्तीपुर जिले के मोरवा विधानसभा क्षेत्र के आदर्श थाना ताजपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित कांडों एवं थाना क्षेत्र के विधि-व्यवस्था संबंधित जानकारी थानाध्यक्ष ब्रज किशोर प्रसाद सिंह से ली। लंबित मामलों के निपटारे एवं क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व शांति-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।


### नून नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के लोगों को सताने लगी है बाढ़ की चिंता



**मोरवा।** मोरवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माधोपुर दिघरुआ पंचायत सहित मोरवा विधानसभा क्षेत्र विभिन्न पंचायतों से होकर गुजरने वालीनून नदी के जलस्तर बढ़ने से एक बार फिर से क्षेत्र के लोगों को सताने लगी है बाढ़ की चिंता। वहीं आपको बता दें कि पिछले वर्ष भी नून नदी के किनारे बांध नहीं होने से बाढ़ की भयावह स्थिति के कारण क्षेत्र के लोगों का आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था। वहीं क्षेत्र के लोगों ने प्रखंड एवं जिला प्रशासन से नून नदी के किनारे बांध निर्माण कराने की मांग की है।

# पुलिस हिरासत में युवक की मौत मामले में दलसिंहसराय थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाने में गुरुवार रात मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खराज हकीमाबाद निवासी मो. गुलाब के आत्महत्या मामले में दलसिंहसराय थाना अध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

आपको बता दें कि मृतक गुलाब के बड़े भाई के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराकर अपने ग्रामीणों के साथ गुलाब के ससुराल के रिश्तेदारों को आरोपित किया गया है। वहीं एक आरोपित को शनिवार शाम पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था और अभी शेष सभी 10 आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जाते हैं।

जिसमें से चार आरोपित मृतक के ग्रामीण हैं और बाकी सभी दलसिंहसराय थाने के चक नवादा के रहने वाले हैं। वहीं गिरफ्तार आरोपित का नाम मो. शादाब बताया गया है। एनएच 28 स्थित लंगड़ा चौक के पास से पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। आपको बता दें कि मो. गुलाब को ससुराल वालों की शिकायत पर दलसिंहसराय पुलिस के द्वारा हिरासत में लिया गया था। जहां थाना परिसर में ही उसका शव फंदे से लटकता हुआ पाया गया था।

बताया जाता है कि मृतक मो. गुलाब की शादी चार वर्ष पूर्व दलसिंहसराय में हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय में चल रहा था।

इसी बीच मो. गुलाब गुरुवार को अपने ससुराल पहुंचा था। पत्नी और ससुराल वालों के साथ नोकझोंक के दौरान मारपीट हुई थी जिसके बाद ससुराल वालों ने 112 नंबर पर इसकी शिकायत की थी। इसी मामले में जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा संज्ञान लेते हुए दलसिंहसराय थाना अध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया।

# पीएम स्वनीधि योजंना का उद्घाटन सांसद के द्वारा

## नगर निगम के अशोक सभागार मे स्टालो पर स्वनृमत का स्टाल लगा

गया, प्रात: किरण संवाददाता।



गया नगर निगम के द्वारा आजादी के 75 वें वर्ष के अमृत महोत्सव का आयोजन दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन डीएवाई-एन उएलम) योजना एवं प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना (पीएम-स्वनीधि योजंना के तहत कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को निगम के सम्राट अशोक भवन में किया गया है जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप विजय कुमार मांझी, सांसद, गया एवं संजीव श्याम सिंह, विधान पार्षद, गया के शुभ हाथों से दीप प्रज्वलित कर अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया गया है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिलाषा शर्मा, भारतीय प्रशासनिक सेवा, नगर आयुक्त द्वारा किया गया और निवर्तमान उपमहापौर श्री डॉ0 अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, निवर्तमान वार्ड पार्षदगण, प्रेस मीडिया, उपनगर आयुक्त, नगर प्रबन्धक, नोडल पदाधिकारी, नगर मिशन प्रबन्धक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। अमृत महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक नुक्कड़ के माध्यम से पूरे अमृत महोत्सव में उपस्थित अतिथिगण, एवं स्वयं सहायता समूह की आजीविका दीदी एवं फुटपाथी वेंडर के सामने बेहतरीन प्रस्तुति पेश किया गया है। स्वयं सहायता समूह के द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार से स्टॉल के साथ फुटपाथी वेंडर का भी स्टॉल लगाया गया जिसका भ्रमण विजय कुमार मांझी, सांसद, गया एवं संजीव श्याम सिंह विधान पार्षद, गया नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, भारतीय प्रशासनिक सेवा, नगर आयुक्त एवं निवर्तमान उपमहापौर डॉ0 अखौरी ओंकारनाथउर्फ मोहन श्रीवास्तव के द्वारा सभी स्टॉल का किया गया है।

- फुटपाथी वेंडर का डिजिटल पेमेंट सर्टिफिकेटवितरण -40
- PMSVA नीधी लोन में बैंक ऑफ इंडिया अंतर्गत sanctioned लेटर वितरण -30
- स्वयं सहायता समूह का सीसीएल लोन वितरण पासबूक वितरण -16
- सीआरपीएस को प्रशस्ति पत्र वितरण -18
- सीओएस को प्रशस्ति पत्र वितरण -03
- नगर मिशन प्रबन्धक, एन उएलम को प्रशस्ति पत्र वितरण -03
- समृद्धि क्षेत्र स्तरीय संगठन का निबंधन सर्टिफिकेट का वितरण-01


फुटपाथी वेंडर के द्वारा स्टॉलः- इस कार्यक्रम के तहत फुटपाठी वेंडर के द्वारा नीबू सोडा का स्टॉल, चाय स्टॉल, जूस स्टॉल, लिट्टी चोखा का स्टॉल, नारियल पानी का लगाया गया है। स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाये गये थे जिसमे दुर्गा एसचीजी झ जुट माइक्रो डोरी, टेडी वियर, सुगिया एसचीजी झ बरी, आचार झोला, लता एसचीजी- गमछा, तौली, मूर्ति नारी शक्ति एसचीजी झसत्तू बादाम, लड्डू, नमकीन, लक्ष्मी एसचीजी- घी, सुजाता एलओ के द्वारा झ मंडला डायरी, सैंड आर्ट, लाइट लैम्प, चमेली एसचीजी- बैग, ब्रासस्लेट, चाभी रिंग, लकड़ी की मूर्ति, मिट्टी का दिया, परी एसचीजी के द्वारा-मसाला, सत्तू का स्टॉल लगाया गया। साथ ही ब्यापार एवं डिजिटल पेमेंट के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

### वज्रपात से युवक घायल, इलाज जारी

**विभूतिपुर।** विभूतिपुर प्रखंड के आलमपुर स्थित काली मंदिर चिमनी के पास ठनका गिरने से एक युवक जख्मी हो गया। जिसका इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता हैं कि शुक्रवार को भारी बारिश के दौरान वज्रपात हुआ। जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान आलमपुर कोदरिया पंचायत के वार्ड 8 निवासी शिवशंकर प्रसाद सिंह के पुत्र रौशन कुमार (22) के रूप में किया गया। इसकी सूचना परिजनों को दिया गया। तबतक ग्रामीणों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाहर समस्तीपुर रेफर कर दिया। जहा ईलाज किया का रहा है। जानकारी के अनुसार रौशन मजदूर परिवार से आता था। वह काली मंदिर चिमनी के पास खेत में धान रोपाई कर रहा था। तभी तेज बारिश देख रौशन बगल में तार के पेड़ के निकट चला गया। तार के पेड़ पर ठनका गिरा। जिसके चपेट में रौशन आकर झूलस गया। जिसका इलाज चल रहा है। स्थिति नाजुक बताई जा रही हैं।

# मुंशी प्रेमचंद की 142वीं जयंती मनी

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता



सरायरंजन प्रखंड के हरसिंगपुर स्थित सरस्वती निकेतन में रविवार को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 142वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रो. अवधेश कुमार झा ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद बहुमुखी प्रतिभा संपन्न कथाकार थे। उनकी रचनाओं में तत्कालीन इतिहास बोलता है। उन्होंने अपनी रचनाओं में जनसाधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिक चित्रण किया है। विशिष्ट अतिथि पद से बोलते हुए रवीन्द्र कुमार ठाकुर ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कृतियां भारत के सर्वाधिक विशाल और विस्तृत वर्ग की कृतियां हैं। अपनी कहानियों में प्रेमचंद ने मानव स्वभाव की आधारभूत महत्ता पर बल दिया है। वहीं समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद रामपुकार राय ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद एक सफल लेखक, देशभक्त नागरिक, कुशल वक्ता, जिम्मेदार संपादक तथा संवेदनशील रचनाकार थे। उन्होंने कुल 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें तथा हजारों पृष्ठों के लेख, संपादकीय, भाषण, भूमिका, पत्र आदि की रचना की। उनके युग में हिंदी में काम करने की तकनीकी सुविधा नहीं थी। फिर भी इतना काम करने वाला लेखक उनके सिवा दूसरा नहीं हुआ। जयंती समारोह को प्रो. अमरेंद्र कुमार, कमलेश कुमार राय, संजय कुमार राय, बब्बन गिरि, नवीन कुमार ठाकुर, संजीत कुमार ठाकुर, विद्यानंद गिरि आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन साहित्यकार कुमोद प्रसाद गिरि ने किया।

### खरीफ फसल के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आज से शुरू

**सिंघिया।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना वर्ष 2022 के तहत खरीफ फसल के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू हो जाएग। प्रखंड कृषि कार्यालय सिंघिया से मिली जानकारी के अनुसार आवेदन करने की अंतिम तारीख बिहार सरकार ने 31अक्टूबर तक निर्धारित की है। कोई भी किसान रैयत या गैर रैयत सभी उक्त अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आपको बताते चलें कि इस योजना के तहत 20 प्रतिशत तक की फसल क्षति पर पीड़ित किसानों को सात हजार पांच सौ रुपए प्रति हेक्टेयर, 20 प्रतिशत से अधिक क्षति पर 10 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से बिहार सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति मुआवजा प्रदान किया जाता है। यह बिहार सरकार द्वारा संचालित किसानों के लिए एक कल्याणकारी योजना है। आवेदन के लिए रैयत किसानों के लिए भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र या जमीन का रसीद, वहीं गैर रैयत किसानों को स्व-घोषणा प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### लगातार चौथी बार जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने सुशील सिंह



पूर्णिया। जदयू नेता सुशील कुमार सिंह के पार्टी के प्रति बेहतर कार्यकुशलता को देखते हुए लगातार चौथी बार जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। अपने इस मनोनयन पर जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव श्री सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम बालक सिंह के प्रति आभार जताया। साथ ही बिहार सरकार की मंत्री लेशी सिंह, पूर्णिया सांसद संतोष कुशवाहा एवं ग्रामीण एवं शहरी जिला अध्यक्ष के प्रति भी आभार जताया है। सुशील सिंह ने कहा कि मैं पार्टी को विश्वास दिलाता हूं कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी आस्था और निष्ठा से करूंगा। उन्होंने चौथी बार पुनः मुझपर विश्वास जताने के लिए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया। प्रदेश महासचिव ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार पिछले 15 वर्षो से दिन दोगुनी, रात चौगुनी की रफ्तार से विकास के पथ पर अग्रसर है। आज बिहार की गिनती देश के सबसे अग्रणी राज्यों में होती है। बिहार हर क्षेत्र में विकास की नयी उंचाई को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि जदयू को राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाने का लक्ष्य हम सभी कार्यकताओं की प्रमुख प्राथमिकता है।

### पानी भरे गड्ढे में डूबने से बालक की मौत

गायघाट। बेनीबाद ओपी क्षेत्र के बदिया गांव मे एक बालक की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बदिया गांव निवासी अखिलेश राय का तीन वर्षीय पुत्र पियूष कुमार घर के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह बगल स्थित पानी भरे गड्ढे में अचानक गिर पड़ा, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गायघाट ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया हैं।

# विधि व्यवस्था, भूमि विवाद एवं शिकायतों के निष्पादन को लेकर अपर समाहर्ता ने की बैठक

पूर्णिया, प्रात: किरण संवादाता



**बैठक**

- बैठक में शराबबंदी कानून का कडाई से अनुपालन का दिया गया निर्देश

पूर्णिया अपर समाहर्ता केडी प्रौज्ज्वल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वर्चुअली माध्यम से विधि व्यवस्था को लेकर भूमि विवाद, थाना जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों का निष्पादन, शराबबंदी कानून को कडाई के साथ प्रभावी ढंग से लागू करने तथा अवैध खनन को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई। जिला पदाधिकारी के दिशा निर्देश में भूमि विवाद को लेकर सभी थानों में नियमित रूप से निर्धारित दिवस को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

अपर समाहर्ता द्वारा भूमि विवाद के पुराने एवं नए मामलों के निष्पादन को लेकर थाना वार गहन समीक्षा की गई। संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भूमि विवाद के लंबित पुराने मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें। जिला खनन के कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध इस माह में 31 वाहन तथा अब कुल 89 वाहनों को जप्त किया गया है। जिससे 48.12 लाख राजस्व की वसूली की गई है। इस वर्ष विभाग द्वारा चार सौ 94 लाख लक्ष्य निर्धारित है। अपर समाहर्ता द्वारा जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से ओवरलोडिंग बालू गिट्टी लदे वाहनों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करें। अवैध मिट्टी और बालू खनन में पकड़े जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया साथ ही साथ सभी अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तथा जिला परिवहन पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर हर हालत में अवैध खनन पर नियंत्रण और छापामारी में तेजी लाने का निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उत्पाद अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उत्पाद विभाग द्वारा अब तक 37894 तथा पुलिस विभाग द्वारा 51635 यानी कुल 89527 छापामारी की गई है। उत्पाद पक्ष द्वारा 3150 एवं पुलिस पक्ष द्वारा 6379 अभियोग दर्ज कर नियमा कार्रवाई की गई है पुलिस पक्ष द्वारा देसी और विदेशी शराब मिलाकर कुल 4271 लीटर शराब जप्त किया गया है वर्तमान में उत्पाद एवं पुलिस पक्ष द्वारा कुल 5233 63. 270 लीटर शराब का विंष्टिकरण किया गया है शेष हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। माह जून और जुलाई 2022 में उत्पाद पक्ष द्वारा 2563 तथा पुलिस पक्ष द्वारा 1965 यानी दोनों पक्ष द्वारा कुल 4228 छापेमारी की गई है। उत्पाद एवं पुलिस द्वारा कुल 462 गिरफ्तारी की गई है। उत्पाद एवं पुलिस द्वारा 16 94.500 देसी शराब और विदेशी 27 28 .685 लीटर शराब जप्त किया गया है। शराब की होम डिलीवरी में 200 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को शराबबंदी कानून नया एवं पुराने प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू एवं ससमय निष्पादन तथा भूमि विवाद के पुराने मामले को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन एवं अतिक्रमण के निष्पादन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पूर्णिया सदर, जिला खनन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष, अंचलाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारिगण जुड़े हुए थे।

# रिश्वतखोरी का आरोपी देव का राजस्व कर्मचारी सस्पेंड

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवादाता

**कार्रवाई**

- डाटा एंट्री ऑपरेटर पदमुक्त सीओ को भी शोकॉज

रिश्वतखोरी के आरोप में देव अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के साथ ही कार्यालय के डाटा एंट्री ऑपरेटर को भी पदमुक्त कर दिया गया है। पूरे मामले में देव के अंचलाधिकारी से भी स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। निलंबित राजस्व कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई भी चलाया जाएगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मामला दाखिल खारिज के नाम पर रिश्वतखोरी का है। इस शिकायत की अपर समाहर्ता ने जांच की थी। जांच में रिश्वतखोरी कीएम के आदेश पर रिश्वतखोर राजस्व कर्मचारी और डाटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

बताया जाता है कि देव अंचल के बेढ़नी हल्का के राजस्व कर्मचारी देवेंद्र सिंह एवं अंचल अधिकारी के खिलाफ अवैध राशि लेने की शिकायत जिला गोपनीय शाखा को मिली थी। शिकायत के साथ एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी दी गई थी। शिकायत में कहा गया था कि इनके द्वारा दाखिल-खारिज के एवज में आमजनों से अवैध पैसे की मांग की जा रही है। शिकायत के बाद पूरे मामले की जांच अपर समाहर्ता एवं जिला राजस्व प्रभारी द्वारा की गयी। जांच में शिकायत सही पाई गई। जांच के बाद डीएम को रिपोर्ट सौंपा गया। रिपोर्ट के आलोक में बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली-2005 के नियम-9 (1क) के तहत राजस्व कर्मचारी देवेंद्र सिंह अवैध राशि लिए जाने का दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय दाउदनगर अंचल निर्धारित किया गया है। निलंबन की अवधि में श्री सिंह को जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा । इसके अलावा श्री सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी आरंभ की गयी है। इसमें भी निलंबित कर्मी पर दंड अधिरोपित किया जाएगा। वही डाटा एंट्री ऑपरेटर संजय कुमार को भी इस प्रकरण में दोषी पाते हुये कार्यमुक्त कर दिया गया है। साथ ही एडीएम की जांच रिपोर्ट के आलोक में देव के अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीओ निलंबित करने तथा उनपर अग्रेतर विभागीय कार्रवाई करने हेतु राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से भी अनुशंसा की गई है।

## शर्फुद्दीनपुर से कांवरिया सेवा समिति का जत्था तुर्की रवाना

**बोचहां।** मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत शर्फुद्दीनपुर कांवरिया सेवा समिति का जत्था तुर्की के लिए रवाना हो गया। कांवरिया सेवा समिति के कार्यकर्ता द्वारा पटना -मुजफ्फरपुर मार्ग पर तुर्की में शिविर लगायेंगे जहां कांवरियों की सेवा के लिए कई तरह की मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी।शर्फुद्दीनपुर कांवरिया सेवा समिति के सदस्यों ने अपने साथ कांवरियों को मुफ्त सुविधाएं उपलब्ध हो सके इस को लेकर सारी जरूरतों की सामग्री जैसा कि। डाक बम के लिए भी खास इंतजाम। नींबू शर्बत, नींबू चाय, ठंडा जल, और मेडिकल की उत्तम व्यवस्थाओं के साथ शर्फुद्दीनपुर से तुर्की के लिए समिति अध्यक्ष द्वारा जत्था को रवाना किया गया। मौके पर समिति के सूरज चौधरी, गोपी चौधरी, मनोज पंडित, मुकेश राय, संजय राय,विकाश कुमार, शंकर कुमार,संतोष चौधरी, चंदन कुमार, संतोष कुमार, अनमोल कुमार, अंकुश कुमार, राजेश कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। इस अवसर पर बोल बम के नारे लगाये गये।

# मानव व बाल तस्करी के खिलाफ चलाया गया जागरूकता अभियान

पूर्णिया, प्रात: किरण संवाददाता

इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ट्रैफिकिंग इन पर्सन के अवसर पर नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संस्था कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क द्वारा गांव-गांव में मानव एवं बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला कॉर्डिनेटर सुमित प्रकाश ने बताया कि सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क के युवा कार्यकताओं द्वारा डगरुआ प्रखंड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय चमुआ एवं मध्य विद्यालय महलबाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए और स्थानीय लोगों व बच्चों को मानव तस्करी, बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गयी। चूंकि मानव एवं बाल तस्करी दुनिया का तीसरा बड़ा अवैध व्यापार है और आज भी यह एक सामाजिक कलंक के रूप में जीवित है, इसके कारण हजारों की संख्या में बच्चे, वयस्क व औरतें तस्करी की शिकार हो जाती हैं और उनका आगे का जीवन नरक हो जाता है, उन्हें गुलामी की जिंदगी गुजारनी पड़ती है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा गत वर्षों से पूर्णियां जिला के 14 प्रखंडो के 100 गांवों में सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क के जरिये बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह समेत सभी प्रकार के बाल हिंसाओं के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सर्वाइवर लेड इंटेलिजेंस नेटवर्क उन युवाओं का नेटवर्क है जो कभी न कभी बाल मजदूरी, बाल तस्करी के शिकार रहे हैं और उन्हें कैलाश सत्यार्थी जी का ही संगठन ' बचपन बचाओ आंदोलन' द्वारा बाल मजदूरी से मुक्त कराया गया है।

## रोटरी क्लब के सदस्यों ने किया पौधारोपण



**गया।** रोटरी क्लब ऑफ गया ग्रेटर के बैनर तले पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर के सदस्यों ने आम, जामुन, बेर, नीम, बेल, अमरूद एवं छायादार पौधे रोपे गए। रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर अध्यक्ष आशीष कुमार ने वृक्षों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए, ताकि भविष्य में जनमानस को उनका लाभ मिल सके। साथ ही केवल पौध ही नहीं लगानी चाहिए वरन बाद में उनकी देखभाल का दायित्व भी संभालना चाहिए।इस मौके पर अध्यक्ष आशीष कुमार ,सचिव बिपिन कुमार, आईपीपी रमेश वर्मा,पीपी महेंद्र शर्मा ,पीपी गिरिजा शर्मा, रोटेरियन अभिषेक कुमार, अतुल कुमार, मनोज कुमार,अमन केशरी, दिनेश सिंह, निकील कुमार ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज की।

# जल संसाधन मंत्री संजय झा ने दुर्गावती जलाशय परियोजना का लिया जायजा

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण



**समीक्षा बैठक**

- किसान समस्या, खेतों तक पानी पहुंचाने सहित कई बिंदुओं पर हुई चर्चा, समस्या समाधान का मिला आश्वासन, सिंचाई विभाग अधिकारी ठहराए गए दोषी

**सासाराम।** बिहार सरकार के जल संसाधन, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने दुर्गावती जलाशय परियोजना का जायजा लिया। दुर्गावती जलाशय परियोजना से सिंचाई व्यवस्था में आने वाली परेशानियों को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

किसानों की समस्याओं, खेतों तक पानी पहुंचाने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जहां पहुंचे किसान अपनी अपनी समस्या लेकर मंत्री से रूबरू हुए। किसानों ने रोहतास व कैमूर क्षेत्र में दुर्गावती जलाशय परियोजना से निकलने वाली वितरणी से खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाने की शिकायत की। इसको लेकर सिंचाई विभाग अधिकारियों को भी इसमें दोषी ठहराया। वही मंत्री ने किसानो को समस्याओ के समाधान का आश्वासन दिया। मीडिया से बातचीत करते हुए जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने कहा कि सिंचाई विभाग के पदाधिकारियो से सिंचाई व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक कर के डिटेल में रिव्यू किया गया है।

उन्होंने कहा की सिंचाई में आ रही समस्याओं की जानकारी ली, साथ ही समाधान के बारे में चर्चा किया। सिंचाई में आ रही समस्या जानने के बाद किसानो से भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा की कैमूर - रोहतास मिलाकर दुर्गावती जलाशय परियोजना से निकलने वाली 32 वितरणी का खुदाई होना था इसमे 6 ड्रॉप हो गया। बाकी 26 में से 16 का काम पूरा हो गया है। 6 वितरणी का काम दिसंबर 2022 तक पूरा हो जाएगा। कहीं 72 प्रतिशत तो कही 78 प्रतिशत तक काम पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि डीएम से समस्याओं के समाधान को लेकर बातचीत भी किया है। ताकि दुर्गावती जलाशय परियोजना से निकलने वाली कैनाल से खेतों तक पानी पहुँचाया जाए।

# चेयरमैन को पितृ शोक, नहीं रहे समाजसेवी स्व.रामप्रवेश सिंह

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के दो प्रमुख संस्था कोपरेटिव बैंक एवं रेडक्रॉस के चेयरमैन पद को सुशोभित करने वाले संतोष कुमार सिंह एवं सतीश कुमार सिंह के पिता राम प्रवेश सिंह का अपने पैतृक निवास रतनुआ में निधन हो गया। इनके निधन से जिले के सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, व्यवसायिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय सिंह के निधन की खबर सुनते ही उनके अंतिम दर्शन को लेकर रतनुआ गांव में मातमपुर्सी को लेकर शहरवासियों एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भीड़ जुट गई और शोक संवेदना दी जाने लगी। बताया जाता है कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। और लगातार ऑक्सीजन लेवल कम होता जा रहा था। उन्हे बचाने के लिए चिकित्सकों की टीम ने काफी प्रयास किया लेकिन धीरे धीरे कई बीमारियों ने उन्हें जकड़ लिया। जिसके कारण उन्हें बचाया नही जा सका। स्व सिंह मूलतः एक किसान थे लेकिन अपने दोनो पुत्रों को सफलता के मुकाम तक पहुंचाने में उनका अहम रोल रहा । वे किसानी के साथ साथ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में काफी रुचि रखते थे यही कारण था कि किसी की भी मदद करने में वे पीछे नहीं रहते थे। स्व सिंह ने कभी कहा था कि एक पिता के लिए सबसे खुशी का पल तब होता है जब लोग पुत्र के नाम से पिता को जाने और किसी पिता के लिए यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। स्वर्गीय सिंह के निधन के बाद शहर के तमाम राजनीतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है स्व सिंह का अंतिम संस्कार रतनुआ गांव स्थित घाट पर ही हो गया।

# आधार कार्ड से लिंक होंगे वोटर कार्ड मतदाताओं के लिए किए गए कई बदलाव

औरंगाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



- 17 साल पूरा कर चुके युवक भी वोटर कार्ड के लिए दे सकते हैं आवेदन एक अगस्त से वोटरो को होगा मतदाता रजिस्ट्रेशन

मतदाताओं के लिए निर्वाचन विभाग ने नई नियमावली के तहत मतदाताओं को कई सुविधाएं प्रदान की है। तमाम मतदाताओं का नाम आधार कार्ड से जोड़ा जाएगा। आधार कार्ड से लिंक करने के लिए वोटरों को अब सीधे वेबसाइट के माध्यम से या फिर ऐप के माध्यम से भी जोड़ा जाएगा।

शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने बताया कि नई नियमावली में अब 17 साल पूरा कर चुके युवा युवती भी अब मत मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जैसे ही उनका 18 साल पूरा होगा ऑटोमेटिक मतदाता सूची में नाम आ जाएगा। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल ने बताया कि निर्वाचन विभाग भारत सरकार के निदेर्शानुसार सभी मतदाताओं का नाम अब आधार कार्ड से लिंक किया जाएगा। इस दौरान कई जगहों पर एक ही व्यक्ति का नाम रहेगा तो वह हट जाएगा। नाम जुड़वाने और हटाने की जो फॉर्म होती थी उसमें भी कुछ बदलाव किया गया है।

विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट व निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले 1 जनवरी को 18 साल पूरा होने पर ही मतदाता सूची नाम प्रकाशित किया जाता था, लेकिन अब इसमें बदलाव करते हुए साल में चार चार महीने पर नाम जुड़ जाएगा। 17 साल पूरा किए युवक या युवती वोटर लिस्ट में नाम के लिए आवेदन दे सकती है। और उनका हर चौथे महीने के अंतर पर 18 वर्ष पूरा होते ही नाम जुड़ जाएगा। इसके लिए 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूरा होते हैं मतदाता बन जाएंगे। 1 जनवरी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए 1 अगस्त से मतदाता रजिस्ट्रेशन के लिए नए प्रयोक्ता अनुकूल प्रारूप तैयार किया गया है। जिसमें पहले प्रारूप की तरह ही नया बदलाव भी किया गया है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड लिंक हो जाने से हर और या जालसाजी का शिकार लोग नहीं होंगे।

# 'अच्छी शिक्षा से ही आदर्श समाज व अच्छे चरित्र का निर्माण संभव'

पालीगंज, प्रात: किरण संवाददाता

अच्छी शिक्षा से ही आदर्श समाज व अच्छे चरित्र का निर्माण हो सकती है। इसलिए जीवन मे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करना जरूरी है ये बाते खिरिमोड थाना क्षेत्र के इमामगंज बाजार स्थित एक निजी मैरेज हॉल में प्रेमचंद जयंती के अवसर पर आयोजित शिक्षा सुधार कार्यक्रम के दौरान पालीगंज एसडीपीओ सह आईपीएस अवधेश सरोज दीक्षित ने कही। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन खिरिमोड थाना क्षेत्र के इमामगंज जमहारु पंचायत के मुखिया उर्वशी देवी की ओर से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह आईपीएस अवधेश दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर किया। वही साइबर क्राइम एक्सपोर्ट दीपक कुमार व खिरिमोड थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने भी प्रेमचंद के तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर पवन तनय ने प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके कुछ साहित्य के बारे में बताया। वही शिक्षक मणिकांत कुमार ने प्रेमचंद को याद करते हुए गीत प्रस्तुत किया। जबकि प्रेमचंद द्वारा रचित बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर व पूस की रात नामक कहानी का मंचन भी किया गया। मौके पर साइबर क्राइम एक्सपोर्ट दीपक कुमार ने बताया कि समाज की मजबूती के लिए साहित्य की जानकारी अति आवश्यक है। वही खिरिमोड थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए शिक्षकों के साथ साथ अविभावको को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जब बच्चे कोचिंग व विद्यालय से घर आये तो अविभावकों को उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी पढ़ाई के प्रति गतिविधियो पर नजर रखना चाहिए।

## हथियार के साथ बदमाश को गिरफ्तार

गायघाट, प्रात :किरण संवाददाता



स्थानीय थाना पुलिस ने कई अपराधिक मामलो का खुलासा किया हैं। देर रात एक बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान पूरा निवासी रामकुमार सिंह के पुत्र आदित्य राज उर्फ अंकित कुमार के रूप में हुई हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसपर रंगदारी एवं आर्मस एक्ट मामले में प्राथमिकी पहले से दर्ज थी और वह फरार चल रहा थख। बताया जाता है कि पास के झाड़ी में अंकित ने एक देशी कट्टा छिपाकर रखा था ।पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया हैं ।एक जिंदा कारतूस भी पुलिस ने बराबद की हैं। थानाध्यक्ष ने बतिया कि अंकित कुमार के विरुद्ध अहियापुर, मीनापुर, गायघाट समेत कई थानो में कई लूट, रंगदारी, छिनतई समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में उसने कई घटनाओं में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है है। पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैं।

# मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना: सरकार ने 44 महिलाओं को दिए 1.76 करोड़

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

जिला उद्योग केंद्र, मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में आज समाहरणालय सभा कक्ष में ऋण स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना के तहत जिले के 44 महिला उद्यमियों को प्रथम किश्त के रूप में चार-चार लाख की ऋण स्वीकृति पत्र जिलाधिकारी के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार ने महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना की शुरूआत की गई है ।उन्होंने कहा कि स्वरोजगार कर अपने पैर पर खड़ा होने की ललक निश्चित ही महिला सशक्तिकरण को बल प्रदान करेगा। उन्होंने सभी 44 महिला उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह यह पता चलता है कि महिलाएं घर परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के साथ उद्यमी बनने के लिए भी जागरूक है। उन्होंने कहा कि एक सफल उद्यमी बनकर न केवल आप आत्मनिर्भर होंगे बल्कि अन्य दूसरे बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार दे पाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि रोजगार पाना और रोजगार सृजन करना दोनों में बहुत अंतर है। रोजगार सृजन कर अन्य लोगों को रोजगार प्रदान करना बहुत बड़ी बात मानी जाएगी। उन्होंने सभी महिला उद्यमियों को शुभकामना दी। जीएम उद्योग विभाग के महाप्रबंधक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि उक्त योजना के तहत युवा उद्यमी महिला उद्यमियों को 1000000 तक का ऋण प्रदान किया गया है जिसमें अधिकतम 500000 अनुदान है बाकी ₹500000 बिना व्याज का उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि सभी नव चयनित महिला उद्यमियों को प्रशिक्षण भी जिला उद्योग केंद्र के द्वारा प्रदान कराया जाएगा। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार, डीआरडीए निदेशक चंदन चौहान, एलडीएम मुजफ्फरपुर ,डीपीआरओ कमल सिंह ,वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार एवं प्रीति सिंह के साथ उद्योग विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह ने किया।

# नवसंचेतन ने मनाया प्रेमचंद जयंती समारोह

मुजफ्फरपुर, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय लोक जीवन के अमर चितेरे प्रेमचंद हिंदी भाषा साहित्य के गौरव हैं। मनोरंजन में फंसे हुए कथा लोक को उन्होंने जीवन के यथार्थ से आलोकित किया। उनका साहित्य मूल्य, सद्भाव और मनुष्यता की यात्रा है। विश्व के श्रेष्ठ कथाकारों में प्रेमचंद अगली पंक्ति में अपनी श्रेष्ठता के साथ आज भी हैं। उनके कथा साहित्य में सेवा और त्याग की प्रधानता है। ये बातें आमगोला के शुभानंदी में नवसंचेतन के तत्वावधान में आयोजित प्रेमचंद जयंती समारोह में बोलते हुए साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कही। वर्तमान संदर्भ में प्रेमचंद विषयक विमर्श में विस्तार से बोलते हुए डॉ पंकज ने आगे कहा कि सामाजिक समरसता के पक्षधर प्रेमचंद ने गांव, किसान और मजदूर के संघर्ष को बड़ी ही गंभीरता से चित्रित है। विसंगतियों को उजागर करते हुए उन्होंने कारणों की जड़ पर प्रहार किया है। प्रेमचंद ने सिर्फ प्रश्न ही नहीं उठाया है समाधान की दिशा भी दिखाई है। सरलता, सादगी और सच्चाई प्रेमचंद की सबसे बड़ी पूंजी है। सरल भाषा में बड़े सवालों और विचारों को उजागर करना उनका विशिष्ट कौशल है। कवि डॉ कुमार विरल ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य शोषण के विरोध में पुरजोर आवाज उठाता है। जन मूल्यों के आग्रही प्रेमचंद ने शोषित समाज के पक्ष में विपुल कथा साहित्य का सृजन किया है। कवि कुमार राहुल ने कहा कि प्रेमचंद के कथा के पात्र आज भी अपने जीवन संघर्ष के साथ खड़े हैं। सामाजिक बदलाव की आज भी छटपटाहट है। युवा कवि श्रवण कुमार ने कहा कि प्रेमचंद उपनिवेशवाद के खिलाफ सदा रहे।

# किसानों से वादाखिलाफी के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा ने किया विरोध

रोहतास ब्यूरो, प्रात: किरण




सासाराम। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर एवं सरदार उधम सिंह के शहादत दिवस पर आज दिनांक 31 जुलाई 2022 को, मोदी सरकार के द्वारा किए गए किसानों से वादाखिलाफी के खिलाफ देशव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत सासाराम के कुशवाहा सभा भवन से जुलूस के साथ पोस्ट ऑफिस चौराहा पर विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एक भव्य जुलूस पुरानी जीटी रोड से होते हुए पोस्ट ऑफिस चौक पर पहुंचा जिसमें शामिल संगठन, ए आई के एस, अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, किसान महासंघ, जय जवान जय किसान, आदि संगठनों ने विरोध कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पोस्ट ऑफिस चौक पुरानी जीटी रोड को जाम किया।

विरोध कार्यक्रम में संयुक्त किसान मोर्चा के किसान नेता मोहम्मद सत्तार अंसारी, अनिल कुमार यादव, राज मंगल, दिनेश कुमार सिंह, शंकर सिंह, रामाशंकर सरकार, कामेश्वर सिंह के अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण नेताओं ने नेतृत्व किया जिसमें मुख्य मांगे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) की गारंटी का कानून बनाने बिजली बिल विधेयक 2020 वापस लेने सहित कई मांगे शामिल थे।

सम्पादकीय

## सीजेआई की चिंता

भारत के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना और सर्वोच्च न्यायालय ने जेलों में पड़े विचाराधीन कैदियों की ओर देश का ध्यान खींचा है तथा एक ऐसे मुद्दे को सामने रखा है, जिससे हमारा लोकतंत्र कमजोर होता है, आम नागरिकों की आजादी छिनती है और अधिकतर जांच में जमानत देने की जगह जेल भेजना कायदा बनता जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने एक संबोधन में रेखांकित किया कि हमारे देश में जेलों में बंद 6.10 लाख नागरिकों में लगभग 80 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में प्रक्रिया ही दंड बन गई है। मनमाने ढंग से गिरफ्तारियों से लेकर जमानत मिलने में मुश्किलों तक की इस प्रक्रिया में लंबे समय तक जेलों में बंद लोगों के इस मामले पर तुरंत ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कैदी ब्लैक बॉक्स की तरह हैं। वे ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें अक्सर अनदेखा और अनसुना कर दिया जाता है। प्रधान न्यायाधीश ने ऐसे मुद्दे को उठाया है, जिस पर शायद ही कभी चर्चा होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह कोई हाल में आयी अस्थायी गिरावट नहीं है, बल्कि भारतीय व्यवस्था की स्थायी विशेषता बन चुकी है। सजा दिलाने के लिए लंबी जांच की बजाय तुरंत हिरासत में लेने के रवैये से भी न्यायिक व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है क्योंकि जमानत की अर्जियों की तादाद बहुत अधिक है। चूंकि हिरासत में लेना आम बात है, तो अग्रिम जमानत के लिए भी बहुत सारे लोग अदालत पहुंचते हैं। इनसे बड़ी अदालतों में बोझ बढ़ता जाता है। इन सबसे ऐसी व्यवस्थागत समस्या पैदा हो गई है, जिसका समाधान जजों की संख्या बढ़ाकर नहीं किया जा सकता है। हम जानते हैं कि हमारे यहां अभियुक्तों को सजा देने की दर बहुत ही कम है। ऐसे में ठोस जांच दरकिनार कर दी जाती है और मुकदमे से पहले लंबे समय तक जेल में रखना ही सजा बना दिया जाता है। इससे न्याय व्यवस्था का आधारभूत सिद्धांत, जिसमें दोष सिद्ध होने तक अभियुक्त को निर्दोष माना जाता है, ही खारिज हो जाता है। उच्चतम न्यायालय ने साल 2014 में व्यवस्था दी थी कि उन विचाराधीन आरोपियों को तुरंत जमानत पर रिहा किया जाए जिन्होंने अपने ऊपर लगे अभियोग की संभावित अधिकतम सजा का आधा समय बतौर आरोपी जेल में व्यतीत कर लिया है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि जिला न्यायिक सेवा प्राधिकरण से संबंधित न्यायिक अधिकारी अपने अधिकार-क्षेत्र में प्रत्येक कारावास पर जाकर इस प्रकार के कैदियों की रिहाई के लिए आवश्यक प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। इन आदेशों के बाद लंबी अवधि से जेलों में बंद विचाराधीन कैदी रिहा हो सकेंगे। पर उनका क्या होगा, जो थोड़े समय के लिए विचाराधीन कैदी के रूप में जेल भेज दिए जाते हैं। विचाराधीन कैदियों का जेलों में क्या काम? यह पहली बार नहीं है कि लंबे समय से जेलों में बंद आरोपियों के प्रति चिंता व्यक्त की गई हो। वर्ष 2010 में राष्ट्रीय विधिक अभियान के तहत भी विचाराधीन कैदियों की संख्या कम करने का बीड़ा उठाया गया था। पर धरातल पर स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। आंकड़े जाहिर करते हैं कि लगभग अड़तीस प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को पहले तीन महीने के भीतर जेल से जमानत पर रिहा कर दिया जाता है। लगभग साठ प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को एक वर्ष के अंदर जमानत मिल जाती है। यह समझ से परे है कि जब साठ प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को साल भर के भीतर जमानत पर छोड़ दिया जाता है, तो फिर उन्हें जेल भेजा ही क्यों गया था? उन्हें विचाराधीन कैदी के रूप में कुछ दिनों के लिए जेल भेज कर सबक सिखाना इस प्रकार के कारावास का एकमात्र तर्क दिखाई देता है। पर यह कानून की मूल भावना के विरुद्ध है।

## द्रौपदी मुर्मू के हिन्दी में शपथ लेने का संदेश तो समझिए

**देश को अपनी सभी भाषाओं और बोलियों पर गर्व है। वो हिन्दी में शपथ लेकर अचानक से सारे देश में पहुंच गईं। समूचे देश ने उन्हें हिंदी में शपथ लेते हुए देखा-सुना। बेशक, हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इस संबंध में कोई विवाद नहीं हो सकता। हिन्दी की सारे देश में स्वीकार्यता है और यह दिन-प्रतिदिन बढ़ भी रही है। अगर छुद्र राजनीति को छोड़ दिया जाए तो इसे सारे देश में बोली और समझी जाती है। कुछ समय पहले ही देश के आठ पूर्वोतर राज्यों के स्कूलों में दसवीं कक्षा तक हिन्दी को अनिवार्य रूप से पढ़ाने पर वहां की राज्य सरकारें राजी हो चुकी हैं। इन राज्यों में 22 हजार हिन्दी के अध्यापकों की भर्ती की जा रही है कनौ आदिवासी जातियों ने भी अपनी बोलियों की लिपि देवनागरी को स्वीकार कर लिया है। मगर दुर्भाग्य से कुछ दल और उनके कुछ अंग्रेजीदां नेता हिन्दी को लेकर ओछी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते।**





**आर.के. सिन्हा**
**लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

भारत के 15 वें राष्ट्रपति पद की शपथ हिन्दी में लेकर द्रौपदी मूर्मू ने सारे देश को एक बेहद महत्वपूर्ण संदेश दिया है। मूल रूप से ओडिशा से संबंध रखने वाली द्रौपदी मूर्मू अगर उड़िया या किसी अन्य भाषा में भी शपथ लेती तो कोई अंतर नहीं पड़ता। देश को अपनी सभी भाषाओं और बोलियों पर गर्व है। वो हिन्दी में शपथ लेकर अचानक से सारे देश में पहुंच गईं। समूचे देश ने उन्हें हिंदी में शपथ लेते हुए देखा-सुना। बेशक, हिन्दी देश की सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इस संबंध में कोई विवाद नहीं हो सकता। हिन्दी की सारे देश में स्वीकार्यता है और यह दिन-प्रतिदिन बढ़ भी रही है। अगर छुद्र राजनीति को छोड़ दिया जाए तो इसे सारे देश में बोली और समझी जाती है। कुछ समय पहले ही देश के आठ पूर्वोतर राज्यों के स्कूलों में दसवीं कक्षा तक हिन्दी को अनिवार्य रूप से पढ़ाने पर वहां की राज्य सरकारें राजी हो चुकी हैं। इन राज्यों में 22 हजार हिन्दी के अध्यापकों की भर्ती की जा रही है कनौ आदिवासी जातियों ने भी अपनी बोलियों की लिपि देवनागरी को स्वीकार कर लिया है। मगर दुर्भाग्य से कुछ दल और उनके कुछ अंग्रेजीदां नेता हिन्दी को लेकर ओछी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आते। जब पूर्वोत्तर राज्यों ने हिन्दी को स्कूलों में अनिवार्य रूप से पढ़ाने को लेकर फैसला लिया तो कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश यह कहने लगे हिन्दी राजभाषा है न कि राष्ट्रभाषा। गनीमत है कि कांग्रेस या किसी अन्य दल के नेता ने द्रौपदी मूर्मू के हिन्दी में शपथ लेने पर बवाल नहीं काटा। हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा यूं ही तो नहीं मिला। इसकी सर्वत्र राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता है। जब अनुच्छेद 343 में देवनागरी में लिखी हिन्दी को सर्वसम्मति से मान्यता मिली तभी तो वह राष्ट्रभाषा हिन्दी मानी गई। बाद में चलकर कोई राजभाषा कोई सरकारी भाषा और कोई आधिकारिक भाषा कहने लगा। सरदार पटेल ने 13 अक्टूबर,1949 को अपने एक संदेश में हिन्दी के लिए राष्ट्र भाषा शब्द का ही प्रयोग किया है। शहीदे आजम भगत सिंह ने मूल रूप से पंजाब से होने के बावजूद हिन्दी के पत्रकार के रूप में काम किया। वे कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अखबार प्रताप में नौकरी करते थे। वे प्रताप के प्रतिनिधि के रूप में कानपुर से दिल्ली में दंगा कवर करने भी गए थे। उन्हें हिन्दी की शक्ति का पूरा पता था। वे अंग्रेजी को अच्छी तरह जानते थे पर वे पत्रकार हिन्दी के ही बने ताकि अपनी आवाज दूर तक ले गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू सुदूर ग्रामीण ओडिशा से आती हैं और वहां भी हिन्दी सुदूर गांवों तक में बोली जाती है। वह पूरे पांच वर्ष झारखंड की राज्यपाल भी रहीं। झारखंड हिन्दी भाषी राज्य है। वहां पर रहते हुए वह हिन्दी के और निकट आईं। अतः यह कहना चाहिए कि उन्होंने सोच-समझकर ही हिन्दी में शपथ ली। हिन्दी करोड़ों भारतवसियों की प्राण और आत्मा है। इसमें वे अपने को सही ढंग से व्यक्त कर पाते हैं। यह प्रेम और सौहार्द की भाषा है। यह सबको जोड़ती है। संयोग देखिए कि उड़नपरी पीटी उषा ने भी राज्यसभा के नामित सदस्य के रूप में हिन्दी में ही शपथ ली। वह केरल से आती हैं और खांटी मलयालम उनकी मातृभाषा है। यह हिन्दी को लेकर उनका प्रेम ही है, जिसके चलते वह हिन्दी में शपथ लेती हैं। पीटी उषा के राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने से तो सारा देश प्रसन्न है। उन्हें देश ने पहली बार सन 1982 में नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों से ही जाना था। 16 साल की पीटी उषा ने 1980 के मास्को ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया था। दिल्ली और देश ने उन्हें कायदे से पहली बार राष्ट्रीय राजधानी के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में देखा था। पीटी उषा ने 100 मीटर की स्पर्धा में फाइनल में पहुंच कर एक तरह से साबित कर दिया था कि वह अब लंबे समय तक ट्रैक पर राज करेंगी। मुझे याद है 100 मीटर स्पर्धा के फाइनल को देखने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम किस तरह खचाखच भरा हुआ था। रेस के आरंभ होते ही पीटी उषा ने बढ़त बना ली थी। वह शेष प्रतियोगियों से काफी आगे दौड़ रही थीं। फिर अचानक से वह पिछड़ने लगीं। रेस खत्म होने से पहले वह किसी तरह से दूसरे स्थान पर आ गईं और अंत में सिल्वर मेडल जीतने में सफल रहीं। तब दिल्ली के मुख्य रूप से हिन्दी भाषी दर्शकों ने उनका भरपूर उत्साहवर्धन और अभिवादन किया था। पीटी उषा के राज्य से ही आने वाले एक अंग्रेजी के संपादक महोदय को देश की नई राष्ट्रपति के हिन्दी में शपथ लेने पर वास्तव में बहुत कष्ट हो रहा है। उन्होंने अपने फेसबुक पेज पर यह लिखा कि यदि वह उड़िया या संथाली में शपथ लेतीं तो बेहतर होता। वैसे ये ज्ञानी संपादक महोदय यह नहीं बता सके कि कैसे बेहतर होता। उन्हें जब कहा गया कि हिन्दी को देश में सर्वाधिक लोग जानते-समझते हैं तो वे कुतर्क पर उतर आए। कहने लगे, अंग्रेजी ही भारत की संपर्क भाषा है। अंग्रेजी सभी भारतीयों को जोड़ती है। क्या आप मानेंगे कि कोई व्यक्ति हिन्दी को लेकर इतनी नफरत का भाव रख सकता है? आखिर कौन कह रहा है कि आप हिन्दी पढ़ें या जानें। मत पढ़िये, मत सीखिए। कोई जोर-जबरदस्ती तो नहीं कर रहा है। मगर अंग्रेजी को हिन्दी की तुलना में इक्कीस साबित करने के लिए झूठ तो मत बोलिए। अब इन महामूर्ख पंडित को कौन बताए कि विश्व के महान विश्वविद्यालयों से एमबीए करके जब कोई बड़ा प्रबंधक पदस्थापित होता है, तब सारी मल्टीनेशनल कंपनियों में एक ही नियम है कि उसे पहले हिंदी सीखकर परीक्षा पास करनी होती है तभी उनकी पोस्टिंग स्थायी होती है क्योंकि पूरे विश्व का व्यापार यही मानता है कि हिंदी ही भारत की सार्वदेशिक संपर्क भाषा है

यह सब जानते हैं कि दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचार सभा ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। यहां के अध्यापक हिन्दी के प्रसार-प्रचार में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। हर साल चेन्नई की हिन्दी प्रचार सभा हजारों हिन्दी प्रेमियों को हिन्दी लिखना-पढ़ना सिखाती है। इससे जुड़े तमिल मूल के अध्यापक ही सच्चे हिन्दी सेवी हैं। सन्‌ 1918 में मद्रास में ह्यहिन्दी प्रचार आंदोलनह्ल की नींव रखी गई थी और उसी वर्ष स्थापित हिन्दी साहित्य सम्मेलन मद्रास कार्यालय आगे चलकर दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा के रूप में स्थापित हुआ। वर्तमान में इस संस्थान के चारों दक्षिणी राज्यों में प्रतिष्ठित शोध संस्थान हैं और बड़ी संख्या में दक्षिण भारतीय मूल के लोग इस संस्थान से हिन्दी में दक्षता प्राप्त कर ज्यादातर दक्षिण राज्यों में या देश के अन्य भागों में और विदेश के अन्य अनेकों देशों में जाकर हिन्दी की सेवा कर रहे हैं। महात्मा गांधी से ज्यादा इस देश को कोई नहीं जान-समझ सकता। गांधी जी का ही विचार था कि देश की सांस्कृतिक एकता के लिए दक्षिण भारत में हिन्दी का प्रचार-प्रसार जरूरी है। तब से अब तक दुनिया बहुत बदल चुकी है।

## म्यांमार के विरूद्ध मुखर क्यों नहीं है भारत?

**पुष्परंजन**

मणिपुर और मिजोरम, दोनों राज्यों में म्यांमार से भागकर आये शरणार्थियों की संख्या लाख से कम नहीं होगी। क्या इन्हें आबोदाना-आशियाना मुहैया कराना भारत के करदाताओं पर अतिरिक्त बोझ नहीं है? कल को यही शरणार्थी हमारे लिए रोहिंग्या की तरह सिरदर्द होंगे। ये आते लाखों में हैं, मगर इनकी वापसी सैकड़ों में होती है।

म्यांमार में चार राजनीतिक कैदियों को फांसी दिये जाने को लेकर भारत ने शुक्रवार को चिंता प्रकट की है। भारत को बयान जारी करने में पांच दिन लगे हैं। क्यों? इसका बेहतर उत्तर विदेश मंत्रालय ही दे सकता है। म्यांमार-भारत की 1643 किलोमीटर सीमा मणिपुर, मिजोरम से लगी है। वहां से कई हजार किलोमीटर दूर अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ ने त्वरित प्रतिक्रिया दी थी। शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत एक मित्र देश के नाते चाहेगा कि म्यांमार अपनी समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से करे। कानून का शासन और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान होना चाहिए। विदेश मंत्रालय का यह बयान पूरी सावधानी से दिया लगता है। सांप भी मर जाए और लाठी सलामत रहे, अदाजे बयां कुछ इसी तरह से है। आप ये नहीं कह सकते कि भारत ने पड़ोस में घटित इतनी बड़ी घटना पर चुप्पी साध ली।

1 फरवरी 2021 को मिल्टीऊ जंटा के प्रमुख जनरल मिन आंग हिलेंग ने जब लोकतांत्रिक रूप से चुनी सरकार को भंग किया था, उसके कुछ घंटों बाद उन्होंने अहद किया था कि साल भर में नई पार्टी और सरकार का गठन अपनी देखरेख में कराएंगे। मगर, हुआ उलट। 27 मार्च 2021 को म्यांमार में मिल्ट्री डे परेड हुआ था। उस दिन देशव्यापी प्रदर्शन में सौ लोगों को सेना ने मार दिया था। मगर, भारत उन आठ देशों के साथ सैनिक परेड का साक्षी था। तब सवाल उठने लगे थे कि क्या भारत प्रतिरोध को कुचल देने वाले सैन्य तानाशाहों का समर्थक है?

पिछले साल भी हम म्यांमार में तख्ता पलट के बाद स्थितियों की हफ्तों समीक्षा करते रहे। जब दुनिया के बड़े देश म्यांमार में दमन के विरूद्ध बयान जारी कर चुके, फिर भारत ने लजाते-शमार्ते आधिकारिक वक्तव्य जारी करते हुए कहा था, म्यांमार की स्थिति को हम मॉनिटर कर रहे हैं। उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कानून के शासन को बनाये रखना चाहिए। वही घिसा-पिटा बयान, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और कानून का शासन! दमनकारी सैन्य शासक के विरूद्ध इतना सॉफ्ट होने का कारण क्या कारोबार है? इस संदर्भ में कुछ घटनाओं की चर्चा जरूरी है। जुलाई 2019 में अडानी पोर्ट के सीईओ करण अडानी जनरल मिन आंग हिलेंग से मिले थे। मकसद, यांगून इंटरनेशनल टर्मिनल पर कंटेनर पोर्ट बनाना था, जिसमें 290 मिलियन डॉलर निवेश की हामी हो गई थी। इस वास्ते म्यांमार इकोनॉमिक कोऑपरेशन (एमईसी) के खाते में बतौर लीज फीस 30 मिलियन डॉलर अडानी ग्रुप को जमा कराने थे। 31 मार्च, 2021 को खबर आई कि अडानी ग्रुप म्यांमार के मिल्ट्री शासकों से कोई डील नहीं चाहता है, और जून 2022 तक इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच रहा है।

मगर, रिलायंस के साथ ऐसा नहीं हुआ। 2014-15 वो कालखंड था, जब म्यांमार में लोकतंत्र की बयार बहने लगी थी। 26 मार्च, 2014 को रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड (आरआईएल) ने म्यांमार के दो तेल-गैस ब्लॉक केजी, डी-6 हासिल किये। लोगों को हैरानी हुई थी कि अनुमानित लागत से कम प्राइस कोट करने के बावजूद आरआईएल ने ये ब्लॉक हासिल कैसे कर लिये। बंगाल की खाड़ी में अवस्थित दोनों ब्लॉक कृष्णा-गोदावरी बेसिन में 8 हजार 100 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं। इसके साल भर बाद, 31 मार्च, 2015 को रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड और म्यांमा गैस एंड ऑयल इंटरप्राइज के बीच दो ऑफ शोर ब्लॉक, एम-17 और एम-18 से तेल-गैस दोहन के वास्ते समझौता हुआ। 27 हजार 600 वर्ग किलोमीटर का यह इलाका म्यांमार के पूर्वी हिस्से में टैनिनथार्यी नदी घाटी में अवस्थित है। इस साल के आखिर में, या फि र 2023 के आरंभ में ब्लॉक केजी व डी-6 से तेल, गैस का दोहन आरंभ हो जाएगा। इसके अलावा टैनिनथार्यी बेसिन से भी उत्पादन की खबर जल्द मिलेगी। तो क्या म्यांमार के विरूद्ध भारत के मुखर न होने की वजह हम दो-हमारे दो हैं?

शुक्रवार को अखबार द इरावदी की खबर थी कि म्यांमार में फांसी दिये जाने के समर्थन में जुलूस निकाले गये हैं। इसके आयोजन में सैन्य शासक समर्थक यूनियन सॉलिडरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी के कार्यकताओं और बौद्ध राष्ट्रवादियों की अहम भूमिका रही थी। जो देश सैन्य शासकों की निंदा कर रहे हैं, वहां के निवेशकों को म्यांमार में सताने का काम भी शुरू है। बुधवार को सैन्य शासन के प्रवक्ता जनरल जॉव मिन तुन का बयान आया था कि जिन कैदियों को मौत की सजा दी गई है, उन्हें एक बार नहीं, कई बार फांसी दी जानी चाहिए थी। इस बयान से पहले मंगलवार को म्यांमार विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन की आलोचना का प्रतिकार करते हुए कहा था कि ये देश और संगठन हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं।

## ईश्वर के पहरेदार बने बैठे ये स्वयंभू धर्म दूत

**सऊदी पुलिस ने इस मामले में पूरी तत्परता दिखाते हुये सऊदी अरब के ही निवासी एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया गया है। आरोप है कि इसी व्यक्ति ने चैनल 13 के इसराइली टीवी पत्रकार गिल तामरी को मक्का में प्रवेश कराने में सहायता की थी। हालांकि अपनी मक्का यात्रा के बाद पत्रकार तामरी ने यह कहते हुये माफी मांगी है कि वे -धार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए मक्का और इस्लाम की सुंदरता दुनिया को दिखाना चाहते थे। वीडियो में तामरी को स्वयं ये बोलते भी सुना जा सकता है कि सऊदी कानून के अनुसार गैर-मुसलमानों का यहाँ आना वर्जित है। मेरे लिए भी यहां पहुंचना असंभव था। परन्तु मुझे यहां एक बहुत अच्छे व्यक्ति (गाईड) मिले जिन्होंने अपनी जान खतरे में डालकर मुझे यहां ले जाने का फैसला किया।**





**तनवीर जाफरी**
**लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।**

इजराइल के चैनल 13 के एक यहूदी टीवी पत्रकार गिल तामरी ने पिछले दिनों सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का में प्रवेश कर वहाँ का एक वीडियो बनाया और उस वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। उसके बाद सऊदी अरब प्रशासन में खलबली मच गयी। सऊदी पुलिस ने इस मामले में पूरी तत्परता दिखाते हुये सऊदी अरब के ही निवासी एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया गया है। आरोप है कि इसी व्यक्ति ने चैनल 13 के इसराइली टीवी पत्रकार गिल तामरी को मक्का में प्रवेश कराने में सहायता की थी। हालांकि अपनी मक्का यात्रा के बाद पत्रकार तामरी ने यह कहते हुये माफी मांगी है कि वे -ह्लधार्मिक सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए मक्का और इस्लाम की सुंदरता दुनिया को दिखाना चाहते थे।ह्ल वीडियो में तामरी को स्वयं ये बोलते भी सुना जा सकता है कि ह्यह्लसऊदी कानून के अनुसार गैर-मुसलमानों का यहाँ आना वर्जित है। मेरे लिए भी यहां पहुंचना असंभव था। परन्तु मुझे यहां एक बहुत अच्छे व्यक्ति (गाईड) मिले जिन्होंने अपनी जान खतरे में डालकर मुझे यहां ले जाने का फैसला किया। इस पूरे प्रकरण में मक्का पुलिस का कहना है कि मक्का में प्रवेश करने वाले इसराइली पत्रकार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मक्का पुलिस प्रवक्ता ने एक बार फिर पुरजोर तरीके से यह कहा है कि सऊदी अरब आने वाले लोग यहाँ के नियम-कानूनों का पालन करें, खासतौर पर दो पवित्र मस्जिदों और अन्य पवित्र जगहों के मामले में। अन्यथा कानूनों का उल्लंघन करने वालों को सऊदी कानून के अनुसार सजा दी जाएगी। गौर तलब कि मक्का शहर के चारों ओर नगर की एक सीमा निर्धारित की गयी है और इन सीमाओं के प्रवेश द्वार पर बड़े अक्षरों से बोर्ड पर लिखा गया है कि गैर मुस्लिमों का मक्का की सीमाओं में प्रवेश वर्जित, केवल मुस्लिम मक्का में दाखिल हो सकते हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर वही बहुचर्चित सवाल विश्व स्तर पर पूछा जाने लगा है कि आखिर हज की रस्म अदा करने के लिये सऊदी अरब के पवित्र मक्का शहर में गैर मुस्लिमों का प्रवेश क्यों वर्जित है। हज के तौर तरीकों और हज अदायगी को करीब से देखने की उत्सुकता रखने वाले दुनिया के तमाम लोग सऊदी सरकार के इस फैसले से व्यथित हैं। केवल गैर मुस्लिम ही नहीं बल्कि दुनिया के मुसलमानों का भी एक बड़ा वर्ग जो हमेशा से सऊदी सरकार के इस ह्यगैर मुस्लिम का मक्का प्रवेश निषेधह्ल नीति का विरोधी रहा है वह भी पुनः मुखरित हो उठा है। गौर तलब है कि हज स्थल मक्का (काबा शरीफ) चूँकि सऊदी अरब में इत्तेफाकन इसलिये स्थित है क्योंकि इस्लाम धर्म की शुरूआत अरब से ही हुई और यही इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद साहब की जन्म व कर्मस्थली भी रही है। परन्तु चूँकि इस्लाम विश्वस्तर पर फैल चुका है और पूरी दुनिया के लोग हज या उमरा करने मक्का आते जाते रहते हैं इसलिये दुनिया का मुसलमान इन पवित्र धार्मिक स्थलों पर अपना भी समान अधिकार समझता है। कई बार मुस्लिम जगत में यह चर्चा भी हो चुकी कि सऊदी अरब में हज उमरा आदि धार्मिक गतिविधियों के नियम कायदे यहाँ तक कि अलग अलग देशों का वीजा कोटा निर्धारण करने के लिये इस्लामी देशों की विश्वस्तरीय संयुक्त कमेटी बनायी जाये।परन्तु ठीक इसके विपरीत सऊदी सरकार इन स्थानों पर अपना आधिपत्य समझती है। और इस पवित्र क्षेत्र में अपनी ही सोच विचार के अनुसार नियम कानून निर्धारित व लागू करती है। गैर मुस्लिमों के मक्का प्रवेश निषेध मामले पर वह यही कहकर पल्ला झाड़ती कि अन्य देशों की तरह किसी भी क्षेत्र या किसी भी व्यक्ति को वीजा देना या न देना उसका अपना अधिकार है इसके लिये कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। परन्तु मक्का के अतिरिक्त भी अनेक इस्लामी धर्मस्थल ऐसे हैं जहां पूरे वर्ष और चौबीस घंटे मक्का और मदीना से भी ज्यादा दर्शनार्थियों व पर्यटकों की भीड़ रहती है। उदाहरण के तौर पर करबला,नजफ सीरिया और इराक के अनेक रौजे हर समय दशार्नार्थियों से भरे रहते हैं। भारत और पाकिस्तान की अनेकानेक विश्व स्तरीय मस्जिदें व दरगाहें हर समय आम लोगों के दर्शन व भ्रमण के लिये खुली रहती हैं। ऐसी जगहों पर सरकार या धर्मस्थान का प्रबंधन न किसी से किसी का धर्म पूछता है न जाति न नागरिकता। ऐसे में विश्व के सबसे महत्वपूर्ण इस्लामी धर्मस्थल मक्का पर सऊदी सरकार द्वारा थोपा गया ह्यप्रवेश प्रतिबंध कानूनह्ल न केवल समानता जैसे इस्लामी सिद्धांतों को चुनौती देता है बल्कि इस्लाम विरोधी भावना रखने वालों को तरह तरह के निराधार तर्क गढ़ने के भी अवसर देता है। सऊदी सरकार के इस फैसले में शिया व बरेलवी समुदाय को लेकर भी काफी विरोधाभास है। क्योंकि इन दोनों ही समुदाय के लोग बड़ी संख्या में हज व उमरा करने के लिये जाते रहते हैं। और सऊदी सरकार इनको वीजा भी देती है। परन्तु अहमदिया मुसलमान अन्य गैर मुस्लिमों की तरह हज करने नहीं जा सकते। इन्हें सऊदी सरकार गैर मुस्लिम की श्रेणी में रखती है। अरब,भारत,बंगलादेश,अफगानिस्तान व पाकिस्तान के अनेक सुन्नी वहाबी मुसलमान समय समय पर शिया व बरेलवी समुदाय के विरुद्ध फतवे जारी कर इन्हें भी गैर मुस्लिम और मुशरिक (बहुदेववादी) बताते रहे हैं। क्योंकि यह लोग ताजियादारी करते हैं, पीरों फकीरों की मजारों पर दुआएं मांगते हैं,या अली मदद बोलते हैं,और इन सब के सामने हाथ उठाकर दुआएं मांगते हैं। इसलिये वहाबी मतावलंबी इन समुदाय के लोगों को कभी काफिर तो कभी मुशरिक की उपाधियों से नवाजते रहते हैं। सवाल यह है कि जब सऊदी अरब में भी वहाबी विचारधारा की हुकूमत है तो वह शिया व बरेलवी मुसलमानों पर भी मक्का में प्रवेश वर्जित करने का साहस क्यों नहीं करती? और अहमदिया मुसलमानों पर क्यों प्रवेश निषेध किया हुआ है? क्या यह वहाबियों को तय करना है कि एक अल्लाह का कलमा पढ़ने के बावजूद उनकी नजरों में कौन सा मुस्लिम समुदाय मुसलमान है और कौन मुशरिक या काफिर? किसी भी धर्म के किसी भी धर्मस्थान में धर्म या जाति के आधार पर किसी भी श्रद्धालु को जाने से मना करने का अधिकार मेरे विचार से किसी भी व्यक्ति,सरकार अथवा शासक को नहीं होना चाहिये।

## बैंकों का निजीकरण सभी समस्याओं का समाधान

**अजीत रानाडे**

यह विचार स्पष्ट रूप से गलत है कि भारत में बैंकिंग की सभी बुराइयों के निराकरण के लिए बैंकों का निजीकरण रामबाण उपाय है। सभी विफलताएं हाई-प्रोफाइल निजी बैंकों की रही हैं। सभी बैंक विफलताओं की शुरूआत 2008 में अमेरिका और पश्चिमी देशों में लेहमैन बैंक के पतन के साथ शुरू हुई और इसके प्रभाव से वैश्विक वित्तीय संकट पैदा हुआ। 1969 में जुलाई के तीसरे सप्ताह में दो महत्वपूर्ण घटनाएं हुईं थीं। उनमें से एक राष्ट्रीय और दूसरी अंतरराष्ट्रीय घटना है। 20 जुलाई को चंद्रमा पर पहली बार मानव उतरा जो भारतीय समयानुसार रविवार की सुबह लगभग 8 बजे हुई थी। इससे बारह घंटे पहले 19 जुलाई को भारत में प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राष्ट्र के नाम घोषणा की कि सरकार 14 निजी बैंकों का अधिग्रहण कर रही है जिनमें देश की 85 प्रतिशत राशि जमा है। एक घटना एक तकनीकी सफलता थी जबकि दूसरी ने राजनीतिक दुस्साहस का प्रदर्शन किया। प्रत्येक घटना का दीर्घकालिक प्रभाव था, एक अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम के विकास पर और दूसरा बैंकिंग और वित्त के विकास पर। आइये, बैंक राष्ट्रीयकरण के दीर्घकालिक प्रभाव पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 1969 के बाद से अर्थव्यवस्था 50 गुना बड़ी हो गई है। उस समय उन 14 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास जमा पूंजी 100 करोड़ रुपये भी नहीं थे जबकि आज सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के पास 100 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। वित्तीय क्षेत्र की गहरी पैठ होना इसकी औपचारिकता और देश के हर कोने में इसका प्रसार अभूतपूर्व रहा है 53 वर्षों के बाद पीएसबी के साथ जमा राशि का हिस्सा अभी भी 70 प्रतिशत है जो उस दिन राष्ट्रीयकरण के बाद से केवल 15 प्रतिशत की गिरावट बता रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा बैंकों के राष्ट्रीयकरण के कदम को राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल गई थी लेकिन जल्दबाजी में बने इस कानून को सुप्रीम कोर्ट ने महज छह महीने बाद ही अस्वीकृत कर दिया था। इसलिए अदालत की बाधा को दूर करने के लिए एक संशोधित अध्यादेश पारित करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने इस निर्णय से अपार लोकप्रियता और राजनीतिक लाभ प्राप्त किया क्योंकि पिछले बीस वर्षों में सैकड़ों निजी बैंक डूब गए थे। जनता ने सही या गलत तरीके से माना कि उनका पैसा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सुरक्षित था। यह भावना आज तक बनी हुई है। यहां तक कि वर्तमान सरकार ने निजी बैंकों के बजाय पीएसबी पर निर्भरता दिखाई है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री जनधन योजना (जेडीवाई) के 90 प्रतिशत से अधिक, करीब 45 करोड़ खाते पीएसबी द्वारा खोले गये थे। यह दुनिया का सबसे प्रमुख वित्तीय समावेशन अभियान है और इसने जेडीवाई खातों में सरकारी सब्सिडी को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पहुंचाने में मदद की है। कोविड के दौरान भी ये खाते अमूल्य साबित हुए हैं। उनके पास एक बीमा कवर के साथ-साथ ई खातों से जुड़ी एक ओवरड्राफ्ट सुविधा भी है। छोटे उद्यमों के लिए मुद्रा ऋ ण भी ज्यादातर पीएसबी का एक विशेष डोमेन है। क्रेडिट पक्ष पर भी सरकार की परियोजनाओं के लिए ऋ ण का बड़ा हिस्सा, चाहे वह बंदरगाहों, सड़कों या रेलवे या अन्य बुनियादी ढांचे के प्रयासों में हो, पीएसबी के माध्यम से होता है। इसका ताजा उदाहरण उत्तरप्रदेश का बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे है जिसकी अनुमानित लागत 15 हजार करोड़ है। एक्सप्रेस-वे के लिए पीएसबी के सहायक संघ से लोन उठाया गया है। बैंक की विफलताओं के मामलों में भी पीएसबी बचाव के लिए आते हैं। यस बैंक को हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वास्तविक रूप से (तकनीकी रूप से नहीं) लिया गया था। कुख्यात ग्लोबल ट्रस्ट बैंक को 2004 में ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने बचाया था। यदि कोई केवल पीएसबी के व्यवसायिक प्रदर्शन को देखता है तो तस्वीर कुछ साफ नहीं आती है। निजी बैंकों की तुलना में पीएसबी के खराब ऋ णों की मात्रा बहुत खराब है। इन्हें गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (नॉन परफार्मिंग एसेट-एनपीए) कहा जाता है। क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी ट्रांसयूनियन सिबिल की एक हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि बैंक का कर्ज जानबूझ कर डुबोने वालों जिनके खिलाफ बैंकों ने कानूनी कार्रवाई शुरू की है, पिछले दस वर्षों में 10 गुना बढ़ गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- टुनटुन यादव

फतुहा। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव लगातार वार्डों में विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं। ऐसे में रविवार को मिजार्पुर नोहटा निवासी प्रो. जवाहर प्रसाद के निवास पर लोगों से मिलकर विकास कार्यों का जायजा लिया और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव ने बताया कि फतुहा शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं इसी दौरान यादव ग्रूप द्वारा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि टुनटुन यादव का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर यादव, पार्षद जयप्रकाश यादव उर्फ चंगरू जी, संजय कुमार बिट्टू, दीपक कुमार, पार्षद प्रतिनिधि शिबू यादव, प्रो० जवाहर लाल प्रसाद, राजद नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, संजीत यादव, छोटू कुमार, अंडू यादव, कोमल यादव, राजवीर सोनी, राहुल यादव सहित यादव ग्रुप के समस्त कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### कोविड 19 के लिंक पर क्लिक करने पर तेरह हजार रुपए की चपत

फतुहा। अगर आप किसी पुरस्कार या लॉटरी के चक्कर में किसी लिंक पर क्लिक करते हैं तो आपका खाता खाली हो जाएगा। ऐसे ही एक मामला आया है जिसमें गोविंदपुर निवासी एक युवती के मोबाइल पर कॉल कर किसी अंजान ने कहा कि आपका कोविड 19 के तहत दो हजार रुपए आया है। आपके मोबाइल पर एक लिंक गया है उस पर क्लिक कीजिए, उसके बाद दो हजार रुपए आपके खाते में चला जाएगा। इस तरह उस अंजान व्यक्ति ने लिंक पर सात बार क्लिक करवा कर पीड़ीता के खाते से तेरह हजार रुपए निकाल लिया। पीड़िता द्वारा इस संबंध में थाना में शिकायत दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### 32 लीटर देशी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

बाढ़। अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना की पुलिस ने वाहन जांच के क्रम में 32 लीटर देशी शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया की अथमलगोला थाना पुलिस द्वारा थाना के निकट वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी क्रम में बख्तियारपुर की ओर से एक प्लास्टिक का बोरा लदा ई-रिक्शा चला रहा था। जिस पर दो युवक सवार थे। उनकी संदिग्ध गतिविधियों के मद्देनजर जब हवा हवाई को रोक कर प्लास्टिक के बोरा की तलाशी ली गई तो उसमें से 32 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। इसके उपरांत बख्तियारपुर निवासी दोनों युवकों विनय कुमार और गोलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें विभिन्न सुसंगत धाराओं के अधीन आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# कंगन घाट के पर्यटन भवन में जेपी नड्डा ने सुनी मोदी के मन की बात

## भाजपाई व विभिन्न संस्थाओं ने भी किया स्वागत, दिया अंगवस्त्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रविवार को पटना साहिब में भव्य स्वागत किया गया। अपने सम्मान और अभिनंदन से अभिभूत श्री नड्डा गाड़ी से निकल कर संक्षिप्त संबोधन करने से भी नहीं चूके। कार्यकताओं व आमजनों के साथ कंगन घाट स्थित पर्यटन भवन में पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के बाद दर्जनों संस्थाओं की ओर से सम्मान में अंग वस्त्र देने का तांता लग गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री नड्डा के छोटी पहाड़ी से पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही वहां भाजपा नेता बलराम मंडल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। चौकशिकारपुर में सजे मंच और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख उन्होंने गाड़ी का दरवाजा खोल माइक थाम ली और संबोधित किया। पूर्व डिप्टी मेयर संतोष मेहता, चौक मंडल के अध्यक्ष सन्नी यादव, अवधेश सिन्हा, संजीव सिन्हा, प्रफुल्ल कुमार पांडेय के साथ जल्ला महावीर, सती सत्यवान, लखन श्याम विद्रोही मंडल और वार्ड 62 के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने यहां की कमान संभाल रखी थी। भगत सिंह चौक, मारवाड़ी सेवा समिति और कचौड़ी गली मोड़ पर वार्ड 66, संजीव यादव, शशिशेखर रस्तोगी, राजेश साह, ललित अग्रवाल, संजीव देवड़ा, राजेश चौधरी, भगवती मोदी, खाजेकलां मंडल, चित्रगुप्त मंडल के अशोक भारती, पूरब द्वार मंडल राजू जायसवाल, मारुफगंज व मालसलामी मंडल के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा किया। छोटी पहाड़ी, बाईपास रोड, गुरुगोविंद सिंह पथ, चौक, झाऊगंज, कंगन घाट सहित आसपास के इलाके को भाजपा के झंडे और नेताओं के भव्य कटआउट से पाट दिया गया था।

उनके साथ प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद रामकृपाल यादव, सांसद रामा देवी, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, राज्य के मंत्री नारायण प्रसाद, निवर्तमान महापौर सीता साहू ने भी तख्त साहिब में मत्था टेका। वरिष्ठ भाजपा नेता और क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव ने सभी स्थानों पर उनकी आगवानी की। पीएम की मन की बात सुनने श्री नड्डा एवं अन्य अतिथि कंगन घाट के पर्यटक भवन में पहुंचते ही पार्टी के जयकारे से इलाका गूंज उठा। समयाभाव रहने के बावजूद श्री नड्डा दर्जनों संस्थाओं की ओर से सम्मान व अभिनन्दन में पुष्प-गुच्छ एवं अंग वस्त्र स्वीकारा और भव्य कार्यक्रम के लिए क्षेत्रीय विधायक नंदकिशोर यादव को धन्यवाद दिया।

# बालू पर प्रतिबंध के विरोध में मजदूरों का प्रदर्शन



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार में बालू पर प्रतिबंध लगने के बाद मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या आ खड़ी हुई है। इसे लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा सुदर्शन पथ के नून का चौराहा में प्रदर्शन किया गया। इसमें बालू मजदूर भी शामिल थे। इसका नेतृत्व आप नेता अरविंद कुमार पंकज ने किया। प्रदर्शनकारी हाथ में तख्ती लेकर रोटी दो, रोटी दो का नारा लगाते हुए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने हाथ में करणी, वसूली एवं पट्टा भी ले रखा था। श्री पंकज ने कहा कि बालू पर प्रतिबंध लगाना मुख्यमंत्री का तानाशाही रवैया है। इसके चलते बालू पर आधारित मजदूर/कामगार बेरोजगार हो गए हैं। पटना जोन के प्रभारी श्रीमती उमा दफ्तुआर ने कहा कि सीएम के फैसले से मजदूरों के पेट पर लात लगी है। बिहार सरकार से मांग की है कि बालू पर से पाबंदी तत्काल हटाई जाए, नहीं तो मजदूर ह्लरोटी दो, नहीं तो जेलह्व नामक कार्यक्रम चलाएगी। संबोधित करने वालों में आप के प्रदेश प्रवक्ता बबलू प्रकाश, प्रदेश मीडिया समन्वयक राजेश सिन्हा, मजदूर नेता देवी दयाल तथा मो सलीम रजा ने कहा कि बालू बंद होने से मजदूर के परिवार की स्थिति भयावह हो गई है।

# दशमेश पिता के दरबार में आकर मिलता शक्ति व भक्ति

## दरबार साहिब में सरोपा, तलवार व प्रतीक चिन्ह किया गया भेंट



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय प्रकाश नड्डा पटना साहिब आने के बाद सबसे पहले दशमेश पिता के अवतार स्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचे। यहां स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव के नेतृत्व में लोगों ने श्री नड्डा और अन्य वरीय नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद श्री नड्डा दरबार साहिब गए। यहांन मत्था टेकने के बाद जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन ने श्री जेपी नड्डा, संजय जायसवाल, रामकृपाल यादव, नंदकिशोर यादव आदि को सरोपा प्रदान किया गया। श्री नड्डा को कमेटी के प्रधान अवतार सिंह हित, वरीय उपाध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, लखबिंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह व गुरुबिंदर सिंह ने तलवार व दशमेश पिता का प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। यहां कमेटी की ओर से एक मांग पत्र भी श्री नड्डा को सौंपा गया। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने श्री हित व जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह को दिल्ली में मिलने और इस पर विमर्श करने की बात कही।

### गंगा में डूबने से वृद्ध की मौत



**पटना सिटी।** महावीर घाट पर रविवार की सुबह गंगा स्नान के क्रम में गंगा में डूब कर एक वृद्ध की मौत हो गयी। आलमगंज थाना की पुलिस ने शव को बरामद कर एनएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलमगंज थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उम्र करीब 70 साल है। शरीर पर पीला रंग का कुर्ता, काला गंजी एवं उजला धोती है। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। शव को पोस्टमार्टम हाउस में 72 घंटे तक सुरक्षित रखा गया है।

# मच्छरहट्टा के व्यवसायी व व्यापारियों को मिलेगा ठंडा पानी



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मच्छरहट्टा के व्यवसायियों और कारोबारियों को अब ठंडा पानी पीने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। दरअसल घघा गली में रहने वाले मोदी परिवार की ओर से पटना सिटी व्यापार मंडल के कार्यालय के पास शीतल पेयजल धारा लगवाया गया है।

इसका शुभारंभ रविवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि शिव प्रसाद मोदी ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट से पर्दा हटा कर इसका शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के रूप में उन्हें व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और सभी व्यवसायियों ने सेवक का एक मौका दिया है और उन्हें खुशी है कि यहां ठंडे पानी की मशीन वह आज अपने माता-पिता स्व लक्ष्मी देवी व स्व दुर्गा प्रसाद मोदी की स्मृति में इसे सौंप रहे हैं।

आगे भी वह इस तरह का समाजसेवा अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर करते रहेंगे। इस दौरान भगवती प्रसाद मोदी, ओम प्रकाश मोदी, रमेश कुमार मोदी, पवन कुमार मोदी, सज्जन कुमार मोदी आदि मौजूद थे। सभा की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और संचालन महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता अरुण मिश्रा, उदय राय, राजकुमार शर्मा, असगर अली, अजय यादव, विवेक द्विवेदी, भूषण खत्री, पप्पू पटवा, फिरोज खान, दिलीप कुमार, अवधेश कुमार सिन्हा, रतन कुमार पोद्दार, संजीव कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

# दादी जी की झूलनोत्सव पर हुआ मंगल पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

झूला डालो रे कदम की डाल दादी माहरी झूल रही। सावन सुरंगो जोर को जी कोई झूलो सती मात भक्त झुलावे जी, सावन की रुत है आई मां हम झूला तो झूला आएंगे जैसे अनेक भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल पटना सिटी द्वारा रविवार को मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजित श्री दादी जी झूलन महोत्सव का घंटा, घड़ियाल और नगाड़ों के बीच आचार्य हरिकांत झा की देखरेख में दादी जी की मंगला आरती से हुआ। इसके बाद मुख्य यजमान शिव कुमार झुनझुनवाला सपत्नी पूजा-अर्चना किया। दादी जी का अलौकिक श्रृंगार, मेहंदी उत्सव, दादी जी का सिंघाड़ा , 56 भोग के साथ हरे पत्तों के बीच दादी



जी झूलन पर विराजमान थीं। 251 महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ किया गया। पाठ को स्वर दिया राजेश देवड़ा और कोमल देवड़ा ने। महिलाएं लाल पीले वस्त्रों में राजस्थानी चुनरी लिए हाथों में मेहंदी लगाए दादी जी को रीझा रही थीं। महोत्सव को सफल बनाने में संयोजक चंद्रप्रकाश झुनझुनवाला, सतीश अग्रवाल, राजाराम शर्मा, संजीव देवड़ा, सुभाष झुनझुनवाला, ओम राजगढ़िया, प्रशांत झुनझुनवाला, अशोक झुनझुनवाला, अमित झुनझुनवाला आदि सक्रिय थे।

# सद्गुरु कबीर ने प्रेम को भक्ति भाव से जोड़ा- महंत ब्रजेश मुनि

## आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा में साप्ताहिक सत्संग

फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय दरियापुर स्थित कबीर मठ फतुहा में रविवारीय सप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कबीर मठ के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने सद्गुरु कबीर साहेब का उपदेश बताते हुए कहा कि सदगुरु कबीर साहेब ने प्रेम को भक्ति भाव से जोड़ा सदगुरु कबीर साहेब कहते हैं कि प्रेम न बाडी उपजे प्रेम न हाट बिकाई। राजा परजा जेह रुचे सीस देह ले जाई। प्रेम एक ऐसी चीज है जिसे बस महसूस किया जा सकता है। प्रेम किसी खेत में नहीं बोया जा सकता, न ही वो किसी दुकान पर बिकता है। प्रेम तो ऐसी भावना है जो हम सबके अंदर होती है , बस जरूरत है उसे प्रकट करने की। कोई राजा को या कोई रैंक हो, प्रेम बलिदान मांगता है, प्रेम त्याग मांगता है, बिना त्याग और बलिदान के प्रेम नहीं मिल सकता। प्रेम हासिल



करने के लिए हमें लालसा, घमंड, बुरी आदतों का त्याग और बलिदान करना पड़ेगा। प्रेम कोई वस्तु नहीं है बल्कि ये वो एहसास है जो किसी भी वस्तु से बढ़कर है। पढ़ी पढ़ी के पत्थर भया लिख लिख भया जू ईंट। कहें कबीरा प्रेम की लगी न एको छींट। प्रेम दुनिया में किसी भी चीज से बड़ा होता है। ये ज्ञान से भी बड़ा होता है। अपने बहुत सारा ज्ञान इकट्ठा कर लिया और हजारों किस्म का ज्ञान इकट्ठा करके अगर आपका हृदय कठोर हो गया है , आप प्रेम को नहीं समझ रहे तो उस ज्ञान का कोई लाभ नहीं। आपसे अच्छा वो अज्ञानी है जो प्रेम की भाषा को समझता है। अगर आपको प्रेम का ज्ञान है तो आप सर्वज्ञानी हो। प्रेम का छोटा सा छींटा भी किसी पत्थर को संजीव बना सकता है। जिहि घट प्रेम न प्रीति रस, पुनि रसना नहीं नाम। ते नर या संसार में, उपजी भए बेकाम। सदगुरु कबीर के अनुसार जिसके दिल में प्रेम नहीं है, जिसने कभी किसी से प्रेम से बात नहीं की, किसी के सामने प्रेम व्यक्त नहीं किया, जिसने कभी प्रेम से भगवान राम का नाम नहीं लिया उसका जन्म व्यर्थ है। वो धरती पर आया न आया एक बराबर है। इस अवसर पर काशी के संत अशोक दास न्यास समिति के सदस्य शारदा देवी, संत महेश जी, दर्शन बाबा, कौशल मुनि,संत उमा दास, संत रामजी दास ने भी साधु संगति की। सत्य नाम साहेब, खोबी लाल साहेब, भक्ति मति राधा ने कबीर साहेब के भजन गाकर भक्ति भाव का अलख जगाया।

# 14 वर्षीय किशोर लापता, प्राथमिकी दर्ज



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

बहादुरपुर थाना क्षेत्र के वाचस्पति नगर हनुमान मंदिर के पास रामसिंगार राय का 14 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार लापता है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि बड़ा पुत्र प्रशांत निजी स्कूल में सातवां का छात्र है। 27 जुलाई को शाम चार बजे उसी स्कूल में कोचिंग के लिए गया था। इसके बाद घर वापस नहीं लौटा है। परिजनों ने संभावित स्थान पर खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पिता ने 30 जुलाई को मामले की लिखित जानकारी बहादरपुर थाना की पुलिस को दी है। पुलिस ने बताया कि कांड अंकित कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से एक युवक जख्मी

**बाढ।** अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के जमालपुर पेट्रोल पंप के निकट एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बख्तियारपुर की ओर से बाढ़ की तरफ जा रही तेज रफ्तार हाईवा जमालपुर पेट्रोल पंप के निकट अचानक अनियंत्रित हो गई। और गड्ढे में पलट गई। इस क्रम में बाढ़ एकडंगा निवासी जनार्दन प्रसाद का 25 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसे स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल इलाज हेतु पास के निजी क्लीनिक में ले जाया गया। लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। वहां भी उसकी स्थिति में सुधार नहीं होता देखकर चिकित्सकों ने उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। जहां फिलहाल वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

# महिला की मौत पर जमकर लोगों ने हंगामा किया

बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

बीते शनिवार की रात्रि में बिहटा के जीजे कॉलेज रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में एक प्रसूता की मौत हो गई।इसके बाद उसके स्वजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।डियूटी पर तैनात दो कंपाउंडर द्वारा विरोध करने पर उनके साथ मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ किया।घटना की सूचना पर बिहटा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया।मृतका की पहचान सिगोड़ी थाना क्षेत्र के पतौना गांव निवासी राज कुमार शर्मा के 25 वर्षीय पत्नी शिल्पा कुमारी के रूप में की जा रही है।इस संबंध में मृतका का पति राज कुमार शर्मा ने बिहटा थाना में लिखित शिकायत देकर चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।वही नर्सिंग होम के मालिक डॉ कृष्ण कुमार ने चार लोगों को नामजद करते हुए अज्ञात 100 लोगों के खिलाफ मारपीट एवं तोड़फोड़ करने की शिकायत दर्ज कराई है।पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन में जुटी है।मिली जानकारी के अनुसार राज कुमार शर्मा की शादी बिहटा के नत्थूपुर निवासी शिल्पा कुमारी के साथ हुई थी।शिल्पी के गर्भवती होने पर वह अपनी मायके बिहटा नत्थूपुर में रहकर बीते छह माह से उक्त नर्सिंग होम में इलाज करवा रही थी।शनिवार की रात अचानक सीने में दर्द होने की शिकायत पर उसके स्वाजनो ने उक्त नर्सिंग होम में इलाज के लिये आयी थी।लेकिन इलाज कुछ ही क्षण के बाद उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना पर लोग आक्रोशित होकर हंगामा शुरू कर दिया।डियूटी पर तैनात कंपाउंडर शशी कुमार एवं अनूप कुमार ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दिया। अचानक बढ़ता बबाल को देख मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ कृष्ण कुमार ने बिहटा पुलिस को सूचित कर दिया।जिसके बाद उनलोगों ने चिकित्सक को पकड़ उनके साथ दुर्व्यवहार शुरू कर दिया।स्वाजनो का आरोप था कि चिकित्सक के द्वारा त्वरित इलाज नही किया गया है।उनलोगों ने चिकित्सक पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय से समुचित इलाज होता तो शायद शिल्पा बच जाती।वही नर्सिंग होम के चिकित्सक डॉ कृष्ण कुमार ने इलाज में लापरवाही का आरोप गलत बताया है।उनका कहना है कि प्रसूता की बीपी काफी बढ़ गयी थी ।उनका समुचित इलाज किया गया है।उन्होंने कहा कि मौत के बाद असमाजिक तत्वों ने साजिस के तहत नर्सिंग होम को बदनामी करने के लिये तोडफोड़ एवं मारपीट किया गया है ।उनका कहना है आक्रोशितों के द्वारा की गई कुकृत में करीब तीन से चार लाख रुपये की नुकसान है। इस संबंध में बिहटा थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने एक प्रसूता की मौत पर तोड़फोड़ की मामले की पुष्टि करते हुए बतलाया की शिकायत दोनो तरफ से दी गयी है ।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पस्ट होगा ।

### एक शाम रफी के नाम

**पटना सिटी।** मशहूर गायक स्व मो रफी की पुण्यतिथि पर उनकी याद मेंचन्द्र माल्य महादेव मंदिर रोड स्थित एक सामुदायिक भवन में एक शाम रफी के नाम का अयोजन किया गया। महफिल में आनन्द म्यूजिक ग्रुप के कलाकार प्रेम कुमार शर्मा के द्वारा बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है, ये रेशमी जुल्फें ये शरबती आंखें, फूलों की रानी बहारों की मलिका, मुझे याद रहा तू भूल गई आदि गीत गायक प्रेम कुमार शर्मा ने गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकार के द्वारा नाल और ढोलक पर जूली, की-बोर्ड पर सन्नी कुमार, औपटो पैड पर विनीत कुमार और गिटार पर अमरनाथ ने श्रोताओं को बजा कर सुनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व चुन्नू चन्द्रवंशी ने किया। इस दौरान दिव्य सुन्दर, बाबू भाई, मुकेश ठाकुर, मनोज शर्मा, संजय कुमार, राजेश कुमार चंद्रवंशी, विरेन्द्र कुमार पप्पू, संतोष कुमार शर्मा और गणेश कुमार शामिल हुए।

# माता पद्मावती का सोलह श्रृंगार के साथ विधान संपन्न

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लंगूर गली स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन गुरारा मंदिर में तीन दिनों से चल रहे मां पद्मावती आराधना महोत्सव का समापन रविवार को विधि-विधान के साथ हो गया। श्रद्धालुओं ने माता की आराधना में अर्घ्य समर्पित किया।

प्रवीण जैन ने बताया कि देश में विराजमान समस्त माता पद्मावती के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस दौरान जिनशासनी माता पद्मावती का भव्य दरबार सजा कर कर भक्तों ने अर्घ्य का सुसज्जित आकर्षक पूजा थाल में 24 प्रकार का अर्घ्य, अनेकों फल, मिष्ठान, मोदक, नैवेद्य चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का जलाभिषेक, शांतिधारा व पूजा-पाठ किया गया। प्रतिष्ठाचार्य डॉ आनंद



प्रकाश जैन शास्त्री के निर्देशन में महिला श्रद्धालुओं ने मां पद्मावती का सोलह श्रृंगार और गोद भराई की रस्म मंत्रोच्चारण पूर्वक किया। देवी पद्मावती की वेदी आकर्षक फूल और मालाओं से भव्य सुसज्जित सजाये गये थे। माता पद्मावती का महाआरती कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

### भाकपा सम्मेलन में संकल्प, महंगाई व बेरोजगारी पर करेंगे आंदोलन

**पटना सिटी।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की चौक शाखा का सम्मेलन मंगल तालाब स्थित बिहार हितैषी पुस्तकालय परिसर में जयप्रकाश मालाकार व जफर इमाम की अध्यक्षता व शंभू शरण प्रसाद के संचालन में हुई। इसका उद्घाटन राज्य परिषद सदस्य मोहन प्रसाद ने की. सम्मेलन को राज्य कार्यकारिणी सदस्य विश्वजीत कुमार,सचिव देवरतन प्रसाद, मो रिजवान, शेषनाथ मेहता, केसरी कुमार राही, कुमार बिंद, आशुतोष कुमार सिंह, मो शौकत, सुरेंद्र यादव, रघुनाथ प्रसाद यादव, श्रीकांत पासवान, टुनटुन पासवान, विनय कुमार साहू, जगदीश राय आदि ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि जनता महंगाई व बेरोजगारी से त्रस्त है। धर्म के नाम पर सामाजिक एकता को तोड़ने की साजिश समेत अन्य बिंदुओं पर संघर्ष का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### 126 ली शराब के साथ दो गिरफ्तार

उदवंतनगर। थाना क्षेत्र के बेलाउर बंगला व जयनगर गांव के बीच उदवंतनगर पुलिस ने आटो पर लदा शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस को बड़ी मात्रा में आटो व लदा शराब ले जाने की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो उठी तथा आटो को बेलाऊर बंगला व जयनगर गांव के बीच दबोच लिया। थानाध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि रविवार को 126 ली देसी शराब के साथ दो कारोबारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कारोबारी राजू कु व संदीप कुमार बिन्दटोली, आरा के निवासी बताए जाते हैं।

### ओबीसी के सवैधानिक जन्मदाता एवम् सवैधानिक रखवाला कोई नहीं: विजय कश्यप

बेतिया। आरक्षण दिवस के उपलक्ष मे प्रेस को संबोधित करते महापौर प्रत्याशी विजय कश्यप ने कहा कि इस देश में ओबीसी के संवैधानिक जन्मदाता एवम् संवैधानिक रखवाला कोई नहीं, बल्कि बाबा साहेब आंबेडकर ही हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नए आर्थिक आयाम पाने की ओर अग्रसर: अश्विनी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री श्री अश्विनी चौबे ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत नए आर्थिक आयाम पाने की ओर अग्रसर है। इस दिशा में, भारत को आत्मनिर्भर बनाने एवं भारतीय उत्पादों को वैश्विक मान्यता दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वोकल फॉर लोकल मंत्र का आह्वान किया है। घरेलू उत्पादों की सफलता के लिए उनकी गुणवत्ता को विश्व स्तरीय एवं उनके दामों को प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना आवश्यक है जिससे भारत अपने 5 ट्रिल्यन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला सपना साकार कर सकता है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौबे आज 31जुलाई 2022 को पटना में भारतीय मानक ब्यूरो शाखा कार्यालय



के नवीनीकृत प्रयोगशाला व कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों, कर्मचारियों व उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस परिपेक्ष्य में भारतीय मानक ब्यूरो जो कि राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में भारतीय मानकों को विकसित करता है एवं इनका संचालन कर रहा है महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। .इन मानकों के निर्धारण एवं संचालन में उपभोक्ताओं का हित भी समाहित है।

देश के समुचित विकास के लिए, प्रत्येक राज्य का विकास हो यह भी आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के सतत प्रयास से आज बिहार में भी औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं।

साथ ही बिहार के उद्योगों में मानकीकरण के प्रति भी रूझान बढ़ा है एवं नए उत्पागद मानकीकरण के लिए

**उद्घाटन**

- भारतीय मानक ब्यूरो के शाखा कार्यालय व प्रयोगशाला के नवीनीकृत भवन का उद्घाटन

आ रहे हैं। फलस्वरूप, प्रतिवर्ष ब्यूरो द्वारा दिए जा रहे लाइसेंस में करीब 15 से 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा प्रयोगशाला के इस नवीनीकृत परिसर में नए उत्पायदों की जांच की व्यवस्था भी शुरू की गई है।

जिसमें बोतलबंद जल एवं सोने की शुद्धता की जॉंच की व्यवस्था शामिल है। पहले से उपलब्ध व्यवस्था को भी उन्नत किया गया है जिसमें प्रमुख हैं स्टील उत्पाद, सीमेंट, पीवीसी के उत्पाद एवं केमिकल उत्पाद हैं। इस मौके पर भारतीय मानक ब्यूरो के डीजी प्रमोद तिवारी सहित सभी उच्च अधिकारी मौजूद थे।

# कुरसेला: ट्रक ने मारी टक्कर महिला कांवड़िया की मौत

कुसेर्ला, प्रात : किरण, संवाददाता।

कुरसेला थाना क्षेत्र के एनएच 31 सिमर गाछ के समीप बाइक सवार बोल बम जा रहे कांवरिया को अज्ञात ट्रक ने ठोकर मार दी जिसमें बाइक सवार महिला कांवरिया की मौत हो गई और पति घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एनएच 31 पर सिमर गाछ के समीप कुरसेला से नवगछिया की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बोल बम जा रहे कांवड़िया दंपत्ति को ठोकर मार दी।

जिससे बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी सड़क पर मौजूद लोगों ने कुसेर्ला पुलिस को दी। कुसेर्ला पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां घायल सविता देवी 38 वर्ष तथा उसके पति विपिन यादव, घर कृष्णापुरी यादव टोला, पुर्णिया का प्राथमिक उपचार किया गया। महिला की बिगड़ती हालत को देखकर रेफर कर दिया गया। लेकिन स्वास्थ्य केंद्र में ही महिला की मौत हो गई। इस घटना से पति विपिन यादव का रो रो कर बुरा हाल है। विपिन यादव ने बताया कि हम लोग कृष्णापुरी पूर्णिया से 9 लोगों के जत्थे के साथ बाबा नगरी देवघर जा रहे थे कि कटरिया सिमर गाछ के समीप तेज रफ्तार आ रही ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी और फरार हो गया। बता दें कि सोमवारी जलाभिषेक को लेकर सड़क पर कांवड़ियों की भीड़ चल रही है। अन्य दिनों की अपेक्षा सोमवारी जलाभिषेक को लेकर कांवड़ियों का हुजूम सड़कों पर चल रहा है। चिंतनीय है कि इस भीड़ को देखते हुए तेज रफ्तार के वाहन पर रोक नहीं लग रही है। जिसके कारण सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है तथा लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बीते शनिवार को एनएच 31 कोसी पुल सड़क पर तीन वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई थी। जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे । लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लग सके। वहीं आवश्यक कागजी कार्रवाई करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# डिग्री महाविद्यालय के सभागार में मनाई गई मुंशी प्रेमचंद की जयंती

सिवान, प्रात : किरण संवाददाता

जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा बिहार के तत्वाधान में प्रेमचंद्र जयंती का आयोजन शहर के दरोगा प्रसाद राय डिग्री महाविद्यालय सिवान के सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साहित्यकार जिले के सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक मिश्र एवं कमर शिवानी के अध्यक्ष मंडल ने किया।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इसके बाद प्रेमचंद्र जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया साथ हैं आयोजन समिति के अध्यक्ष युगल किशोर दुबे आगत अतिथियों का स्वागत भाषण दिया। सिवान सदर विधायक एवं पूर्व काबीना मंत्री अवध बिहारी चौधरी ने आगत अतिथियों का अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। फिर प्रेमचंद्र आज भी प्रासंगिक हैं विषय पर



आलेख पाठ प्रो. उपेंद्रनाथ यादव ने किया तत्पश्चात आलेख पर हुई बहस में रविंद्र सिंह अधिवक्ता ,प्रो. वीरेंद्र प्रसाद यादव ,डॉ भाई अकेला ,डॉ हारून शैलेंद्र,शिवनारायण वारी,रामनरेश सिंह,उपेंद्र कुमार यादव, साहिब सिंह, विजेता प्राचार्य प्रो, श्यामसुंदर चौधरी, डॉ संदीप कुमार यादव ,दीपक कुमार, गणेश राम, एवं आईएसएफ के राज्य सचिव सुशील कुमार शशि कुमार सिंह,नीरज कुमार ,ओमप्रकाश शर्मा, श्री वामदेव प्रसाद वर्मा, श्री कमलेश ओझा,दीपक कुमार, गणेश राम,सुदामा प्रसाद राजेंद्र प्रसाद माझी आदि लोगों ने आलेख पर चर्चा में भाग लिया । दूसरे सत्र में वरीय शायर उस्ताद कमर शिवानी, विक्रमा पंडित विवेकी ,पूजा मिश्रा ,विद्या सुंदर ,डॉ प्रवीण कुमार शुक्ला ,तंग इनायत पूरी ,राधिका रंजन सुशील, गोरखनाथ गुंजन,पितांबर राम,कमलेश ओझा ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन श्री मार्कंडेय दीक्षित के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित कवि लेखक एवं प्रबुद्ध लोगों को सम्मानित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि अशोक मिश्र अध्यक्ष जनवादी सांस्कृतिक मोर्चा बिहार, श्री अवध बिहारी चौधरी पूर्व मंत्री सह सदर विधायक सिवान ,कमर शिवानी अध्यक्ष, डॉ हारून शैलेंद्र, मनीष प्रसाद सिंह अधिवक्ता ,विक्रमा पंडित विवेकी,सुशील,शशि, नीरज ,गोरखनाथ गुंजन ,शुभ नारायण वारी, पूजा मिश्रा, तंग इनायत पूरी ,सुजीत कुमार, डॉ अखिलेश्वर कुमार उपाध्याय,राजेंद्र माझी ,रामदेव वर्मा आदि को सम्मानित किया गया ।

# महिला सेवा सशक्तिकरण मंच द्वारा मुफ्त भोजन वितरण जारी

मोतिहारी, प्रात : किरण संवाददाता

महिला जागृति सेवा फाउंडेशन एवं महिला सेवा सशक्तिकरण मंच की संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर बबीता श्रीवास्तव के द्वारा मिशन- अन्नपूर्णा, कार्यक्रम अंतर्गत जरूरतमंदों के बीच खाना खिलाने का सिलसिला जारी है। शनिवार को स्टेशन परिसर के साईं मंदिर के पास दिनभर का कैम्प लगाकर जरूरतमंद भूखे को भोजन कराया गया।

जागृति सेवा फाउंडेशन एवं महिला सेवा सशक्तिकरण मंच के सौजन्य से लगभग एक साल पूर्व प्रत्येक शनिवार एवं बृहस्पतिवार को भूखे को भोजन खिलाकर सभी की दुआ संस्था के सदस्य ले रहे है।गौर तलब है कि संस्था महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लंबे संसय से कार्य कर रही है।सेमिनार एवं संगोष्टी करके महिलाओ को सशक्त करने का भी कार्य प्रो० बबिता श्रीवास्तव करती आ रही है।इस सेवा कार्य की प्रशंसा शहर में हो



रही है। भोजन वितरण पर प्रो० बबिता श्रीवास्तव ने बताया कि यह सेवा निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि आज चार सौ लोगो के बीच भोजन वितरित किया गया। काफी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा के छात्रों की आज सेवा हुई। कैम्प के लिए भोजन बनाने एवं वितरण सेवा में लगने वाली बहनों में संस्था की जिला अध्यक्ष माला श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी रेणु वर्मा सचिव शर्मिला पांडे, सह सचिव पुष्पा सिंह, कोषाध्यक्ष विभा सिंह ,सदस्य ममता सिंह थी। भोजन वितरण के सहयोगी में, जागृति सेवा फाउंडेशन के सदस्य,अनुराग राज, जॉर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के सचिव अरुण कुमार तिवारी, विशाल गिरी, सनी ठाकुर,विशाल गुप्ता,सूरज विश्वास आदि थे।

# देश बचाओ अभियान ने किया राष्ट्रव्यापी रोड चक्का जाम

खगड़िया, प्रात : किरण, संवाददाता

देश बचाओ अभियान, फरकिया मिशन एवं मिशन सुरक्षा परिषद के बैनर तले संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर रोड का चक्का जाम पूरे खगड़िया जिले के विभिन्न प्रखंडों में किया गया। वहीं अलौली ब्लॉक पूल चौक पर नेतृत्व मिशन के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी एवं अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया।

यादव ने रोड चक्का जाम के माध्यम से राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से किसानों के अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी को कानूनी दायरे में लाने, किसानों को पेंशन एवं फसल क्षतिपूर्ति देने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने, किसान आंदोलन के क्रम में की गई मुकदमे को समाप्त करने, खगड़िया जिला एवं अलौली को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने, किसानों के सभी प्रकार के ऋण माफ करने, किसानों को




- किसानों के अनाज का न्यूनतम समर्थन मूल्य कानूनी दायरे में लाए जाने तक किसान-मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा : किरण

फसल ऋण देने, किसानों को सस्ते दरों पर खाद बीज कृषि यंत्र देने मुहैय्या कराने, अलौली गढ़ कोसी नदी पर पुल बनाने, अलौली को अनुमंडल बनाने, अलौली चौक पर जर्जर रोड को जल्द मरम्मत करवाने, पुस्तकालय भवन का निर्माण करने, छठ घाट को सीढ़ीनुमा घाट एवं सड़क बनाने, वृद्धा पेंशन, कन्या विवाह योजना की राशि, राशन किरासन कूपन, प्रधानमंत्री आवास गरीबों को देने, महा दलितों को 5 डिसमिल जमीन देने, न्यू लेबर एक्ट कानून को रद्द करने, मजदूरों को इ श्रम कार्ड बनाकर विभिन्न कल्याणकारी लाभ देने की मांग की गयी। इस दौरान चक्का जाम में मांगों के समर्थन में गगनभेदी नारे लगाए गए। जिसमें सैकड़ों किसान मजदूरों ने भाग लिया। इसमे में रामचंद्र साह, सुरेश पासवान, दिलेश्वर यादव, कमलेश सिंह, अशोक यादव, नागो पहलवान, नित्यानंद, अमित कुमार यादव, गणेश साह, गोपाल साह, राजकुमार, उमेश यादव, शुभम कुमार, दीपक कुमार आदि ने भाग लिया।

### होटल मोहनिया विहार में हुआ बच्चों के डांस का ऑडिशन

**कैमूर।** कृष्णा डी फिल्म और आर वायरस डांस एकेडमी अजय रॉक की ऑगेनाईजेशन द्वारा मोहनिया बिहार होटल में डांस कंपटीशन का ऑडिशन रखा गया जिसमें सिलेक्टेड बच्चों को नेशनल लेबल तक पहुचाने की पूरी कोशिश करने की बात डांस क्लासेज के संचालकों द्वारा कही गई। इस ऑडिशन में मास्टर दीपक रॉक,कृष्णा और चिफ गेस्ट में फिल्म अभिनेता व निर्देशक दिलीप चौधरी के साथ ऐक्टर विनोद चौधरी भी मौजुद रहे। ऑडिशन में मौजूद बच्चों के हुनर को और तवज्जो देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की बात करते हुए चीफ गेस्ट डीके माल्या ने कहा कि छोटे शहरों और गांव में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस सही समय पर सही तरीके से उसे निखारने की जरूरत है ऐसी प्रतिभाएं हमारे गांव एवं छोटे-छोटे शहरों में निकल रही हैं उससे यह प्रतीत होता है कि यदि उन्हें उभरने का सही तरीके से मौका मिले तो वह विश्व स्तर पर अपने समाज गांव प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

# जदयू के प्रखंड कमिटी व पंचायत अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न



तरैया, प्रात : किरण संवाददाता

प्रखंड के जदयू कार्यालय जदयू संगठन प्रभारी बिरेन्द्र गिरी एवं सुनील सिंह कश्यप के निगरानी में जदयू प्रखंड कमिटी,पंचायत अध्यक्षों एवं पंचायत के कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता जदयू के प्रखंड अध्यक्ष प्रो.ज्वाला प्रसाद ने किया।बैठक में संगठन प्रभारी ने बताया कि प्रखंड,पंचायत एवं बूथ अध्यक्षों एवं सचिवों का भौतिक सत्यापन किया गया।संगठन के विस्तार एवं धारदार बनाने और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया गया।उक्त बैठक में जदयू प्रदेश सचिव राखी कुशवाहा,जल श्रमिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सहनी,इसुआपुर संगठन प्रभारी राजकुमार कुशवाहा,प्रखंड महासचिव चंदेश्वर राम,प्रखंड उपाध्यक्ष मिथिलेश पटेल,प्रखंड कोषाध्यक्ष मुकेश मांझी,प्रखंड सचिव आदित्य शर्मा सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष एवं जदयू के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चित्रगुप्त पूजा 27 अक्टूबर को मनाया जाएगा

सारण, प्रात : किरण संवाददाता

चित्रगुप्त समिति की कार्यकारिणी की बैठक गुप्तेश्वर शंकर गुप्तेश के काशी बाजार स्थित विवाह भवन सह मार्केट कॉम्प्लेक्स में समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजनोत्सव 27 अक्टूबर को ध्यान में रखते हुए पूजा की तैयारी समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में पूजा के दिन आहूत सांस्कृतिक समारोह आशुतोष कुमार शरण के निर्देशन में कराने का निर्णय लिया गया। संगीत प्रतियोगिता का संयोजक रूपेश नंदन, क्रीड़ा के लिये हरिकिशोर प्रसाद श्रीवास्तव, प्रिंस राज को उप संयोजक, सामान्य ज्ञान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिये अरविंद कुमार वर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया। संगीत प्रतियोगिता दिनांक 16 अक्टूबर को दरोगा राय चौक स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में, क्रीड़ा प्रतियोगिता दिनक 8 एवं 9 अक्टूबर को राजेन्द्र स्टेडियम एवं सामान्य ज्ञान एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता दिनांक 15



अक्टूबर को राज्य संपोषित सारण कमर्शियल एकेडेमी भगवान बाजार में आयोजित किया जाएगा। पूजा समापन के पश्चात 6 नवंबर को सामूहिक प्रीतिभोज आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में श्री गुप्तेश शंकर के प्रस्ताव पर चित्रगुप्त समित द्वारा प्रत्येक वर्ष कायस्थ रत्न के रूप में लाल बहादुर शास्त्री, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जय प्रकाश नारायण जैसे विभूतियों की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, जे०पी०चौक पर जय प्रकाश नारायण की प्रतिमा स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। श्री चित्रगुप्त समिति प्रत्येक वर्ष निर्धन को छात्रवृति एवं निर्धन परिवार की कन्या के विवाह में आर्थिक मदद करती है। इसे अत्यधिक प्रभावकारी बनाने हेतु बजटीय कोष को जन सहयोग

- श्री चित्रगुप्त समिति ने प्रारंभ की पूजा की तैयारी

से बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में गुप्तेश्वर शंकर गुप्तेश ने अपने स्वर्गीय पिता प्रोफेसर सतीश्वर सहाय वर्मा की स्मृति में छात्रवृत्तिति कोष में 5001 रुपया दिया वही नागेंद्र कुमार वर्मा ने 1000 हरिकिशोर श्रीवास्तव 1000, आशुतोष शरण 1000 एवं मनीष रंजन ने निर्धन कोष में 500 की राशि जमा किया। अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा ने सभी संयोजक को एक अलग अलग उपसमिति गठित करने का निदेश दिया गया। पूर्व की बैठक में दुर्गेश बिहारी प्रसाद एवं ओम प्रकाश पुतुल को प्रत्येक वार्ड से संपर्क कर वार्ड समिति गठित कराने का दायित्व दिया गया था जो अभी पूर्ण नही हो पाया है। इसपर सभी सदस्यों की सहमति से चित्रगुप्त पूजा के पूर्व पूर्ण कर लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों को आरक्षण में छूट देने हेतु रेलवे बोर्ड एवं रेल मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री को अनुरोध पत्र भेजने का निर्णय लिया गया है।

# आईआईटी बॉम्बे के सम्मेलन में डॉ विश्वकर्मा शर्मा हुए सम्मानित

सोहन ठाकुर

**परसा।** भारत सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित आईसीटी,सीएससी एवं आईआईटी मुंबई द्वारा आईआईटी बॉम्बे के कैंपस में व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से शैक्षिक अवसरों पर देशस्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन में बिहार राज्य से एक सेंटर इंटेल्स परसा के निदेशक डॉ विश्वकर्मा शर्मा,कॉर्डियनेटर जितेश राज भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर आईआईटी बॉम्बे प्रोफेसर एस सुदर्शन,प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर कन्नन एम मधुग्ल्या,सीएससी निदेशक डॉ दिनेश त्यागी ने संयुक्त रूप से डिजिटल लैंप के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में भारत के सभी राज्यों से 200 सीएससी अकैडमी भीएलई ने भाग लिया।बिहार से सीएससी अकैडमी तथा भीएलई डॉ इंटेल्स निदेशक डॉ विश्वकर्मा शर्मा तथा जितेश राज को सर्टिफिकेट ऑफ पार्टिसिपेशन देकर सम्मानित किया गया एवं ग्रामीण परिवेश में आईआईटी मुंबई के 75 से अधिक उसका सर्टिफिकेट कराने की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर आईआईटी बॉम्बे प्रोफेसर एस सुदर्शन ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य देश के कोने कोने में आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रतिष्ठित संस्थान से 75 से अधिक तरह के कोर्सेज को उपलब्ध कराना,युवाओं को सर्टिफिकेट प्राप्त कराना एवं रोजगार उपलब्ध कराने की बातें कही। उन्होंने कहा कि प्राप्त सर्टिफिकेट दुनिया के किसी भी सरकारी/गैरसरकारी संस्थाओं में प्रतिष्ठित है।कार्यक्रम में सीएससी अकादमी मुख्य सलाहकार डॉ पियूष गुप्ता,कनिका चंदेल, सीएससी स्टेट हेड श्री वैभव देशपांडे एवं ज्योति सोलंकी मौजूद थे।

# जे पी नड्डा ने किया नवनिर्मित भाजपा कार्यालय का ऑन लाइन उद्घाटन

मोतिहारी, प्रात :किरण संवाददाता

मोतिहारी जिला के चंद्रहिया, बैरिया देवी मंदिर के निकट भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन हुआ। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा 16 जिलों में निर्मित जिला कार्यालयों के उद्घाटन सम्पन्न हुआ। साथ ही सात जिलों के कार्यालयों के शिलान्यास हुआ। जहाँ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, उप मुख्यमंत्री द्वय तारकिशोर प्रसाद एवं रेणु देवी एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय जायसवाल मंचासीन थे।

कार्यालय का उद्घाटन पार्टी के विकास और हमारी विचारधारा विस्तार के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। श्री नड्डा ने कहा कि तत्तकालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने सभी जिलों में आरती 724 जिलों में कार्यालय बनाने की योजना बनी। कार्यालय में इंटरनेट, ई- लाइब्रेरी, कॉन्फ्रेंस हॉल की सुविधा



से लैस है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जब किराये के छोटे से मकान में पार्टी के कार्यालय संचालित होते थे तब के समय को स्मरण करते हुए आज के आधुनिक कार्यालय की उपयोगिता और आवश्यकता का व्याख्यान किया।

आज सुबह चंद्रहिया, मोतिहारी में जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना द्वारा पूरे सनातन विधि-विधान के साथ कार्यालय में पूजन-हवन हुआ। हवन-पूजन के बाद उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना उसके बाद मोतिहारी कार्यालय के अटल सभागार में वर्चुअली कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के साक्षी बने। मोतिहारी जिला कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, पार्टी के विधायक कृष्णनंदन पासवान, श्यामबाबू यादव एवं सुनील मणि तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रकिशोर मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश का०स०सदस्य विनय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल राय,बसंत मिश्रा,जगजीवन पासवान, डॉ०हेना चंद्रा,रविन्द्र सहनी एवं उषा देवी,जिला महामंत्री त्रय डॉ०लालबाबू प्रसाद,विवेकानंद पाण्डेय एवं मार्तण्ड नारायण सिंह,जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद,जिला प्रवक्ता संजीव सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा दिलीप कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा पुतुल पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल कलाम, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ०उमेश चंद्रा, प्रदेश सह-संयोजक पंचायती राज मोर्चा राजन मिश्रा, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहिब्बुल हक, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राजकिशोर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा मीना मिश्रा, जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ प्रो०अरुण कुमार मिश्र,जिला संयोजक बुद्धिजीवि प्रकोष्ठ अनिल वर्मा, जिलाध्यक्ष अतिपिछड़ा मोर्चा अनिरुद्ध सहनी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा दीपक शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा रवि यादव ,जिला संयोजक पंचायती राज प्रकोष्ठ कमलेश्वर सिंह, नगर अध्यक्ष उत्तरी मंडल योगेन्द्र प्रसाद,नगर अध्यक्ष दक्षिणी मंडल रविभूषण श्रीवास्तव, जिला संयोजक आईटी सेल पंकज सिन्हा, जिला मंत्री विनोद कुशवाहा,देवेश सिंह एवं राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष भाजपा कुमार विजय टिंकू जी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, मंच संयोजक, प्रकोष्ठ के संयोजक एवं बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### लोकगायक गोप के कजरी गीतों पर झूमें श्रद्धालु

**रसूलपुर।** बोलअ बोलअ भैया शिव शंकर बम भोला दानी हउवें,आसरा पूरइहें ऊ तोहार , झूला लागे कदम की डाढ़ी झूले राधा नंद किशोर जैसे शिवभजन व कजरी गीतों रविवार को से गूंज उठा बाल गांव का अद्भुतनाथ शिवालय। गायक कलाकार थे रामेश्वर गोप। नवादा पंचायत के बाल गांव के अद्भुतनाथ शिवालय में रविवार को रुद्रभिषेक हुआ। पूजा अर्चना के भजन कीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें गायक गोप के अलावे वरिष्ठ लोक कीर्तन गायक छठ्ठू राम ने शिव पार्वती व राम केंवट संवाद प्रसंग से कार्यक्रम में भक्ति की रसधारा बहाई।अन्य कलाकारों में मुजवान बाबा, तबलावादक ललन राम ,गायक मुस्तफा , विश्राम ब्यास,रविशंकर यादव आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुति से लोगों को झुमाया। पूजन समारोह में समाजसेवी नवलकिशोर सिंह दादा ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है साथ ही समाज में समरसता आती है। ऐसे समय में भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम से धार्मिक आयोजन और भी रसपूर्ण हो जाता है।

# पुलिस लाईन के ऐतिहासिक ग्राउण्ड पर कई अप्रतिम दृश्यों का दिखेगा नजारा

आरा, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस लाईन का ऐतिहासिक परेड ग्राउण्ड कल 340 सिपाहियों के शपथ ग्रहण समारोह का गवाह बनेगा। पासिंग आउट परेड की सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं। यह पहला अवसर होगा जब आम से खास लोग पुलिस लाईन के परेड ग्राउण्ड पर 340 युवाओं को एक साथ प्रशिक्षु से सिपाही बनते देखेंगे। इसके मुख्य अतिथि भोजपुर के पूर्व एसपी व शाहाबाद के वर्त्तमान डीआईजी क्षत्रनील सिंह होंगे।

कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नागरिक, पदाधिकारी सहित प्रशिक्षुओं के परिजन भी शामिल होंगे। पूर्वाह्न साढे. 9 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत एसपी एवं डीआईजी की सलामी से होगी। राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। राष्ट्रगान के दरम्यान निशान टोली निर्धारित अवधि में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचेगी, जो काफी आकर्षक



- निशान टोली, बैज लगाने एवं परेड का दृश्य का होगा अविस्मरणीयने भाग लिया

व समयबद्ध होगा। शपथ लेने को तैयार युवा बैच और टोपी पहनने के साथ ही सिपाही बन जायेंगे। कुल तीन जिलों के 340 प्रशिक्षुओं में सर्वाधिक संख्या दरभंगा (192) का है। पासिंग आउट परेड के साथ ही वे अपने-अपने जिलों में लौट जायेंगे। विदित हो कि भोजपुर जिले में दरभंगा एवं समस्तीपुर सहित तीन जिलों के 340 प्रशिक्षु यहॉ प्रशिक्षण ले रहे थे। भोजपुर जिले का पुलिस लाईन राज्य के करीब आधा दर्जन बड़े परिसर वाले पुलिस लाईन में शामिल है। आरा न्यू पुलिस लाईन के पास करीब 72 एकड़ जमीन है, जिसमें शस्त्रागार, खेल मैदान, हर्डल, तालाब, पुलिस बैरक सहित अन्य उपयोगी क्षेत्र हैं। बैरक में हमेशा करीब 200 सिपाही रहते हैं। आज शाम पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह द्वारा पासिंग आउट परेड की तैयारी का जायजा लिया गया। श्री सिंह द्वारा पदाधिकारियों के अलग-अलग टीम को दिये गये अलग-अलग जिम्मेवारियों की समीक्षा किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सावन के तीसरे सोमवारी को हजारों डाक बम कांवड़िया गंगा जल भर किया देवघर प्रस्थान

सुलतानगंज (भागलपुर) l सावन के तीसरे सोमवारी को लेकर रविवार को हजारों डाक कांवड़िया ने अजगैबीनाथ के उत्तरवाहिनी गंगा में जल भर कर रिमझिम बारिश के बीच बोल बम के जयकारे लगाते हुये देवघर बैधनाथ धाम के लिये रवाना हुये है l इस दौरान डाक कांवड़िया ने तिरंगा झंडा को लहराते हुये बोल बम के जयकारे लगाते हुए दिखे lवहीं डोरीगंज के डाक कांवड़िया सौरभ कुमार दास ने बताया कि देश में सुख शांति के लिये देवघर बाबा भोलेनाथ के दरबार में हाजरी लगाने जा रहे हैं l इस लिये भारत माता का तिरंगा लहराते हुये बाबा भोलेनाथ को जल चढाने जा रहे हैं l डाक बम के रूप में बेगूसराय ,बांका सहित अन्य जगहों के महिला एंव पुरुष शामिल हुए है l इस दौरान डाक बम कांवड़िया ने बताया कि 16 से 17 घंटा मे बाबा भोलेनाथ को जल अर्पण करते हैं, हर वर्ष अपने जीवन में सुख शांति के लिये अजगैबीनाथ धाम से जल लेकर देवघर बैधनाथ धाम जाते हैं l वही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर गंगा घाट मे एसडीआरएफ की टीम व महिला पुलिस बल के अलावा अन्य पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गई है l वही नगर परिषद द्वारा गंगा घाट सहित मेला क्षेत्र में साफ सफाई अभियान युद्ध स्तर से किये जा रहा है l

# दो कांडो का उद्भेदन, चार अपराधी गिरफ्तार व लूट का समान बरामद



भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विगत 25 जुलाई को समय करीब 10:00 बजे रात्रि में अभिषेक कुमार राय घोघा से अपने घर प्रशस्त्रडीह आ रहे थें, जैसे ही पीड़बन्ना बहियार से लहुरी नदी की तरफ आगे बढे तो अचानक छः अपराधकर्मी के द्वारा बीच रास्ते पर रोक कर मारपीट करते हुए पॉकेट से मोबाईल एवं तीन हजार रूपया लूट लिये थे,उक्त मामले को लेकर सबौर थाना में मामला दर्ज कर26 जुलाई को अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। वही दूसरी घटना विगत 29 जुलाई को समय करीब 11:15 बजे रात्रि में धिरेन्द्र कुमार मयागंज अस्पताल से अपने चाचा फनटुस यादव के साथ अपनी हीरो स्पलेंडर प्लस से घर अमडाँड़ जाने के लिए निकले थे। इसी बीच कुरपट पुल से 100 मीटर पीछे रोड़ पर पत्थर से रास्ता
जाम कर तीन-चार की संख्या में अपराधकर्मी द्वारा देशी कट्टा का भय दिखा कर मारपीट कर जख्मी कर दिया और पास रखे हुए दो मोबाईल,पर्स, आधार कार्ड, पेन कार्ड व छः हजार रूपया लूट कर भाग गये। उक्त मामले की जानकारी प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही के तहत पीड़ित के द्वारा लिखित आवेदन के आधार पर सबौर थाना मामला दर्ज करने के निर्देश दिये गये थे। दर्ज मामले में बरिय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू दोनो मामले के उदभेदन के लिए अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया। तद्नुसार थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान के सहयोग से दोनो कांडो का सफल उदभेदन किया गया है, साथ ही दोनो कांडो में लूटे गये मोबाईल की बरामदंगी के साथ साथ दोनो कांडों में सलिप्त अपराधकर्मियों में से तीन अपराधकर्मियों को लूटे गये मोबाईल व खरीदार चंदन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। घटना में संलिप्त शेष तीन अपराध कर्मियों

**कार्रवाई**

● **उद्भेदन के लिए गठित टीम को पुरुस्कृत किये जाने को लेकर बरिय पुलिस अधीक्षक से आग्रह करने की बात भी कही है**

का गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मामले की जानकारी सिटी एसपी स्वर्ण प्रभात के द्वारा अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी है। इस दौरान एसपी ने बताया कि अपराध कर्मियों द्वारा घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा को भी पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में विकास कुमार पिता विनोद निशाद साकिन, मुन्ना कुमार पिता राजू निशाद,गौरव कुमार पिता श्याम मंडल व चंदन कुमार पिता सुरेश निशाद सभी साकिन लैलख थाना सबौर जिला भागलपुर है। वहीं उन्होंने कहा कि घटना में लूटे गये,मोबाईल के खरीदार के पास से बरामदगी की है।मामले के सफल उद्भेदन के लिए गठित टीम में थानाध्यक्ष सबौर के नेतृत्व में पुअनि पवन कुमार सिंह,पुअनि धर्मेन्द्र कुमार,पुअनि आसिफ अख्तर, डीआईयू के सि. बच्चन कुमार राम, हवलदार 139 राज किशोर यादव, सि.1363 हरिद्वार कुमार, सि.284 मुकेश कुमार,सि.651राकेश रंजन, महिला सि.475 गुड्डी कुमारी,सि.629 अनुपम कुमारी शामिल किया गया था, उक्त मामले के सफल उद्भेदन के लिए गठित टीम को पुरुस्कृत किये जाने को लेकर बरिय पुलिस अधीक्षक से आग्रह करने की बात भी कही है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने किया सड़क जाम

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता




संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शहीद उधम सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर आज बेतिया में घनघोर वर्षा के बीच बिहार राज्य किसान सभा द्वारा सोवा बाबू चैक पर सड़क जाम किया गया। सड़क जाम को हटाने में पुलिस असफल रही। जबकि पुलिस से गहमा गहमी चलती रही। इस अवसर पर हुई सभा को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव प्रभुराम नारायण राव ने कहा कि आज पूरे देश में संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा तमाम राजमार्गों को जाम किया जा रहा है।

इसके पीछे मकसद है कि एक बार फिर केंद्र सरकार को यह बता देना की वादाखिलाफी किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब तीन कृषि काले कानूनों की समाप्ति की घोषणा की थी। उसी समय उन्होंने कहा था कि एक कमेटी गठित की जाएगी। जिसमें किसान प्रतिनिधि भी शामिल होंगे और उस कमेटी में एमएसपी तथा किसानों के अन्य मांगों को सुलझा लिया जाएगा। लेकिन काफी देर के बाद जब कमेटी की बात देश के कृषि मंत्री ने सामने लाई, तो उसमें संयुक्त किसान मोर्चा के सिर्फ तीन प्रतिनिधियों को शामिल करने को कहा गया। बाकी सरकारी दलाल और भाजपा के किसान संगठन के लोगों की भारी भरकम कमिटी बनाई गई। जिस कमेटी में संयुक्त किसान मोर्चा शामिल होने से इंकार कर दिया। आज इस सड़क जाम के माध्यम से केंद्र की

**सड़क जाम**

● **पूरे देश में संयुक्त किसान मोर्चा के द्वारा तमाम राजमार्गों को जाम किया जा रहा है**

सरकार तथा देश के प्रधानमंत्री मोदी को यह बताना चाहते हैं कि किसानों ने आंदोलन की समाप्ति नहीं की थी। बल्कि आंदोलन को स्थगित किया था। हमारी मांगे एमएसपी को कानूनी दर्जा देने, 13 महीने तक चले किसान आंदोलन में 750 शहीद साथियों को मुआवजा देने, 48 हजार से ज्यादा देशभर में किसानों पर हुए मुकदमों को समाप्त करने तथा लखीमपुर खीरी के 4 किसानों के हत्यारे गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को अविलंब बर्खास्त कर उन पर हत्या का मुकदमा चलाने , अग्निपथ योजना को रद्द करने , बिहार को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग जब तक पूरी नहीं की जाती। तब तक आंदोलन चलता रहेगा। किसान सभा के जिला सचिव चांदसी प्रसाद यादव ने कहा कि अनेक कार्यक्रम संयुक्त किसान मोर्चा ने लिया है। इसलिए आज के इस सफल सड़क जाम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री और उनकी सरकार को संयुक्त किसान मोर्चा बता देना चाहता है कि अपनी मांगों को हासिल करने तक यह आंदोलन चलता रहेगा और किसी प्रकार की कोई दमनात्मक कारवाइयां केंद्र सरकार के द्वारा की गई , तो यह जन आंदोलन के रूप में तब्दील होगा और संभव है , आंदोलन की आग में केंद्र सरकार की समाप्ति ना हो जाए। इस अवसर पर बिहार राज्य किसान सभा के जिला के संयुक्त सचिव म. वहीद , हरिओम यादव , बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला मंत्री प्रभुनाथ गुप्ता , दोवा हकीम , सदरे आलम , सीटू के पश्चिम चंपारण के जिला अध्यक्ष वी के नरूला ,मंत्री शंकर कुमार राव , अनवार अली , डी वाई एफ आई के जिला मंत्री म. हनीफ , ई रिक्शा चालक संघ के महासचिव नीरज बरनवाल , म. सहीम , प्रेम कुमार , मनौअर अंसारी आदि नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए ।

# एसएसबी ने किया 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम आयोजित

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता



बॉर्डर पर तैनात 47 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के एफ समवाय, सेनुवारिया की सीमा चौकी भेरिहारी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत जागरूकता बैठक एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें निरीक्षक दिवाकर कुमार, समवाय प्रभारी के नेतृत्व में 19 बल सदस्यों सहित ग्राम प्रधान हरेंद्र दास तथा 39 अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे।

निरीक्षक दिवाकर कुमार द्वारा जन समूह को सम्बोधित कर हर घर तिंरगा कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत सफल बनाने का आवाह्न किया गया और शानदार प्रेरित व्याख्यान दिया गया, जिससे जन समूह में उत्साह देखते ही बनता था। हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के संदर्भ में भारतीय ध्वज संहिता, 2002 की मुख्य विशेषताओं के बारे में सभा व रैली के माध्यम से सभी को जागरूक किया गया। साथ ही भारतीय ध्वज संहिता के तहत सभी छात्रों को अपने घरों में भारतीय ध्वज फहराने को भी प्रोत्साहित किया गया, ताकि सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति प्रेम और सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान एवं निष्ठा उत्पन्न हो सके।

# भागलपुर: अपहृत छात्रा को 24 घंटे में पुलिस ने किया गया बरामद

पीरपैंती (भागलपुर), प्रात : किरण संवाददाता

ईशीपुर थाना क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम प्यालापुर स्कूल से विगत 29 जुलाई की दोपहर विद्यालय छुट्टी के समय छात्रा का अपहरण कर लिया गया था। इस मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए स्कूली बच्ची को अपहर्ता के रिश्तेदार के घर से 24 घंटे के अन्दर बरामद करने में सफलता पायी। वहीं अपहर्ता राजेश मंडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जबकी बरामद बच्ची परिजनों को सौंप दी गयी।

इस उद्भेदन से लोगों ने स्थानीय पुलिस के प्रति आभार जताया। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि छात्रा विद्यालय से छुट्टी होने पर घर जाने के लिए विद्यालय से निकली और एक ऑटो पर बैठ गयी। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुँची। इसी दौरान



प्यालापुर चौक पर एक दुकानदार ने बताया कि स्कूल ड्रेस में एक लड़की को ऑटो पर जाते देखे हैं और वह ऑटो भी अपने एरिया की ही है। इसके बाद भी कई जगह बच्ची की खोजबीन की गई लेकिन पता नहीं चल पाया। इस बाबत बच्ची के पिता राजेश कुमार दास द्वारा ईशीपुर थाना में अपहरण किये जाने की जानकारी दी गई। रिफातपुर निवासी राजेश ने लिखित आवेदन में कहा कि उनकी पुत्री का अपरहण हो गया है और उसे कहीं छिपा दिया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में ऑटो चालक टकरु मंडल उर्फ प्रवीण मंडल पिता कमलेश्वरी मंडल ग्राम विशाल निवासी पर अपहरण का आरोप लगाया गया। जानकारों ने बताया कि थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार सहनी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपने नेतृत्व में एक टीम गठित की और सुनियोजित तरीके से टीम को लेकर सघन छामारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान नामजद ऑटो चालक को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ऑटो चालक से पुलिस द्वारा काफी पूछताछ की गयी, लेकिन बार बयान बदल रहा था। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के तहत अपने कुशल नेतृत्व में बच्ची को ऑटो चालक द्वारा लक्ष्मीपुर अपने रिश्तेदारों के घर पर छिपाये जाने की जानकारी दी गयी। लक्ष्मीपुर में रिश्तेदार के घर छापामारी कर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया और बच्ची परिजनों को सौंप दी गई।

# अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव चुने गए मुकेश

बेतिया, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ जिला इकाई पश्चिम चंपारण संगठन की बैठक रविवार को महाराजा पुस्तकालय के नेपाली सभागार में डॉक्टर देवीलाल यादव की अध्यक्षता में हुई एवं संचालन डॉक्टर अरविंद कुमार शर्मा ने किया। बैठक में अतिथि के रूप में शिक्षक नेता बिपिन प्रसाद , सुनील तिवारी, उपेंद्र कुमार, शामिल रहे। बैठक में संगठन का पुनर्गठन करते हुए उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगही, योगापट्टी के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष एवं खड्डा पतहरी नौतन के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार गुप्ता को कार्यकारी जिला सचिव सर्वसम्मति से चुना गया। नव चयनित जिला सचिव एवं जिला अध्यक्ष ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के हक के लिए जो भी संघर्ष करना होगा



किया जायेगा । बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव रविन्द्र किशोर राय एवं डॉ. देवीलाल यादव ने कहा कि अब समय आ गया है की नई पीढ़ी समाज का नेतृत्व करें ।जल्द ही पूरे जिले में संघ का सदस्यता अभियान चलाकर सभी शिक्षकों को जोड़ा जायेगा और फिर नियमानुसार सांगठनिक चुनाव कराया जायेगा। मध्य विद्यालय जैतियां के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद , बैरिया के पूर्व निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नंदकिशोर प्रसाद ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के लिए सभी को एकजुट होना होगा तभी हम सब मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हो सकेंगे ।

### पांच लीटर अवैध देसी शराब बरामद

**हवेली खड़गपुर ।** खड़गपुर थाना पुलिस ने बारूई पंचायत के वार्ड नंबर 5 में देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 5 लीटर देसी शराब बरामद किया है वही पुलिस के आने की भनक लगते ही कारोबारी मौके से फरार हो गाया । ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने जब कारोबारी के ठिकाने पर छापा मारा तो उस वक्त पुलिस के पकड़ में कारोबारी आ गया था ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि पुलिस कारोबारी से तयशुदा मोटी रकम लेकर उसे भागने का मौका दे दिया केवल पुलिस द्वारा नाटक किया जाता है ग्रामीणों ने बताया कि कारोबारी को फरार होने की मौका पुलिस द्वारा दिया जाता है इधर छापामारी के संबंध में एएलटीएफ प्रभारी मंटू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वरुई पंचायत के निवासी बरूई गांव निवासी हाकिम विन्द के पुत्र गिरीश विन्द पर प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई किया जा रहा है।

### नेपाल में महसूस किए गए भूकंप के झटके, बिहार में भी असर

**रक्सौल।** पड़ोसी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू रविवार की सुबह के बार फिर हिल गया। काठमांडू में भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गई है। इसका केंद्र नेपाल की राजधानी काठमांडू से 147 किमी दक्षिण पूर्व में था। उधर नेपाल में भूकंप होने से इसका असर बिहार के भी कई जिलों में पड़ा है। पूर्वी चंपारण में भी हल्के झटके महसूस किया गए। भूकंप की वजह से फिलहाल किसी भी तरह से नुकसान की कोई खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक भूकंप का असर नेपाल से लगने वाले बिहार के जिलों में देखने को मिला है। जानकारी के मुताबिक मुताबिक नेपाल से सटे बिहार के पूर्वी चंपारण, मधुबनी, समस्तीपुर, अररिया, कटिहार, सीतामढ़ी में रविवार सुबह 7:58 बजे धरती हिली। गौरतलब है कि इससे पहले पिछले महीने में भी नेपाल में भूकंप के झटके महसूस हुए थे। जबकि वर्ष 2015 में आया भूकंप काफी प्रलयकारी साबित हुआ था।

# खैरवा पंचायत में लगाया गया मुफ्त चिकित्सीय जांच शिविर



भितहा, प्रात :किरण संवाददाता

रविवार को प्रखंड के खैरवा पंचायत के राजकीयकृत मध्य विद्यालय खैरवा में पंचायत की मुखिया किरण देवी के पहल पर मुफ्त चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया है। चिकित्सीय शिविर में लोगों की काफी भीड़ देखी गई, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। इस संबंध में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनित कुमार सिंह ने बताया कि पडरौना जनपद कुशीनगर यूपी के गर्ग हास्पिटल के जाने माने चिकित्सक डा० चन्दर अग्रवाल को बुलाकर पंचायत के अस्वस्थ लोगों के विभिन्न रोगों के निदान के लिए मुफ्त चिकित्सीय जांच शिविर लगाया जा रहा है जिसमें डा० साहब के द्वारा मरीजों को मुफ्त परामर्श के साथ दवा भी लिखी जा रही है, जिसमें मरीज अपने लिए कहीं से भी दवा खरीद सकें। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि अगले सप्ताह में यह शिविर पंचायत के बलुहीं गांव में भी लगेगा ताकि अधिक से अधिक मरीज इसका फायदा उठा सके। शिविर में प्रभावती देवी, राबड़ी देवी,राजकली देवी,रीता देवी, गुड़िया देवी, सुनिता देवी,हरिहर गोड़ भृगुराशन सिंह यदुनंदन यादव सहित लगभग छः दर्जन से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। वहीं चिकित्सीय टीम के मनोज कुमार यादव,अनिल कुमार मिश्रा एवं सहयोगी के रूप में बबलू सिंह, नरेंद्र सिंह एवं नन्हे सिंह उपस्थित रहे।

# इंस्पेक्टर की सुझबुझ ने बचाई दो नाबालिग लड़कियों की जिंदगी

रक्सौल, प्रात : किरण संवाददाता

30 जुलाई 2022 को जब विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस पर एसएसबी जागृति रथ बस से एएचटीयू, क्षेत्रक मुख्यालय रक्सौल और प्रयास जुबेनाइल सब सेंटर रक्सौल, एनजीओ प्लान इंडिया, आरपीएफ रक्सौल द्वारा मानव तस्करी पर जागरूक अभियान चलाया जा रहा था।

इसी दौरान इंडियन ऑयल डिपो के गेट के पास इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने देखा की दो नाबालिग लड़कियों को एक लड़का कुछ डरा सा रहा है, तो उन्होंने बस को रुकवाया तथा तुरंत वो उस लड़के और दोनों नाबालिग लड़कियों के पास पहुँचे तथा साथ में आरती कुमारी, अध्यक्ष एनजीओ प्रयास, रामजन्म प्लान इंडिया एनजीओ भी अपने अपने सदस्यों के सारे बस से उतर कर आ गए। आरती कुमारी व इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा जब इन तीनों से पूछताक्ष की गयी तो ये प्रथम दृश्य में ही



मानव तस्करी का रूप समझ आ गया। एक लड़की बंगाल की थी, जिसकी उम्र 16 वर्ष थी दूसरी लड़की मधुबनी बिहार की थी, जिसकी उम्र 17 वर्ष थी। जबकि वो लड़का उनको नेपाल ले जाने के चक्कर में था व गरीब घर की लड़कियों को वहाँ काम दिलाने के नाम पर ले जा रहा था। लड़के ने इन लड़कियों से केवल एक माह पहले ही फेसबुक से दोस्ती की थी। आगे भी जाँच होगी कि इन दोनो नाबालिग लड़कियों को ये किन लोगों को सौंपने के लिए ले जा रहा था, जिससे इस प्रकार के मानव तस्करी के रैकेट पर कार्यवाही की जा सके। बताते चले कि आजकल सोशल मीडिया से मानव तस्कर बहुत आसानी से लड़कियों को अपने जाल में फंसा ले रहे हैं। दोनों लड़कियों और लड़के को थाना राजकीय रेलवे स्टेशन रक्सौल को अग्रिम जाँच के लिए सौंप दिया गया।

इस रेस्क्यू ऑप्रेशन के समय एएचटीयू रक्सौल के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, एसआई नेहा सिंह, हवलदार राम कुमार, आरक्षी मोनिका आरक्षी, कल्पना बाजपेई, प्रयास जुबेनाइल सब सेंटर रक्सौल के आरती कुमारी, विजय कुमार शर्मा, राज गुप्ता, रेलवे सुरक्षा बल से एसआई संतोष कुमार मिश्रा आदि भी सहयोगी रहे।

# भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

औरंगाबाद, प्रात :किरण संवाददाता

माननीय प्रधानमंत्री जी की 91वीं मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकताओं द्वारा पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में सुना गया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश को संबोधित किया। इस बार मन की बात बहुत खास है। इसका कारण है इस बार का स्वतंत्रता दिवस। जब भारत अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे करेगा। हम सभी बहुत अद्भुत और ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे। ईश्वर ने ये हमें बहुत बड़ा सौभाग्य दिया है।

प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से शहीद उद्यम सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, आज के ही दिन हम सभी देशवासी, शहीद उद्यम सिंह जी की शहादत को नमन करते हैं। मैं ऐसे अन्य सभी महान क्रांतिकारियों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा



कि स्वतंत्रता सेनानियों एवं बलिदानयों ने हम देशवासियों के ऊपर भारत देश की जिम्मेदारी सौंपी है हम सभी को मिलकर इस देश को समृद्ध बनाने हेतु अटल प्रयास करना है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत, 13 से 15 अगस्त तक, एक विशेष अभियान 'हर घर तिरंगा' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का हिस्सा बनकर 13 से 15 अगस्त तक आप अपने घर पर तिरंगा जरूर फहराएं। मन की बात कार्यक्रम में भारत के खिलाड़ियों एवं खेल दिवस चर्चा की साथ ही भारत में उद्योग को बढ़ावा देने गई योजनाओं को लागू किया गया है जिसका लाभ लेने हेतु देश की जनता को उन्होंने निर्देश दिए ।

# कारगिल साहित्य सम्मान से सम्मानित हुए खड़गपुर के साहित्यकार सदानंद सिंह यादव

मुंगेर, प्रात :किरण संवाददाता

मां शारदे मंच रांची के बैनर तले कल शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित हुए काव्य गोष्ठी ,नाटक एवं सम्मान समारोह तथा दिव्यांग जनों के सहायतार्थ उपकरण सामग्री का वितरण कार्यक्रम में कवि ,साहित्यकार एवं लोक गायक सदानंद सिंह यादव को तिरंगा पट्टा एवं स्मृति चिह्न देकर कारगिल साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य कार्यक्रम रांची के स्वागतम बैंक्वैट हॉल में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा नीतू सिन्हा 'तरंग', वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी, झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता पी के लाला, लखनऊ उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल अजीज सिद्दीकी, योगदा सत्संग विद्यालय रांची के प्रधानाध्यापक कृष्णा शुक्ला सहित कई गणमान्य अतिथियों ने श्री यादव को संयुक्त रूप से यह सम्मान दिया। ज्ञातव्य हो कि सदानंद सिंह यादव हवेली खड़गपुर ( मुंगेर ) पश्चिम अजीमगंज के निवासी हैं तथा वर्तमान में भारत सरकार के केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रांची में कार्यरत हैं। इस बाबत श्री यादव ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मैंने शहीदों को समर्पित एक स्वरचित गीत, कारगिल सीमा पर दे देलक जान हो, धन्य धन्य भारत माता देश के जवान हो की प्रस्तुति दी lजिसे श्रोताओं ने खूब पसंद किया और उपस्थित श्रोताओं के बीच इस गीत ने समा बांध दिया। श्री यादव की अगर बात करें तो वे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी हैं। इनकी खूबी है कि ये विलुप्तप्राय गीतों को तो गाते ही हैं,साथ ही स्वरचित गीतों को भी स्वरबद्ध कर कई गीत गाए है। इन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। ये लगतार साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं lश्री यादव कई सालों से विभिन्न मंचों पर काव्य पाठ कर रहे हैं। कविता के अलावा ज्यादातर ये लोकगीत की प्रस्तुति करते हैं। इन्हें पत्रकारिता का भी अनुभव प्राप्त है। कई संस्थानों के लिए लेखन तथा देश के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में इनके आलेख प्रकाशित होते रहते हैं। पश्चिम अजीमगंज के गांव भैया राम टोला निवासी श्रीमति सुमित्रा देवी एवं श्री नरेंद्र सिंह यादव के तृतीय सुपुत्र सदानंद सिंह यादव के इस उपलब्धि पर हवेली खड़गपुर के साहित्यकारो ने बधाई दी है ।

# सुगौली: लाइसेंस धारी ही अखाड़ा निकाल सकते हैं

सुगौली, प्रात : किरण संवाददाता

थाना परिसर में महावीरी झंडा व मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने किया। मिश्रा ने उपस्थित लोगों से को बताया कि महावीरी झंडा व मोहर्रम पर्व में लाइसेंस धारी ही अखाड़ा निकाल सकते हैं। साथ लाइसेंस पर निर्धारित नियमावली का शतप्रतिशत अनुपालन करना है। नियमों का अनुपालन नहीं करने वाले पर प्रशासन कानूनी कारवाई करने को मजबूर हो जाएगी। श्री मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में नागपंचमी के दिन से रक्षाबंधन के दिन तक अलग अलग दिन को महावीरी झंडा का पर्व मनाया जाता है। साथ ही आगामी 8 अगस्त की रात्रि व 9 अगस्त की दिन में मोहर्रम पर्व होने की बात बताती जा रही है। जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी किया जाना है। जिसमें आपसबो का सहोयोग की आवश्यकता है। प्रशासन से आपसबों को जिस प्रकार कि आवश्यकता है। प्रशासन आपके सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उक्त पर्व को लेकर प्रशासन के आदेश का अनुपालन करना है। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि किसी भी धार्मिक जुलुस को लाइसेंस लेकर शांति पूर्वक निकलना है। जुलुस में डीजे का उपयोग नहीं करना है। जुलूस का रूट निर्धारित किया गया है। जिसका अनुपालन करना है। पचासी डीजे संचालक पर एक सौ सात की कारवाई कर नोटिस भेज दिया गया है।

# एसएसबी 71वीं बटालियन के समवाय बरहरवा द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

मोतीहारी, प्रात : किरण संवाददाता

भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 71 वीं वाहिनी मोतिहारी के कार्यवाहक कमांडेंट दिव्य रंजन सिंह के निर्देश पर, उप कमांडेंट दिनेश कुमार मामोतरा और प्रतीक कुमार गुप्ता के देख रेख मे बीओपी जलगाँवा के कार्यक्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर झंडा, हर घर तिरंगा कार्यक्रम में रा. मध्य विद्यालय जलगावां और पिपरा के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमे स्थानीय विद्यालय जलगावां और पिपरा के विद्यार्थियों ने गीत के माध्यम से उपस्थित सभी ग्राम वासियों के दिलो में देशभक्ति की भावना पैदा की और उन्हें आजादी



के महत्व को भी गीत के मधुर ध्वनी के माध्यम से बताया। समवाय प्रभारी बरहरवा निरीक्षक राज नंदन के द्वारा सभी ग्रामीणों को अपने घर पर झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया गया और झंडा संहिता में हुवे बदलाव को भी बताया गया। साथ ही सभी ग्रामीणों को सीमा पर सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात स्थानीय विद्यालय मध्य विद्यालय जलगावां और पिपरा के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बड़ी मात्रा में हर घर झंडा, हर घर तिरंगा रैली में भाग लिया। साथ ही अपने घर पर झंडा लगाने और अपने आस-पास के इलाकों को स्वच्छ रखने का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम में स्थानीय गांव के मुखिया अशोक गुप्ता, सरपंचपति अच्छे लाल प्रसाद, स्थानीय विद्यालय के शिक्षक उमाशंकर प्रसाद, राजू कुमार सहित अन्य ग्रामीण और गणमान्य व्यक्तियों के साथ एसएसबी के बीओपी कमांडर गोबम् गारा, सिपाही भारतेंदु मिश्रा, संजय, मोनुन आदि ने हिस्सा लिया और सभी के द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### आयकर विभाग ने आयकर रिटर्न भरने संबंधी एफएक्यू जारी किया

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा है कि ऐसे करदाता जिनके मोबाइल नंबर आधार से जुड़े नहीं हैं वे इंटरनेट बैंकिंग में लॉग-इन कर या वैध डिजिटल सिग्नेचर प्रमाण-पत्र का इस्तेमाल करक आयकर ई-फाइलिंग पोर्टल पर नया पासवर्ड डाल सकते हैं। कारोबारी आय वाले करदाताओं और कॉरपोरेट जगत के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा नजदीक आ रही है, ऐसे में आयकर विभाग ने बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) या प्रश्नोत्तर जारी किए हैं। इसमें उन 10 प्रमुख सवालों के जवाब दिए गए हैं जो करदाताओं ने आयकर रिटर्न (आईटीआर) भरने के दौरान पूछे थे। आयकर विभाग ने बताया कि विभिन्न बैंक विभाग को जानकारी तीन से चार दिन में भेजते हैं, उसके बाद ही वह जानकारी कर-रिटर्न/पहले से भरे गए ब्योरे में जुड़ती है। उसने कहा, आईटीआर में कर अदायगी की जानकारी अपने-आप दिखने लगती है लेकिन करदाताओं को थोड़ा इंतजार करना होगा। पासवर्ड बदलने के बारे में एक सवाल के जवाब में विभाग ने कहा कि उपयोगकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणन का इस्तेमाल कर पासवर्ड बदल सकते हैं। वे ई-फाइलिंग खाते में इंटरनेट बैंकिंग के जरिये सीधे भी लॉगइन कर सकते हैं। करदाताओं द्वारा पूछे गए सवालों में एआईएस, 26एएस में दिखाई देने वाली आय में अंतर, बैंक ब्याज की बचत के लिए कटौती, कर व्यवस्था बदलना, ऑफलाइन तरीके से रिटर्न भरना आदि शामिल थे। आईटी रिटर्न भरने की तारीख करदाता की श्रेणी के अनुसार भिन्न होती है। वेतनभोगी लोगों को आयकर रिटर्न 31 जुलाई तक भरना होता है जबकि कॉरपोरेट और कारोबारियों को 31 अक्टूबर तक रिटर्न भरना होता है।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में रविवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड 103.97 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.30 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# परिवहन प्रणाली में नया बदलाव

## इंजीनियरिंग संस्थानों में ईवी टेक्नोलॉजी पढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में सार्वजनिक व निजी परिवहन प्रणाली में एक नया बदलाव शुरू हो गया है। यह बदलाव वाहनों के इलेक्ट्रिफिकेशन का दौर लेकर आया है। ऊर्जा के इस नए स्रोत को व्यवहारिक बनाने में प्रशिक्षित कार्य बल और उन्नत टेक्नोलॉजी से लैस इंजीनियर्स की बड़ी भूमिका है।

इलेक्ट्रिक वाहनों की इस नई प्रौद्योगिकी की मांग ने भारत और पूरी दुनिया में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर के नए द्वार भी खोले हैं। भविष्य की इन्हीं मांगों को देखते हुए अब देश भर के आईआईटी व अन्य शिक्षण संस्थान इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े एडवांस पाठ्यक्रम विकसित कर रहे हैं।

इन जरूरतों को पूरा करने के लिए आईआईटी दिल्ली, ईवी प्रौद्योगिकी में एडवांस प्रोग्राम लेकर आया है। आईआईटी-दिल्ली के मुताबिक, इसके अंतर्गत छात्र आईआईटी-दिल्ली में ई-मोबिलिटी में उद्योग-प्रासंगिक कौशल-सेट में अपस्किलिंग करके ईवी क्रांति का हिस्सा बन सकते हैं। आईआईटी दिल्ली का यह एडवांस कार्यक्रम केवल 6 महीने की अवधि में पूरा किया जा सकता है। आईआईटी में यह बैच 7 अगस्त से शुरू होगा।

आईआईटी-दिल्ली के एडवांस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक वाहन की मूल योजना, वाहन की गतिशीलता और ड्राइव चक्र की अवधारणा जैसे विषय छात्रों को सिखाए जाएंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी ट्रेंड की रेंज, ईवी के लिए चार्जर उसके स्तर स्तर और मानक, चार्जर के प्रकार और भारतीय मानक बैटरी प्रबंधन प्रणाली के विषय में छात्रों को जानकारी दी जाएगी। आईआईटी-दिल्ली के इस एडवांस प्रोग्राम में ई-वाहन चार्जिंग के विभिन्न पहलू, ई-वाहन गतिशीलता में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के चार्जर के बारे में जाना जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यहां छात्र उद्योग प्रासंगिक विषय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में उद्योग 4.0 की अवधारणाएं सीखेंगे।

इसके साथ साथ इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन अब बतौर 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम के अंतर्गत भी आईआईटी में छात्रो को पढ़ाया जाएगा। आईआईटी मंडी इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन में मास्टर प्रोग्राम यानी एमटेक शुरू कर रहा है। इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन में मास्टर प्रोग्राम की अवधि दो वर्ष है। इस कोर्स का पहला बैच भी अगस्त 2022 से शुरू होगा। इसका संचालन आईआईटी-मंडी के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (एससीईई) और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग (एसई) मिल कर करेंगे। प्रोग्राम की अहमियत बताते हुए आईआईटी मंडी के स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के अध्यक्ष डॉ. समर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. नरसा रेड्डी तुम्मुरु ने कहा, इलेक्ट्रिक ट्रांसपोर्टेशन में एम.टेक इलेक्ट्रिक परिवहन उद्योग में कुशल कर्मियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत सरकार की पहल को ध्यान में रख कर डिजाइन किया गया है। इसका लाभ नए और मौजूदा दोनों उद्यमियों को मिलेगा। उधर ईवी वाहनों की चार्जिंग सर्व सुलभ बनाने के उद्देश्य से दिल्ली में सभी सुविधाओं से लैस देश के पहले सात ईवी चार्जिंग स्टेशन हाल ही में शुरू किए गए हैं। यहां स्लो चार्जिंग पर तीन रुपये और फास्ट चार्जिंग पर 10 रुपये प्रति यूनिट शुल्क लिया जाएगा। गौरतलब है कि दिल्ली में पहले से ही दो हजार चार्जिंग प्वाइंट्स चालू हैं। दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के आंकड़े बताते हैं कि दिल्लीवालों ने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को अपनाना शुरू कर दिया है। दिल्ली बड़ी तेजी से देश की ईवी कैपिटल भी बन रही है। अब इस क्षेत्र में लोगों की सहूलियत के लिए एक एप भी बनाया गया है। इसकी मदद से लोगों को अपने आसपास स्थित चार्जिंग स्टेशन को तलाशने में मदद मिलेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, पिछले दो साल में दिल्ली में करीब 60,846 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जा चुके हैं। 2020 में जब ईवी पॉलिसी बनाई थी, तब यह उम्मीद नहीं थी कि इतना जबरदस्त रिस्पॉस मिलेगा। पिछले साल 25,809 इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे गए थे, जबकि इस साल बीते सात महीने में ही 29,848 ईवी खरीदे जा चुके हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 115 फीसद की वृद्धि हुई है।

दिल्ली सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में दिल्ली में जितने वाहन खरीदे गए हैं, उनमें 9.3 फीसद इलेक्ट्रिक वाहन थे। इसमें सबसे ज्यादा दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे जा रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले इस साल दो पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में 57 फीसद की वृद्धि हुई है। दिल्ली में करीब 150 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें भी खरीदी जा चुकी हैं। अगले हफ्ते 75 इलेक्ट्रिक बसें और आ रही हैं। इसके अलावा, 2023 के अंत के दो हजार और इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में आ जाएंगी। इलेक्ट्रिक वाहनों को और अधिक बढ़ावा देने के लिए दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) 10 अगस्त को दिल्ली ईवी फोरम की मेजबानी भी करेगा। यह दिल्ली की ईवी पॉलिसी के प्रभावी और सहयोगी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी एजेंसियों, उद्योग प्रतिनिधियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों, थिंक टैंक, आरडब्ल्यूए समेत दिल्ली भर में ईवी इको सिस्टम में 200 से अधिक हितधारकों को एक साथ लाने की एक अनूठी पहल है।

## आईओसी को पेट्रोल की बिक्री पर प्रति लीटर 10 रुपये, डीजल पर 14 रुपये का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में पेट्रोल 10 रुपये प्रति लीटर के नुकसान पर बेचा है। इसके अलावा डीजल की बिक्री पर कंपनी को प्रति लीटर 14 रुपये का नुकसान हुआ है। यही वजह है कि कंपनी को सवा दो साल में पहली बार किसी तिमाही में नुकसान उठाना पड़ा है। देश की सबसे बड़ी तेल शोधन और ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी को चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 1,992.53 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 5,941.37 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वहीं इससे पिछली यानी जनवरी-मार्च की तिमाही में कंपनी को 6,021.9 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

आईओसी की सालाना आधार पर कर, ब्याज, मूल्यह्रास और परिशोधन से पूर्व एकल आय (ईबीआईटीडीए) 88 प्रतिशत घटकर 1,358.9 करोड़ रुपये रह गई। वहीं कंपनी को 1,992.5 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ। हालांकि तिमाही के दौरान कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) ऊंचे स्तर पर यानी 31.8 डॉलर प्रति बैरल रहा है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की रिपोर्ट में कहा गया है, कंपनी की आय में गिरावट की प्रमुख वजह पेट्रोल और डीजल की खुदरा बिक्री पर मार्जिन में भारी गिरावट है। कंपनी को पेट्रोल पर प्रति लीटर 10 रुपये और डीजल पर 14 रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा उत्पाद शुल्क में कटौती की वजह से कंपनी को भंडारण पर भी 1,500 से 1,600 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेट्रोलियम कंपनियां लागत के हिसाब से प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल कीमतों में संशोधन करती हैं। लेकिन आईओसी के साथ भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) ने लागत बढ़ने के बावजूद वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए हैं। इस समय भारत का कच्चे तेल का आयात औसतन 109 डॉलर प्रति बैरल बैठ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में पेट्रोल पंप पर वाहन ईंधन कीमतें 85 से 86 डॉलर प्रति बैरल के भाव के हिसाब से तय की गई हैं। रिपोर्ट कहती है कि यह जनवरी-मार्च, 2020 की तिमाही के बाद से कंपनी का पहली तिमाही नुकसान है।

## एलन मस्क बोले, ट्विटर खातों के साथ बातचीत हो गई है काफी कम

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी



टेक अरबपति एलन मस्क ने एक गुप्त ट्वीट साझा किया है और यह भी कहा है कि 4.4 करोड़ डॉलर के अधिग्रहण सौदे को लेकर प्लेटफॉर्म के खिलाफ जवाबी मुकदमा दायर करने के बाद लगभग सभी ट्विटर खातों के साथ बातचीत काफी कम हो गई है।

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने लिखा है कि लगभग सभी ट्विटर खातों के साथ बातचीत हाल ही में बहुत कम हुई है।


मस्क ने ट्वीट में लिखा : टेस्ला प्लस ट्विटर - ट्विजलर।

हाल ही में, मस्क ने ट्विटर के खिलाफ माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के साथ चल रहे कानूनी विवाद के हिस्से के रूप में 44 अरब के अधिग्रहण सौदे को लेकर एक काउंटरसूट दायर किया। हालांकि मुकदमा अभी तक जनता के लिए सुलभ नहीं है और आंशिक रूप से संशोधित संस्करण जल्द ही अदालत के नियमों के तहत उपलब्ध हो सकता है। यह स्पष्ट नहीं था कि मस्क ने अदालत से अपने काउंटरसूट का विवरण गोपनीय रखने के लिए क्यों कहा, जब टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने हाल के महीनों में सोशल मीडिया पर और प्रेस साक्षात्कारों में ट्विटर की मुखर आलोचना की थी।

हाल ही में, मस्क को एक ट्वीट में एक फॉलोवर ने लिखा, एसईसी नियम 10 बी-5 के तहत ट्विटर भौतिक तथ्यों की चूक या भ्रामक के लिए उत्तरदायी हो सकता है। उचित परिश्रम को छोड़ने का मतलब यह नहीं है कि आपको एक कपटपूर्ण प्रकटीकरण स्वीकार करना होगा। मस्क ने जवाब दिया : बिल्कुल।

## पीसी शिपमेंट, चिप की बिक्री में इस साल आई रिकॉर्ड गिरावट : रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



गार्टनर के अनुसार, वैश्विक सेमीकंडक्टर राजस्व इस साल 2021 की 26.3 फीसदी की वृद्धि से घटकर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पीसी से चिप की बिक्री में 5.4 फीसदी की गिरावट आने की संभावना है। 2020 और 2021 में वृद्धि दर्ज करने के बाद इस साल पीसी शिपमेंट में 13.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

स्मार्टफोन से सेमीकंडक्टर राजस्व 2021 में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में धीमी गति से 3.1 प्रतिशत की वृद्धि की गति पर है। गार्टनर में प्रैक्टिस वीपी, रिचर्ड गॉर्डन ने कहा, हालांकि चिप की कमी कम हो रही है, वैश्विक अर्धचालक बाजार कमजोरी की अवधि में प्रवेश कर रहा है, जो 2023 तक जारी रहेगा जब सेमीकंडक्टर राजस्व में 2.5 प्रतिशत की गिरावट का अनुमान है। निमार्ताओं को पहले से ही अर्धचालक अंत बाजारों में कमजोरी दिखाई दे रही है, विशेष रूप से उपभोक्ता खर्च के संपर्क में आने वाले। बढ़ती मुद्रास्फीति, करों और ब्याज दरों के साथ-साथ उच्च ऊर्जा और ईंधन की लागत, उपभोक्ता की प्रयोज्य आय पर दबाव डाल रही है।

गॉर्डन ने कहा, यह पीसी और स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर खर्च को प्रभावित कर रहा है।


कुल मिलाकर, 2022 वैश्विक अर्धचालक राजस्व पिछली तिमाही के पूवानुर्मान से 36.7 अरब डॉलर से घटाकर 639.2 अरब डॉलर कर दिया गया है, क्योंकि वर्ष के दौरान आर्थिक स्थिति खराब होने की आशंका है।

मेमोरी की मांग और मूल्य निर्धारण में नरमी आई है, खासकर पीसी और स्मार्टफोन जैसे उपभोक्ता से संबंधित क्षेत्रों में, जो विकास में मंदी का नेतृत्व करने में मदद करेगा।

एक उद्यम के दष्टिकोण से इन्वेंट्री तेजी से ठीक हो रही है, लीड समय छोटा होने लगा है और कीमतें कमजोर होने लगी हैं। गॉर्डन ने कहा, अर्धचालक बाजार एक उद्योग के चक्र में प्रवेश कर रहा है, जो नया नहीं है, और पहले भी कई बार हो चुका है।

उन्होंने बताया, जबकि उपभोक्ता स्थान धीमा हो जाएगा, निरंतर क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के कारण डेटा सेंटर बाजार से सेमीकंडक्टर राजस्व लंबे समय तक (2020 में 20 प्रतिशत की वृद्धि) लचीला रहेगा। इसके अलावा, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट अगले तीन वर्षों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज करना जारी रखेगा, क्योंकि इलेक्ट्रिक और स्वायत्त वाहनों के संक्रमण के कारण प्रति वाहन सेमीकंडक्टर सामग्री में वृद्धि होगी।

## गूगल ने अपनी क्लाउड गेमिंग सेवा स्टैडिया को बंद करने से किया इनकार




सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

गूगल ने अपने क्लाउड गेमिंग प्लेटफॉर्म स्टैडिया को बंद करने के दावे का खंडन किया है। खंडन करते हुए गूगल ने कहा कि वह अभी भी प्लेटफॉर्म पर और शानदार गेम लाने की योजना पर काम कर रहा है। एंगाडजेट की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हफ्ते की शुरूआत में एक अफवाह फैली थी कि कंपनी इस साल के अंत में प्लेटफॉर्म को बंद कर देगी। आधिकारिक स्टैडिया ट्विटर अकाउंट ने पीसी गेमर द्वारा देखे गए एक ट्वीट में एक संबंधित प्रशंसक को बताया कि, स्टैडिया बंद नहीं हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि, आश्वस्त रहें, हम हमेशा प्लेटफॉर्म और स्टैडिया प्रो पर और अधिक शानदार गेम लाने की योजना पर काम कर रहे हैं।

संदेश के अनुसार, एक पुराने सहकर्मी और मित्र ने कहा कि गूगल ने हाल ही में स्टैडिया के भविष्य पर चर्चा या इसकी खामियां को लेकर एक बैठक की थी। उन्होंने दावा किया कि कंपनी गर्मियों के अंत तक प्लेटफॉर्म को बंद कर देगी और गूगल प्ले म्यूजिक के साथ उसी रणनीति का उपयोग करके ऐसा करेगी।

## सरकार जल्द ही दे सकती है 12 लाख टन अतिरिक्त चीनी निर्यात की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र सरकार चालू चीनी सत्र में उत्पादन अनुमान से अधिक रहने की संभावना के मद्देनजर अतिरिक्त 12 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दे सकती है। यह अतिरिक्त निर्यात कोटा चालू 2021-22 सत्र के लिए पहले दी गई एक करोड़ टन चीनी निर्यात की अनुमति से ऊपर होगा।

सूत्रों के मुताबिक, मंत्रियों के एक समूह की हाल में हुई बैठक में चीनी निर्यात के अतिरिक्त कोटा को मंजूरी दी गई। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। चीनी उत्पादन के नोडल मंत्रालय के रूप में काम करने वाला खाद्य मंत्रालय अतिरिक्त कोटा आवंटित करने के तौर-तरीकों पर काम कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि 2021-22 के सीजन में देश का कुल चीनी उत्पादन पांच लाख टन बढ़कर 3.6 करोड़ टन होने की उम्मीद है, जो 3.55 करोड़ टन के पिछले अनुमान से अधिक है। चीनी के अतिरिक्त कोटे के निर्यात के बाद भी देश में लगभग 60-68 लाख टन का क्लोजिंग स्टॉक बचा रहेगा।

चीनी मिलों ने अक्टूबर, 2021 से सितंबर, 2022 के चीनी सत्र में अबतक नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अफगानिस्तान, इंडोनेशिया, सोमालिया और अन्य देशों को 99.7 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। सूत्रों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाल में कुछ सुधार और कच्ची चीनी की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद भारतीय चीनी की वैश्विक मांग बनी हुई है। पूर्व कृषि मंत्री शरद पवार ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर चीनी निर्यात की सीमा में 10 लाख टन की छूट देने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा था कि चीनी का उत्पादन पहले के अनुमानों से अधिक होने की उम्मीद है।

## इंडिगो जल्द ही लाभदायक वृद्धि के मार्ग पर बढ़ेगी, कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे सुलझाएंगे: दत्ता

मुंबई, एजेंसी

विमानन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोनोजॉय दत्ता ने उम्मीद जताई कि महामारी के कारण उत्पन्न संकट खत्म होता दिख रहा है, ऐसे में अब एयरलाइन जल्द ही लाभदायक वृद्धि के मार्ग पर बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइन कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों का भी समाधान निकाल रही है।

इस महीने की शुरूआत में एयरलाइन के कर्मचारियों के एक वर्ग ने कम वेतन को लेकर असंतोष और विरोध जताया था।

इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है जिसकी घरेलू बाजार में हिस्सेदारी करीब 57 प्रतिशत है। उसके पास 280 से अधिक विमानों का बेड़ा है। एयरलाइन अगस्त में अपने परिचालन के 16 साल पूरे करने जा रही है। दत्ता ने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, मैं जानता हूं कि हर विभाग की अपनी चुनौतियां हैं और आपसे अनुरोध करता हूं कि आप अपने विभाग के नेतृत्व से जुड़े रहें। मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि हम हर एक मुद्दे का समाधान निकालने के लिए काम कर रहे हैं जिससे हमारी यात्रा बेहतर हो और आगे चलकर सर्वश्रेष्ठ बने। पिछले वित्त वर्ष तक कंपनी में कुल 26,164 कर्मचारी कार्यरत थे। एयरलाइन के कर्मचारियों का एक वर्ग अपना विरोध जताने के लिए कुछ दिन पहले सामूहिक रूप से ह्यसिक लीवह्ल पर चला गया था। जिसके बाद 13 जुलाई को कंपनी ने कहा था कि वह सभी शिकायतों और मुद्दों का समाधान करने के लिए कर्मचारियों से लगातार संवाद बनाए हुए है। दत्ता सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने हाल में कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, कारोबार बेहतर हो रहा है और इसके साथ ही हम कर्मचारियों के वेतन संबंधी मुद्दों को सुलझाने की प्रक्रिया भी चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि कोरोना वायरस के कारण शुरू हुआ संकट अब खत्म होता लग रहा है। दत्ता ने कहा, हमारा राजस्व प्रदर्शन मजबूत है और हम जल्द ही लाभदायक वृद्धि के मार्ग पर बढ़ेंगे।

### विदेशों में तेजी से बीते सप्ताह खाद्य तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह मलेशिया में बाजार मजबूत होने के कारण देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन तेल कीमतों में लाभ दर्ज हुआ। बाकी तेल-तिलहनों के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह मलेशिया में खाद्य तेलों के भाव लगभग 100 डॉलर मजबूत हुए हैं। इस बीच, सरकार ने समीक्षधीन सप्ताहांत में आयात शुल्क मूल्य में पाक्षिक कटौती की है। इस कटौती के तहत पामोलीन के आयात शुल्क में 307 रुपये प्रति क्विंटल की भारी कमी की गई है जबकि सोयाबीन डीगम में 69 रुपये प्रति क्विंटल की और कच्चे पाम तेल (सीपीओ) के आयात शुल्क मूल्य में 47 रुपये प्रति क्विंटल की कमी की गई है। इस कटौती के बाद जिस सोयाबीन तेल का दाम पहले सीपीओ से लगभग 50 डॉलर अधिक हुआ करता था, वह अंतर अब बढ़कर 310 डॉलर हो गया है। वर्ष 2010 के बाद एक सप्ताह के अंदर सोयाबीन दाने के भाव पहले कभी इतनी तेजी से बढ़ते नहीं देखे गये हैं।

## रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, तिमाही नतीजों, वृहद आंकड़ों से तय होगी बाजार की चाल

नई दिल्ली, एजेंसी




शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों, नीतिगत ब्याज दरों पर रिजर्व बैंक के निर्णय तथा विदेशी कोषों के रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक बाजारों का रुझान, रुपये का उतार-चढ़ाव और कच्चे तेल के दाम भी बाजार धारणा को प्रभावित करेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह की शुरूआत वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों के साथ होगी। इसके अलावा बाजार भागीदारों की निगाह पीएमआई आंकड़ों पर भी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजों की घोषणा पांच अगस्त को होगी।

इसी सप्ताह विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े आने हैं। मिश्रा ने कहा कि सप्ताह के दौरान आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, डाबर, टाइटन और इंटरग्लोब एविएशन जैसी कुछ बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे। सैमको सिक्योरिटीज में बाजार परिदृश्य-प्रमुख अपूर्व सेठ ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर इस सप्ताह सबसे बड़ी खबर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक होगी। उन्होंने कहा, सभी की निगाह इस पर रहेगी कि क्या एमपीसी पश्चिम के केंद्रीय बैंकों की तरह आक्रामक रुख अपनाती है या अपने हिसाब से रास्ता बनाती है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दिशा को तय करेंगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार भागीदारों की निगाह घरेलू घटनाक्रमों पर रहेगी। रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इसके अलावा वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की दिशा को तय करेंगे। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,498.02 अंक यानी 2.67 प्रतिशत के लाभ में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक रुख के बीच बीते सप्ताह तेजड़िये बाजार पर हावी थे। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष और इक्विटी प्रमुख हेमंत कनावाला ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति से वृद्धि के कारक बरकरार हैं। मानसून के आगे बढ़ने और बुवाई में तेजी आने से मुद्रास्फीति का जोखिम कम होगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर निवेशकों को एमपीसी की बैठक के नतीजों का इंतजार है।

## स्पेक्ट्रम नीलामी छठे दिन भी जारी

### अबतक मिलीं 1.50 लाख करोड़ रुपये की बोलियां

नई दिल्ली, एजेंसी




देश में 5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन के लिए नीलामी प्रक्रिया रविवार को लगातार छठे दिन जारी है। नीलामी के पहले पांच दिन में रिलायंस जियो और भारती एयरटेल जैसी कंपनियों की ओर से 1,49,966 करोड़ रुपये मूल्य की बोलियां लगाई जा चुकी हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि स्पेक्ट्रम के लिए नीलामी का 31वां दौर रविवार सुबह शुरू हुआ।

कंपनियों के बीच उत्तर प्रदेश पूर्वी सर्किल के लिए 1800 मेगाहर्ट्ज के लिए मांग बुधवार से काफी तेज हो गई थी, जो अब ठंडी पड़ी है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि इससे पता चलता है कि नीलामी अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रही है।

सूत्रों ने कहा कि बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि दिन में बोली किस तरीके से आगे बढ़ती है। शनिवार तक कुल बोलियां 1.50 लाख करोड़ रुपये के पास पहुंच गई थीं। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दूरसंचार निवेशकों के गोलमेज के बाद कहा था, 5जी नीलामी से पता चलता है कि उद्योग विस्तार करना चाहता है। उद्योग अब समस्याओं से बाहर आ चुका है और वृद्धि की राह पर बढ़ना चाहता है।

दूरसंचार विभाग ने इस नीलामी में कुल 4.3 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 72 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की बिक्री की पेशकश की है। इस नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के अलावा अडाणी एंटरप्राइजेज भी शिरकत कर रही है।

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 384 परियोजनाओं की लागत 4.66 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

बुनियादी ढांचागत क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 384 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.66 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की जून 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,514 परियोजनाओं में से 384 की लागत बढ़ गई है जबकि 713 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,514 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 21,21,471.79 करोड़ रुपये थी लेकिन अब इसके बढ़कर 25,87,946.13 करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 21.99 प्रतिशत यानी 4,66,474.34 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून 2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,30,885.21 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 51.43 प्रतिशत है। हालांकि मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 552 पर आ जाएगी। वैसे इस रिपोर्ट में 523 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 713 परियोजनाओं में से 123 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 122 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 339 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 129 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 647 परियोजनाओं में हो रहे विलंब का औसत 42.13 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इनके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिये जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, विभिन्न राज्यों में कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन से भी परियोजनाओं में विलंब हुआ है। रिपोर्ट कहती है कि परियोजना एजेंसियां कई परियोजनाओं के लिए संशोधित लागत और चालू होने के समय की जानकारी नहीं दे रही हैं।

- सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है।

## मैनी एफथ्री रेस में पहली बार शीर्ष तीन में रहे



बुडापेस्ट, एजेंसी भारत के कुश मैनी शनिवार को यहां एफआईए फॉर्मूला थ्री (एफथ्री) रेस में तीसरे स्थान पर रहे। मैनी का इस स्तर पर यह पहला पोडियम (शीर्ष तीन स्थान) स्थान है। उन्होंने 18 लैप की रेस को 37 मिनट 44.310 सेकंड में पूरा किया। उनकी टीम एमपी मोटरस्पोर्ट्स के सी कोल्लेट इसके विजेता बने, जिन्होंने मैनी से 9.694 सेकंड कम समय लिया। मैनी ने कहा, ह्यह्यमैं पोडियम हासिल करने को लेकर बेहद खुश हूं। मुझे अपनी टीम पर गर्व है कि उन्होंने मुझे एक प्रतिस्पर्धी कार और पोडियम पर खड़े होने का मौका दिया।

## राष्ट्रमंडल टेबल टेनिसः गत चैंपियन भारतीय महिला टीम बाहर

बर्मिंघम। स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुआई वाली भारतीय टीम शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा से बाहर हो गई। शनिवार को ग्रुप चरण के मैच में आसान जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला टीम को अंतिम आठ के मुकाबलों में मलेशिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मनिका ने एक एकल मैच जीता जबकि दूसरा गंवाया। रीथ टेनिसन और श्रीजा अकुला की महिला युगल जोड़ी को पहले मैच में 1-3 (7-11 6-11 11-5 6-11) से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे भारतीय टीम शुरूआत में ही बैकफुट पर आ गई। मनिका ने हालांकि कड़े एकल मुकाबले में यिंग हो को 3-2 (11-8 11-5 8-11 9-11 11-3) से हराकर भारत को बराबरी दिला दी।अकुला ने इसके बाद युगल की हार की भरपाई करते हुए दूसरे एकल में ली सियान एलिस चैंग को 3-0 (11-6 11-6 11-9) से हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। मनिका ने हालांकि केरेन लाइन के खिलाफ 0-3 (6-11 3-11 9-11) की शिकस्त के साथ मलेशिया को बराबरी हासिल करने का मौका दे दिया। मलेशिया ने इस लय का फायदा उठाया और यिंग हो ने टेनिसन को निर्णायक मुकाबले में 3-2 (10-12 11-8 6-11 11-9 11-9) से हराकर भारतीय टीम को बाहर का रास्ता दिखा दिया। इससे पहले भारतीय पुरुष और महिला टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने ग्रुप दो के मैच में गयाना को 3-0 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा जबकि पुरुष टीम ने ग्रुप तीन के मुकाबले में उत्तरी आयरलैंड को इसी अंतर से मात दी। चार साल पहले गोल्ड कोस्ट में जीते गए अपने खिताब का बचाव करने की कवायद में लगी महिला टीम ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका और फिजी को समान 3-0 के अंतर से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की थी। प्रतियोगिता के दूसरे दिन श्रीजा अकुला और रीथ टेनिसन की जोड़ी ने नताली कमिंग्स और चेल्सी एडघिल को 11-5 11-7 11-7 से हराकर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में महिला एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनी मनिका ने इसके बाद थुरिया थॉमस को सीधे गेम में 11-1 11-3 11-3 से हराया। एक अन्य मैच में रीथ ने चेल्सिया एडघिल के खिलाफ 11-7 14-12 13-11 से जीत दर्ज करके भारत को 3--0 की विजयी बढ़त दिलाई। पुरुष टीम स्पर्धा में अनुभवी अचंता शरत कमल ने हरमीत देसाई के साथ मिलकर पुरुष युगल में जेम्स स्केलटन और ओवेन कैटचार्ट को 11-3 9-11 11-6 11-1 से हराकर भारत को 1-0 से आगे किया। सानिल शेट्टी ने इसके बाद पॉल मैककेरी को 11-5 15-13 11-6 से हराकर भारत की बढ़त में इजाफा किया। हरमीत को कैटचार्ट को दूसरे एकल में 5-11 11-9 12-14 11-3 11-6 से हराने के दौरान जूझना पड़ा लेकिन उनकी जीत से भारत की जीत सुनिश्चित हुई।

## भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की लय जारी रखने उतरेगी

बासेटेरे (सेंट किट्स एवं नेविस), एजेंसी पांच मैचों की श्रृंखला के शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में प्रभावशाली जीत दर्ज करने के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम सोमवार को दूसरे मैच में वेस्टइंडीज पर अपना दबदबा बरकरार रखने उतरेगी। इस साल खेले जाने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए भारतीय टीम इस प्रारूप के किसी भी मैच को हलके में नहीं लेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरूआती टी20 मैच में दोनों देशों के बीच खेल के हर विभाग में बड़ा अंतर देखने को मिला। रोहित ने रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और रवि बिश्नोई जैसे तीन स्पिनरों को अंतिम एकदश में शामिल कर चतुराई भरी कप्तानी का परिचय दिया। उन्होंने इसके साथ ही सूर्यकुमार यादव के साथ पारी का आगाज कर सबको चौंका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ इस प्रारूप में रोहित ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ पारी का आगाज किया था। ऐसे में सूर्यकुमार इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के सातवें सलामी बल्लेबाज बने। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद में 24 रन बनाये। लोकेश राहुल की गैरमौजूदगी में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या टीम प्रबंधन सलामी बल्लेबाजी के लिए प्रयोग करना जारी रखेगा। भारतीय टीम को लंबे समय से बायें हाथ के बेहतर तेज गेंदबाज की कमी खल रही थी लेकिन अर्शदीप सिंह ने शुरूआती टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से प्रभावित किया। पंजाब के इस 23 साल के गेंदबाज ने अपने चार ओवर के स्पैल में कहीं भी ढिलाई नहीं बरती। उन्होंने शुरूआती ओवरों में शॉर्ट गेंद के शानदार इस्तेमाल से सलामी बल्लेबाज काइल मायर्स को चलता किया तो वहीं आखिरी ओवरों में उनकी सटीक यॉर्कर का अकील हुसैन के पास कोई जवाब नहीं था। पिछले मैच में रोहित शर्मा ने 44 गेंद में 64 रन की पारी खेल कर बड़े स्कोर की नींव रखी लेकिन भारतीय मध्यक्रम लड़खड़ा गया। आखिरी ओवरों में हालांकि दिनेश कार्तिक (19 गेंद में नाबाद 41 रन) की साहसिक पारी ने टीम के स्कोर को 190 रन तक पहुंचाया।

## नटराज 100 मीटर बैकस्ट्रोक में सातवें स्थान पर रहे



बर्मिंघम, एजेंसी भारत के शीर्ष तैराक श्रीहरि नटराज राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में शनिवार को सातवें स्थान पर रहे। नटराज शुरूआती 50 मीटर स्प्लिट में पांचवें स्थान पर थे लेकिन स्पर्धा के आखिरी चरण में वह सातवें स्थान पर खिसक गये। उन्होंने 54.31 सेकंड का समय लिया जो उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कम है। इस 21 साल के तैराक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 53.77 सेकंड है और अगर वह इस प्रदर्शन को दोहरा पाते तो स्वर्ण पदक जीत जाते। राष्ट्रमंडल खेलों में तैराकी की मुख्य स्पधाओं में भारत ने अभी तक एक भी पदक नहीं जीता है। पैरा तैराकी में हालांकि प्रशांत करमार ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का इकलौता पदक जीता है।

# चानू ने 49 किग्रा में खिताब बरकरार रखा, भारत को 2022 राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया

» **बर्मिंघम, एजेंसी**



मीराबाई चानू ने उम्मीद के मुताबिक राष्ट्रमंडल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता की महिला 49 किग्रा स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शनिवार को यहां अपना खिताब बरकरार रखा और भारत को बर्मिंघम खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। ओलंपित रजत पदक विजेता चानू ने कुल 201 किग्रा (88 किग्रा और 113 किग्रा) वजन उठाकर दबदबा बनाते हुए राष्ट्रमंडल खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। मॉरिशस की मेरी हानित्रा रोइल्या रानाइवोसोआ कुल 172 किग्रा वजन उठाकर चानू से काफी पीछे दूसरे स्थान पर रही जबकि कनाडा की हना कामिन्स्की ने 171 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। चानू ने स्नैच वर्ग में राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने क्लीन एवं जर्क तथा कुल वजन में भी नया रिकॉर्ड बनाया। अपने वजन वर्ग में खिताब की प्रबल दावेदार 27 साल की चानू ने स्नैच में 80 किग्रा और क्लीव एवं जर्क में 105 किग्रा वजन उठाकर शुरूआत की। उन्होंने पहले प्रयास के वजन को हालांकि बदलकर 84 किग्रा किया। चानू प्रतियोगिता में 88 किग्रा के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा के विश्व रिकॉर्ड सहित कुल 207 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ उतरी थी। चुनौती पेश करने वाली खिलाड़ियों में चानू की निकटतम प्रतिद्वंद्वी नाइजीरिया की स्टेला किंगस्ले का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 168 किग्रा (72 किग्रा और 96 किग्रा) था जो उनके और अन्य खिलाड़ियों के अंतर को स्पष्ट करता है। इस स्पर्धा में चानू की प्रतिस्पर्धा अन्य से अधिक स्वयं से थी और वह अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरी थी। चानू ने स्नैच में पहले प्रयास में आसानी से वजन उठाया और फिर दूसरे प्रयास में 88 किग्रा वजन उठाने में सफल रही। उन्होंने तीसरे प्रयास और अंतिम प्रयास में 90 किग्रा वजन उठाने की कोशिश की लेकिन नया निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज नहीं करा पाईं। वह हालांकि क्लीन एवं जर्क के लिए उतरने से पहले रानाइवोसोआ पर 12 किग्रा की बढ़त बना चुकी थी। क्लीन एवं जर्क स्पर्धा की शुरूआत में ही बांग्लादेश की मारिया अख्तर 70 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रही और इस दौरान वहीं गिर गईं। चानू की निकटतम प्रतिद्वंद्वियों ने उनसे 15 किग्रा कम वजन उठाने का प्रयास किया जिससे स्पर्धा का नतीजा तय हो गया था। रजत और कांस्य पदक के लिए किंगस्ले, कामिन्स्की और रानाइवोसोआ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। नाइजीरिया की किंगस्ले को निराशा हाथा लगी क्योंकि उनके 98 किग्रा के प्रयास को वैध नहीं माना गया क्योंकि वह समय से पहले ही जश्न मनाने लगी।

## मुक्केबाज संजीत राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर



» **बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय हैवीवेट मुक्केबाज (92 किग्रा) संजीत समोआ के लीयू प्लोडजिस्कि-फोआगली से हार कर राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर हो गए। मौजूदा एशियाई चैम्पियन मुक्केबाज संजीत को आखिरी दो दौर में रक्षात्मक खेल का खामियाजा उठाना पड़ा और उन्हें 3-2 के खंडित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने आक्रमण शुरूआत के दम पर पहले दौर के मुकाबले को सर्वसम्मत निर्णय से जीता लेकिन रक्षात्मक खेल के कारण फोआगली को वापसी का मौका मिल गया। फोआगली ने दूसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज पर कुछ घूंसे लगाकर दबाव बना दिया और फिर तीसरे दौर में भी इसे जारी रखा।

## लिफ्टर बिंद्यारानी ने चांदी के साथ भारत को दिलाया चौथा पदक

» **बर्मिंघम, एजेंसी**



भारत की बिंद्यारानी देवी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में देश के पदकों की संख्या चार करते हुए शनिवार (भारत में रविवार सुबह से पहले) को 55 किग्रा भार वर्ग में रजत जीता। स्वर्णिम मीराबाई के 49 किग्रा में प्रथम स्थान हासिल करने के कुछ देर बाद ही 23 वर्षीय बिंद्यारानी ने 202 किलो भार उठाकर अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने सबसे पहले स्नैच में 86 किग्रा के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की, और फिर क्लीन एंड जर्क में 116 किग्रा उठाकर नया राष्ट्रीय और राष्ट्रमंडल रिकॉर्ड स्थापित किया। बिंद्यारानी सिर्फ एक किलो के अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं जो नाइजीरिया की अदिजात अदेनिके ओलारिनोये के पास गया। ओलारिनोये ने 203 किग्रा (92 किग्रा प्लस 111 किग्रा) भार उठाकर पहला स्थान हासिल किया। मेजबान इंग्लैंड की फ्रेयर मॉरो ने 198 किलो (89 किलो प्लस 109 किलो) के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। बिंद्यारानी ने जीत के बाद कहा, ह्लयह मेरा पहला राष्ट्रमंडल खेल है और मैं रजत पदक और खेलों के रिकॉर्ड को लेकर बहुत खुश हूं ह्व चानू की तरह बिंद्यारानी भी मणिपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने 2019 राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था जबकि 2021 संस्करण में रजत प्राप्त किया था। उन्होंने कहा, ह्लमैं 2008 से 2012 तक ताइक्वांडो में थी मगर उसके बाद मैं भारोत्तोलन में स्थानांतरित हो गयी। मेरा कद छोटा था इसलिए मुझे शिफ्ट होना पड़ा।

## आईओए ने मीराबाई की स्वर्णिम उपलब्धित की सराहना की, अन्य बो बधाई दी

» **बर्मिंघम, एजेंसी**



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करके देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाली भारोत्तोलक मीराबाई चानू की सराहना की है। पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली चानू ने शनिवार को महिला भारोत्तोलन के 49 किग्रा वर्ग में रिकॉर्ड 201 किग्रा (88 और 113 किग्रा) वजन उठाकर 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के अपने स्वर्ण पदक का सफलतापूर्वक बचाव किया। शनिवार को ही भारोत्तोलन में संकेत सरगर और गुरुराजा पुजारी ने पुरुष 55 किग्रा और 61 किग्रा वर्ग में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। बाद में बिंदियारानी देवी ने भी महिला 55 किग्रा में रजत पदक के साथ भारत को चौथा पदक दिलाया। आईओए के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना ने कहा, ह्यह्यपदक के सबसे प्रबल दावेदारों में शामिल होगा और इस उम्मीद पर खरा उतरना आसान नहीं होता लेकिन मीराबाई चानू ने उत्कृष्टता के साथ यह काम किया। हमें बेहद खुशी है कि उसके और उसके सहयोगिगयों के प्रयासों का आज फल मिला। उन्होंने कहा, ह्यह्यउन्होंने 90 किग्रा वजन उठाने का प्रयास करके स्वयं को चुनौती दी। हालांकि नतीजा वांछित नहीं रहा, चानू की प्रतिबद्धता और अपने लिए ऊंचे लक्ष्य बनाने के लिए आईओए भारत की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक की सराहना करता है ।ह्लह्ल खन्ना ने कहा, ह्यह्यहम उन्हें और अन्य पदक विजेताओं संकेत सरगर, गुरुराजा पुजारी और बिंदियारानी देवी को अपने अपने वर्ग में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हैं।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम घोषित, धवन के हाथ फिर कमान



» **नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस श्रृंखला के लिए शिखर धवन को एक बार फिर टीम की कप्तानी सौंपी गई है। लंबे समय से बाहर चल रहे ऑलराउंडर वाशिंग्टन सुंदर की वापसी हुई है। सुंदर चोट के चलते भारतीय टीम से बाहर हुए थे और उन्हें लगभग चार महीने के बाद दोबारा भारतीय टीम में जगह मिली है। फिलहाल सुंदर काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। वहीं चार महीने से अधिक समय से मैदान से बाहर चल रहे दीपक चाहर की भी टीम में वापसी हुई है। राहुल त्रिपाठी को भी इस बार मौका मिला है। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला खेलने वाले विराट कोहली को वेस्टइंडीज दौरे के लिए ब्रेक दिया गया था। उन्हें इस श्रृंखला से भी बाहर रखा गया है। जबकि नियमित कप्तान रोहित शर्मा, तेज गेंदबाज बुमराह, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भी आराम दिया गया है। एकदिवसीय श्रृंखला के मैच क्रमशः 18, 20 और 22 अगस्त को खेले जाएंगे। 07 अगस्त को वेस्टइंडीज का दौरा खत्म करने के बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे दौरे के लिए निकलेगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है : शिखर धवन (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हूडा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और दीपक चाहर।

## चानू के स्वर्ण पदक से मणिपुर में जश्न का माहौल



» **इम्फाल, एजेंसी**

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारोत्तोलक मीराबाई चानू के गृह राज्य मणिपुर में जश्न का माहौल है। चानू के पैतृक गांव इम्फाल पूर्वी जिले के नोंगपोह काकचिंग के निवासी शनिवार रात टेलीविजन सेट से चिपके रहे और जैसे ही उनके स्वर्ण पदक जीतने की पुष्टि हुई, वे खुशी से झूम उठे। उसकी मां तोम्बी देवी ने कहा कि वह प्रतियोगिता से एक रात पहले सो नहीं सकीं थी और अपनी बेटी की जीत के लिए प्रार्थना कर रही थी। उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे उस पर बहुत गर्व है। हम उसका मुकाबला देखने के लिए देर रात तक जगे थे। अब उनकी बहनें, रिश्तेदार और पड़ोसी तिरंगे के साथ जश्न मना रहे हैं और यहां की पारंपरिक थबल चोंगबा नृत्य कर रहे हैं।

**जेरेमी** | **जेरेमी लालरिनुंगा ने वेटलिफ्टिंग में दिलाई कामयाबी, मेडल टेबल में छठे नंबर पर आया भारत**

# कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को दूसरा गोल्ड

» **नई दिल्ली, एजेंसी**




कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने दूसरा गोल्ड और ओवरऑल 5वां मेडल जीत लिया है। 19 साल के वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा ने बीच मुकाबले के दौरान चोटिल होने के बावजूद हार नहीं मानी और मेंस 67 KG कैटेगरी में सुनहरी कामयाबी हासिल की। उन्होंने स्नैच में 140 और क्लीन एंड जर्क में 160 KG वेट उठाया। इस तरह उन्होंने कुल 300 KG वेट उठाया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। समोआ के वाइवापा आइओने (293 KG) ने सिल्वर जीता।

मिजोरम के जेरेमी ने स्नैच में अपने पहले प्रयास में 136 KG ।ा वेट उठाया और गोल्ड मेडल पोजीशन पर आ गए। दूसरे प्रयास में उन्होंने 140 KG वेट उठाकर गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए अपनी पोजीशन और मजबूत कर ली है। जेरेमी ने तीसरी कोशिश 143 ङ्म वेट पर की। लेकिन इसमें उन्हें कामयाबी नहीं मिली।भारतीय वेटलिफ्टर ने क्लीन एंड जर्क के अपने पहले अटैम्प्ट में 154 और दूसरे अटैम्प्ट में 160 KG वेट उठाया है। तीसरी कोशिश में उन्होंने 164 KG का वेट ट्राय किया। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने गोल्ड जीत लिया। क्लीन एंड जर्क के अपने पहले प्रयास के दौरान जेरेमी चोटिल हो गए। इसके बावजूद वे दो बार और लिफ्ट करने आए। जेरेमी लालरिनुंगा 2018 यूथ ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट हैं। साथ ही उन्होंने 2021 कॉमनवेल्थ चैंपियनशिप में भी गोल्ड जीता था।

**बॉक्सिंग : निखत जरीन एकतरफ जीत से क्वार्टर फाइनल में**

हैदराबाद की निखत जरीन ने 50 KG विमेन बॉक्सिंग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

उन्होंने राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में मोजाम्बिक की हलीना स्माइल बागो को फ्उ के तहत पराजित कर दिया है। फाइट के दौरान जब कोई मुक्केबाज अस्थिर हो जाता है तो रेफरी उस फाइट को रोककर दूसरे को विजेता घोषित कर देता है। थोड़ी देर से शिव थापा 63.3 KG में भारतीय चुनौती पेश करेंगे।जिम्नास्ट योगेश्वर 15वें स्थान पर रहे। भारतीय जिम्नास्ट योगेश्वर सिंह आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के मेंस ऑल राउंड इवेंट के 15वें नंबर पर रहे। उन्होंने कुल 74.700 अंक अर्जित किए।लॉन बॉल के विमेंस सिंगल्स इवेंट के राउंड-4 मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी तानिया चौधरी ने नार्थन आयरलैंड की शौना ओनिल को पराजित कर दिया है। उन्होंने 21-12 से जीत हासिल की है।वहीं, दोपहर 01:30 बजे से आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में योगेश्वर सिंह पदक के लिए मैदान पर उतरेंगे।दोपहर 2 बजे से वेटलिफ्टिंग मेंस 67 ङ ऑल ग्रुप्स कैटेगरी में जेरेमी लालरिनुंगा वजन उठाएंगी। दोपहर 3 बजे एक्वेटिक्स, स्वीमिंग एंड पारा स्विमिंग हीट 3 में साजन प्रकाश का मुकाबला होगा। दोपहर 3:21 बजे स्वीमिंग एंड पारा स्वीमिंग हीट 6 श्रीहरि नटराज का मैच खेला जाएगा। शाम 4:30 बजे बॉक्सिंग में ओवरX 60Kg-63.5kg शिव थापा१२ रीस लिंच का मैच होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तान में फुटबॉल मैच विस्फोट में तीन लोग घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के तुरबत शहर में फुटबाल मैच के दौरान हुए विस्फोट में कम से कम तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात को केच जिले में स्थित तुर्बत के एयरपोर्ट चौक इलाके के पास एक फुटबॉल स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक धमाके में तीन लोग घायल हुए है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि विस्फोट के बाद घटनास्थल पर लोगों में दहशत है और सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है। प्रांत के गृह मंत्री जिया उल्लाह लांगौ ने हमले की निंदा की और पुलिस को हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार करने का निर्देश दिए है।

### पुर्तगाल भीषण सूखे का कर रहा सामना

लिसबोन। पुर्तगाल भीषण सूखे का सामना कर रहा है। उसका 67.9 प्रतिशत क्षेत्र गंभीर सूखे की चपेट में है। 28.4 प्रतिशत अत्यधिक सूखे में और शेष 3.7 प्रतिशत क्षेत्र जून में मध्यम सूखे में था। पुर्तगाली समुद्री और वायुमंडल संस्थान (आईपीएमए) ने यह जानकारी दी है। संस्थान ने शनिवार को कहा कि 1931 में शुरू हुए देश में सूखे के पंजीकरण की शुरूआत के बाद से यह सबसे सूखा वर्ष है। आईपीएमए के अनुसार, पुर्तगाल में सूखा लगभग एक साल पहले तेज होना शुरू हुआ था और सर्दियों में भी, देश का पूरा महाद्वीपीय क्षेत्र गंभीर सूखे की चपेट में था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह भी कहा गया है कि पांच पुर्तगाली जिले ऑरेंज अलर्ट के तहत हैं, जो कि तीन के पैमाने पर दूसरा सबसे गंभीर है। राष्ट्रीय आपातकाल और नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण (एएनईपीसी) ने शनिवार को कम आर्द्रता के स्तर के कारण आग के खतरे के बारे में चेतावनी जारी की। पानी की मानव खपत की गारंटी के लिए, पुर्तगाली सरकार ने ऊर्जा उत्पादन और सिंचाई के लिए पानी के उपयोग की निगरानी और सीमित करने के उपायों को अपनाया। सरकार ने जलाशयों और बांधों में जल संचय को सुदृढ़ करने और सिंचाई में पानी बचाने के लिए सटीक तकनीकों में सुधार करने का भी निर्णय लिया।

### रूस के काला सागर जहाजी बेड़े के मुख्यालय में विस्फोट

मॉस्को। रूस के काला सागर जहाजी बेड़े के मुख्यालय में रविवार को हुए विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्रीमिया प्रायद्वीप के सेवस्तोपोल शहर में स्थित मुख्यालय में विस्फोट के बाद रूसी नौसेना दिवस अवकाश को रद्द कर दिया गया। साल 2014 में रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप पर आक्रमण करके यूक्रेन से उसे छीन लिया था। बेड़े की प्रेस सेवा ने कहा कि हमला ड्रोन से किया गया, जो देसी प्रतीत होता है। सेवस्तोपोल के मेयर मिखाइल रजवोजाएव ने कहा कि विस्फोटक उपकरण कम क्षमता वाला था, लेकिन विस्फोट में छह लोग घायल हो गए। यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि ड्रोन ने कहां से उड़ान भरी थी।

### न्यूयार्क में मंकीपॉक्स हेल्थ इमरजेंसी घोषित

न्यूयार्क। दुनियाभर में मंकीपॉक्स के मरीजों की संख्या बढ़ने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। अमेरिका के कई शहर इसकी गिरफ्त में हैं। इसके मद्देनजर न्यूयार्क शहर में मंकीपॉक्स बीमारी को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी) घोषित किया गया है। अधिकारियों के अनुसार न्यूयार्क शहर ही अमेरिका में इस प्रकोप का केंद्र रहा है।

# श्रीलंका में ईंधन संकट गहराया

## लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है शेष पेट्रोल भंडार

**कोलंबो, एजेंसी**



विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि श्रीलंका में शेष बचे पेट्रोल भंडार से लोगों की जरूरत पूरी नहीं हो सकती। यह अपर्याप्त है। कोलंबो गजट के हवाले से डब्ल्यूएफपी ने कहा, शेष पेट्रोल भंडार सामान्य जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होगा। स्थिति ने दैनिक जीवन के लगभग सभी पहलुओं को प्रभावित किया है, जिससे लोगों की काम खोजने और काम पर जाने की क्षमता बाधित हो रही है और स्कूलों और सरकारी सेवाओं में बाधा आ रही है। इस बीच, श्रीलंका सरकार ने अगले 12 महीनों के लिए प्रतिबंधों की घोषणा की है क्योंकि उसे ईंधन की आपूर्ति की गंभीर कमी का सामना करना पड़ रहा है।

नवीनतम अपडेट के अनुसार, डब्लूएफपी ने कहा कि 6.3 मिलियन श्रीलंकाई लोग अगले भोजन का खर्च नहीं उठा पाएंगे और संकट के सामने आने पर भोजन की स्थिति बिगड़ने की संभावना है। और 6.7 मिलियन लोग स्वीकार्य आहार नहीं ले रहे हैं। डब्ल्यूएफपी ने कहा, 34 लाख लोगों को आपातकालीन भोजन, पोषण और स्कूली भोजन प्राप्त करने के लिए डब्ल्यूएफपी द्वारा लक्षित करने की योजना है। डब्ल्यूएफपी का मानना है कि वयस्कों में पोषण की कमी के पीछे मुख्य कारण खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की उच्च लागत है। कोलंबो गजट की रिपोर्ट के अनुसार, कीमतें अधिक होने के कारण, लोग कम मात्रा में खरीदारी करने लगे और अधिक बार बाजार का दौरा करने लगे। खाद्य आयात घटकर 50 मिलियन अमेरिकी डालर प्रति माह हो गया है, जो पहले 130 मिलियन अमेरिकी डालर था। सब्जियों जैसे पौष्टिक भोजन की कीमत अब संकट से पूर्व की कीमत से दो से पांच गुना अधिक है। संकट के बीच बाजार की कार्यक्षमता में बदलाव का पता लगाने और निगरानी करने के लिए, डब्ल्यूएफपी श्रीलंका में अपना मार्केट फंक्शनलिटी इंडेक्स (एमएफआई) लॉन्च कर रहा है। एमएफआई एक ऐसा उपकरण है जो मानवीय हस्तक्षेपों के डिजाइन को सूचित करने के लिए बाजार की स्थितियों में बदलावों को बेहतर ढंग से समझने और उनका आकलन करने में मदद करता है। आर्थिक संकट ने विशेष रूप से खाद्य सुरक्षा, कृषि, आजीविका और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित किया है। पिछले फसली मौसम में खाद्य उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना मंर 40-50 प्रतिशत कम था। वर्तमान कृषि मौसम जोखिम में है। बीज, उर्वरक, ईंधन और ऋण की कमी है। श्रीलंका फरवरी से ही ईंधन की किल्लत का सामना कर रहा है। जून के अंत में, सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) ने निजी वाहनों के लिए ईंधन वितरण को निलंबित कर दिया। पेट्रोल और डीजल की खेप आने के बाद सीपीसी ने 21 जुलाई से ईंधन वितरण शुरू करने की घोषणा की। इसके अलावा, मोबाइल ईंधन डिस्पेंसर का उपयोग तीन पहिया वाहनों और जनरेटर आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक पायलट परियोजना के रूप में किया जाएगा। श्रीलंका के बिजली और ऊर्जा मंत्री, कंचना विजेसेकेरा ने इसकी घोषणा की। ईंधन की कमी के बीच हर दिन कर्ज में डूबे देश भर में सैकड़ों श्रीलंकाई पेट्रोल पंपों पर कतार में लगे रहते हैं, और बड़ी संख्या में लोग अपनी कारों और मोटरसाइकिलों को अपने दैनिक आवागमन के लिए साइकिल के लिए छोड़ रहे हैं। ईंधन की आसमान छूती कीमतें भी साइकिल की बिक्री में बढ़ोतरी के पीछे एक कारण है।

### श्रीलंका ने चीन के अनुसंधान पोत को हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका ने चीन के एक अनुसंधान पोत को अगले महीने हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने की अनुमति दी है। सेना के एक प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे कुछ दिन पहले भारत ने कहा था कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों के मद्देनजर किसी भी घटनाक्रम पर निगरानी रख रहा है। श्रीलंका के दक्षिण में स्थित हंबनटोटा अपनी स्थिति के चलते रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह राजपक्षे परिवार के गृहनगर में स्थित है और इसका निर्माण चीन से कर्ज लेकर किया गया है। चीन के अंतरिक्ष यान को ट्रैक करने वाले पोत युआन वांग 5 के हंबनटोटा बंदरगाह पर रुकने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर, श्रीलंकाई सेना के प्रवक्ता कर्नल नलिन हेराथ ने कहा कि श्रीलंका कई देशों के वाणिज्यिक और सैन्य पोतों को आने की अनुमति देता रहा है। हेराथ ने कहा, हमने उसी परिप्रेक्ष्य में चीनी पोत को अनुमति दी है। युआन वांग 5, हंबनटोटा बंदरगाह पर 11-17 अगस्त तक रुक सकता है, जिसके दौरान वह हिंद महासागर क्षेत्र के उत्तर पश्चिमी हिस्से में उपग्रह नियंत्रण और अनुसंधान ट्रैकिंग करेगा। भारत ने कहा है कि वह अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों के मद्देनजर हर घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

## बाइडन कोविड-19 से संक्रमित पाए गए, पृथक-वास में रहेंगे

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन शनिवार को एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित पाए गए। महज तीन दिन पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण से मुक्त होने के बाद उनका पृथक-वास समाप्त हुआ था। व्हाइट हाउस ने कहा है कि एंटी वायरल दवा से इलाज के बाद बाइडन में संक्रमण का फिर से उभरना एक दुर्लभ मामला है।

व्हाइट हाउस के चिकित्सक डॉ. केविन ओह्लकोनोर ने एक पत्र में कहा कि बाइडन में इस बार कोई भी लक्षण नहीं उभरे हैं और वह अच्छा महसूस कर रहे हैं। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बाइडन एक बार फिर कम से कम पांच दिनों के लिए पृथक-वास में रहेंगे। संक्रमण मुक्त होने तक वह व्हाइट हाउस में ही रहेंगे।

एजेंसी ने कहा कि संक्रमण के फिर से उभरने के ज्यादातर मामलों में लक्षण हल्के रहते हैं और इस दौरान मरीजों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने का कोई मामला सामने नहीं आया है।

बाइडन (79) के एक बार फिर संक्रमित पाए जाने की घोषणा से महज दो घंटे पहले व्हाइट हाउस ने आगामी मंगलवार को उनके मिशिगन दौरे की जानकारी दी थी जिसमें वह घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने संबंधी विधेयक को पारित किए जाने को रेखांकित करने वाले थे। बाइडन रविवार को अपने गृह नगर वेलिंगटन भी जाने वाले थे जहां प्रथम महिला जिल बाइडन मौजूद हैं। लेकिन अब बाइडन के संक्रमित होने के कारण ये दोनों यात्राएं रद्द कर दी गई हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति बीते मंगलवार और बुधवार को हुई जांच में संक्रमित नहीं पाए गए थे। इसके बाद उनका पृथक-वास समाप्त हो गया था। व्हाइट हाउस के कोविड-19 के समन्वयक डॉ. आशीष झा ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, आंकड़ों से पता चलता है कि पैक्सलोविड उपचार के बाद पांच से आठ प्रतिशत लोग फिर से संक्रमित हुए।

## रावी नदी किनारे के लोगों को इलाका छोड़ सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश

**गुरदासपुर, एजेंसी**

पंजाब में गुरदासपुर जिला प्रशासन ने जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा रविवार को उज्ज नदी में दो लाख क्यूसिक पानी छोड़ने की रिपोर्ट मिलने पर रावी दरिया किनारे बसे लोगों को तुरंत इलाका छोड़ सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश जारी किया है। उज्ज दरिया में छोड़ा गया पानी दोपहर करीब एक बजे तक गुरदासपुर के इलाके में पहुंच जाएगा।

जिला प्रशासन अलर्ट जारी करते हुए धार्मिक स्थानों के लाउडस्पीकरों के माध्यम से दरिया किनारे बसे लगभग 30 गांवों के लोगों सतर्क रहने तथा रावी दरिया किनारे बने धुस्सी बांध के भीतर खाली स्थानों पर रह रहे गुज्जर परिवारों को तुरंत इलाका छोड़ कर जाने के लिए कह रहा है। जम्मू-कश्मीर के इलाके में बहने वाले उज्ज दरिया का पानी रावी नदी में मिलता है। यहां पहुंचने पर दोनों दरियों के संगम पर पानी के बहाव में बहुत तेजी आ जाती है जिससे के कारण आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। गुरदासपुर जिला प्रशासन ने एसडीएम डेरा बाबा नानक, एसडीएम कलानौर और एसडीएम दीनानगर को लोगों को अलर्ट करने तथा रावी दरिया के भीतरी खाली इलाकों में रह रहे लोगों को वहां से हटाने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि रावी दरिया के किनारों पर बने धुस्सी बंध और दरिया में बह रहे पानी के दरमियान काफी खाली जमीन है जिस पर गुज्जर परिवार अपने पशुओं के साथ रहते हैं। बाढ़ की स्थिति में भी ये लोग इलाका खाली नहीं करना चाहते और बाढ़ आने पर ये लोग पानी में फंस जाते हैं जिन्हें बचाने में प्रशासन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा धुस्सी बंध के किनारे टूटे होने के कारण रावी दरिया का पानी आसपास के गांवों में घुस जाता है जिसके कारण जिला प्रशासन लगभग 30 गांवों के लोगों को पूरी तरह से सतर्क रहने को कहता है।

## इजरायल में अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 के संचालन पर अस्थायी रोक

**यरुशलम, एजेंसी**



इजरायल की वायुसेना ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 के संचालन पर अस्थायी रोक लगा दी है। इजरायल ने यह फैसला अमेरिका की चेतावनी के बाद किया है। अमेरिका ने कहा है कि इसके पायलट इजेक्शन सिस्टम में खामी है। अमेरिका ने भी अपने आपरेशन अस्थायी रूप से रोक दिए हैं। इसके बाद इजरायल ने भी यह घोषणा की। इजरायली वायुसेना ने ट्विटर पर फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी एफ-35 को वायुसेना प्रमुख की विशेष इजाजत के बाद ही संचालित किया जाएगा। अमेरिका ने शुक्रवार को एफ-35 सहित तीन अमेरिकी सैन्य विमानों में पायलट इजेक्शन सिस्टम में एक्सप्लोसिव कार्टिज में संभावित दोषों के बारे में सूचित किया था।

उल्लेखनीय है कि एफ-35 लड़ाकू विमान को अमेरिकी कंपनी लाकहिड मार्टिन ने बनाया है। यह एक सिंगल सीटर और सिंगल इंजन वाला लड़ाकू विमान है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि यह विमान किसी भी मौसम में उड़ान भर सकता है। यह युद्धक विमान पांचवीं पीढ़ी का है। युद्ध की स्थिति में विभिन्न भूमिकाओं में अहम साबित हो सकता है। इसकी खासियत है कि यह जमीनी हमले के साथ हवा में भी दुश्मन के छक्के छुड़ाने में सक्षम है। एफ-35 के तीन संस्करण हैं। इसमें एफ-35ए कंवेंशनल टेकआफ और लैंडिंग कर सकता है। एफ-35बी शार्ट टेकआफ के अलावा वर्टिकल लैंडिंग कर सकता है। एफ-35 सी लड़ाकू विमान को एयर क्राफ्ट करियर की सुविधा अनुसार बनाया गया है।

यह विमान एयर क्राफ्ट करियर पर उतरते ही कुछ ही सेकेंड में जबरदस्त स्पीड देता है। एफ-35 को दरअसल एक्स-35 की ही तरह डिजाइन किया गया है। यूएस एयरफोर्स में इसको पैंथर के नाम से भी जाना जाता है। यह दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम है। इसकी वजह है इसका आकार और इसका फाइबर मैट। इस तकनीक की वजह से यह संकेतों को अवशोषित कर लेता है। यह जेट मशीनगन के अलावा हवा से हवा और जमीन पर मार करने वाली मिसाइल से लैस होता है। यह 1930 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है। इस तरह के एक जेट की कीमत करीब 31 करोड़ रुपये है। यह विमान 910 किलोग्राम के छह बम ले जाने में सक्षम है। 15 दिसंबर, 2016 को एफ-35 ने पहली बार अपनी उड़ान भरी थी। अमेरिका ने फरवरी 2019 में इस विमान को अपनी नौसेना में भी शामिल था। इसी साल 15 अप्रैल, 2019 को इसे यूएई के अल दाफरा एयरबेस पर पहली बार अमेरिका ने तैनात किया था। इसी दौरान उत्तरी इराक में पहली बार आईएस के ठिकानों पर हमले के लिए इसका इस्तेमाल किया गया।

## बारामूला मुठभेड़ में लश्कर आतंकवादी ढ़ेर



**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक आतंकवादी मारा गया है। अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान शनिवार शाम बिनेर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।

सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के दल ने जैसे संदिग्ध स्थल पर घेराबदी शुरू की वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। रातभर खामोशी के बाद तड़के फिर से शुरू हुई मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का एक आतंकवादी मारा गया। आतंकवादी की पहचान इरशाद अहमद भट के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि इरशाद मई 2022 से सक्रिय था। मुठभेड़ स्थल के पास से एक एके रायफल, दो मैगजीन और 30 राउंड गोलियां बरामद हुई हैं।

बारामूला जिले में शनिवार को हुई यह दूसरी मुठभेड़ थी। सुरक्षा बलों ने वानीगाम बाला गांव में मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया था जिसमें दो जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

## रूस की नेवी में जल्द शामिल होगी दुनिया की घातक हाइपरसोनिक जिरकान क्रुज मिसाइल

**मास्को, एजेंसी**



रूस की नौसेना को कुछ ही समय में दुनिया की बेहद घातक हाइपरसोनिक जिरकान क्रुज मिसाइल मिल जाएगी। इसका दावा खुद रूस के राष्ट्र पति व्लानदिमीर पुतिन ने रूस के नेवी दिवस के मौके पर किया है। ये मिसाइल रूस के लिए बेहद खास होगी और इसके आगे दुनिया की कोई भी दूसरी मिसाइल टिक नहीं पाएगी। इसकी सबसे बड़ी खासियत होगी इसकी तेज रफ्तार। ये मिसाइल 9 मैक की गति से दुश्मीन पर वार करेगी। नेवी डे पर दिए अपने संदेश में राष्ट्रोपति पुतिन ने यूक्रेन या अमेरिका का नाम तो नहीं लिया लेकिन इस मिसाइल के जरिए उन्हों ने इन दोनों ही देशों को अपनी ताकत का अंदाजा जरूर करवाया है।

सेंट पीट्सबर्ग में राष्ट्रनपति पुतिन ने जार पीटर के प्रति अपनी श्रद्धांजलिद देते हुए कहा कि उन्होंसने रूस को दुनिया की महाशक्ति बनाने के लिए काम किया। पुतिन के हाइपरसोनिक मिसाइल को लेकर दिए बयान के बाद क्रेमलिन के चीफ ने कहा कि ये मिसाइल दुनिया की दूसरी मिसाइलों से अलग होगी। इसके लिए रूस ने नए नेवी डाक्ट्रिन को साइन किया है। हालांकि इसमें क्यान है ये अब तक सामने नहीं आया है। इस मिसाइल की डिलीवरी को लेकर उन्होंनने केवल इतना ही कहा कि ये डिटेल्स आने वाले दिनों में रूसी सेना देना शुरू कर देगी। इस हाइपरसोनिक मिसाइल की तैनाती सबसे पहले रूसी नौसेना के युद्धपोत पर की जाएगी। इससे न केवल रूस की ताकत बढ़ेगी बल्कि उसका विश्वन में रुतबा भी बढ़ जाएगा। इसके अलावा ये दुश्म न को अपने हमले से चौंका देगी।

इसकी स्पीकड इतनी अधिक होगी कि कोई दूसरी मिसाइल इसका मुकाबला नहीं कर सकेगी। रूस ने कहा है कि ये उन सभी को संप्रभुता और हमारी आजादी को आंख दिखाते हैं उनके लिए एक चेतावनी होगी। आपको बता दें कि आवाज की रफ्तार से करीब 9 गुना तेजी से दूरी तय करने वाले इस हाइपरसोनिक मिसाइल का टेस्ट पिछले वर्ष रूस ने अपने युद्धपोत और सबमरीन से किया था। ये दोनों ही टेस्टन पूरी तरह से सफल रहे थे।

## बढ़ रहा है भारतीय खिलौनों का निर्यात: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में निर्मित खिलौनों को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए रविवार को कहा कि परंपरागत भारतीय खिलौनों का निर्यात बढ़ रहा है। श्री मोदी ने आज आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 91 वें संस्करण में कहा कि भारत के पास खिलौना निर्यात में शक्तिपुंज बनने की पूरी क्षमता है। भारत के स्थानीय खिलौने-परंपरा और प्रकृति, दोनों के अनुरूप और पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों और स्टार्टअप्स की बदौलत भारतीय खिलौनों की गूंज दुनियाभर में हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत में विदेश से आने वाले खिलौनों की संख्या, लगातार कम हो रही है। पहले जहां तीन हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के खिलौने बाहर से आते थे, वहीं अब इनका आयात 70 प्रतिशत तक घट गया है। इसी दौरान, भारत ने, 2600 करोड़ रुपए से अधिक के खिलौनों को विदेशों में निर्यात किया है, जबकि पहले, 300-400 करोड़ रुपए के खिलौने ही भारत से बाहर जाते थे।

श्री मोदी ने कहा, ये सब, कोरोना काल में हुआ है। भारत के खिलौना क्षेत्र ने खुद को परिवर्तित करके दिखा दिया है। भारतीय उद्योग अब, भारतीय संस्कृति, इतिहास और पौराणिक कथाओं पर आधारित खिलौने बना रहे हैं। देश में जगह-जगह खिलौनों के जो संकुल हैं, खिलौने बनाने वाले जो छोटे-छोटे उद्यमी हैं, उन्हें, इसका बहुत लाभ हो रहा है। इन छोटे उद्यमियों के बनाए खिलौने दुनियाभर में जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के खिलौना निमार्ता, विश्व के प्रमुख विश्व एक खिलौना ब्रांड के साथ मिलकर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय खिलौनों को बढ़ावा देने के लिए देश की कई कंपनियों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा, आइये, हम सब मिलकर, भारतीय खिलौनों को, दुनियाभर में, और अधिक लोकप्रिय बनायें। इसके साथ ही, मैं, अभिभावकों से भी आग्रह करना चाहूँगा कि वे अधिक से अधिक भारतीय खिलौने, पजल और गेम खरीदें।

## खाने में कॉकरोच मिलने के बाद पाक संसद भवन का कैफेटेरिया सील

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

इस्लामाबाद प्रशासन ने खाने में कॉकरोच पाए जाने के बाद पाकिस्तान की राजधानी में संसद भवन के दो कैफेटेरिया को सील कर दिया है। समा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, कई सांसदों ने घटिया भोजन के कारण इन कैफेटेरिया में पहले ही भोजन करना बंद कर दिया था। ताजा घटना के बाद जहां सांसदों ने अपने भोजन में कॉकरोच पाए, उन्होंने इस्लामाबाद के जिला प्रशासन में शिकायत दर्ज कराई। जब प्रशासन के अधिकारियों ने वहां छापा मारा, तो उन्होंने खराब स्वच्छता के अलावा कैफेटेरिया और रसोई में कीड़ों को देखा। इसके बाद उन्होंने दो कैफेटेरिया को सील कर दिया। समा टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह इस तरह की पहली घटना नहीं है। 2014 में सदन के एक कैफेटेरिया में केचप की बोतल के अंदर एक कॉकरोच मिला था। सांसदों ने 2019 में भोजन में इस्तेमाल होने वाले मांस की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे।

**आरोप** सिर्फ महाराष्ट्र में ही भ्रष्टाचारी लोग हैं, और राज्यों में नहीं है? खुद राज्यपाल जी कहते हैं

# डंक मारती है राउत की लेखनी

## इसलिए भाजपा परेशान : शिवसेना सांसद अरविंद सावंत

**मुंबई, एजेंसी**



शिवसेना नेता संजय राउत के मुंबई आवास पर ईडी के छापे पर शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि संजय राउत की वाणी और लेखनी दोनों डंक मारती हैं, इसलिए उनसे वे (भाजपा) परेशान हैं। जो विपक्ष में बात करेगा उसका मुंह बंद करो, धुलाई मशीन खाली है। जितने लोग आपके पास आए हैं उन लोगों पर आपने (भाजपा ने) ही ईडी के इल्जाम लगाए थे, उसका क्या हुआ? सिर्फ महाराष्ट्र में ही भ्रष्टाचारी लोग हैं, और राज्यों में नहीं है? खुद राज्यपाल जी कहते हैं कि अगर मुंबई से गुजराती और मारवाड़ी निकल जाएंगे तो इसकी आर्थिक राजधानी का स्तर चला जाएगा। इसका मतलब पैसे वाले कौन हैं और छापेमारी किस पर हो रही है? यह भाजपा करा रही है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। अगर उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है तो वे डर क्यों रहे हैं? वह एक बड़े एमवीए नेता थे। किसी को हमारी पार्टी में इसलिए नहीं आना चाहिए क्योंकि उनको ईडी से डर लगता है। ईडी ने पहले भी जांच की थी। अगर ईडी केंद्र सरकार के डर से काम करता है तो सुप्रीम कोर्ट को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। ईडी अपना काम कर रहा है राज्य के मंत्रिमंडल के गठन के लिए मंत्रालयों का आंवटन जल्द तय किया जाएगा। हम उपमुख्यमंत्री के साथ मिलकर राज्य के विकास पर काम कर रहे हैं। एनसीपी नेता अजित पवार बोले, कई लोगों को ईडी का नोटिस मिला है। जांच एजेंसियां, चाहे फिर वह ईडी, सीबीआई, आईटी या राज्य की एजेंसियां हो, ये सभी शिकायत मिलने पर जांच करती हैं। संजय राउत के मामले में यह बार-बार हो रहा है इसलिए इसके पीछे का सही कारण वही बता सकते हैं।

### धनंजय सिंह बने जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जनता दल यूनाइटेड का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है। पार्टी की ओर से उनके मनोनयन की घोषणा किये जाने के बाद सिंह ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। केन्द्र और उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दल जदयू का शनिवार को उन्हें महासचिव बनाये जाने के बाद उनके समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। धनंजय सिंह हाल ही में हुए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जेडीयू के टिकट पर ही जौनपुर की मल्हनी सीट से चुनाव भी लड़े थे। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दो बार विधायक रहे धनंजय सिंह एक बार जौनपुर से सांसद भी रह चुके हैं।

## स्मृति इरानी मांगें बिना शर्त माफी, राष्ट्रपति नाम विवाद में अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने राष्ट्रपति के नाम से जुड़े संबोधन को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। पत्र में अधीर रंजन ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लेते समय कथित तौर पर आदरसूचक संबोधन नहीं किया था। उन्होंने दावा किया कि सदन में गुरुवार को स्मृति ईरानी ने बार-बार ह्यद्रौपदी मुर्मूह्ण शब्द का इस्तेमाल किया। केंद्रीय मंत्री ने उनके (महामहिम के) नाम के साथ सम्मानजनक शब्द उपयोग नहीं किया, जबकि वह शीर्ष संवैधानिक पद पर आसीन हैं। फिर से किया जुबान फिसलने का जिक्र अपने लेटर में अधीर रंजन ने एक बार फिर कहा कि राष्ट्रपति के बारे में बात करते समय उनकी जुबान फिसल गई थी। ऐसे में उनके मुंह से राष्ट्रपत्नी शब्द निकल गया था। उन्होंने कहा कि इस पूरे विवाद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम घसीट लिया गया। उन्होंने कहा कि उनसे ये गलती इसलिए हो गई क्योंकि उनकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं है। इससे पहले चौधरी ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से एक और आग्रह किया था। उनका कहना था कि वो सारी बातें कार्यवाही से हटा दी जाएं, जो ह्यराष्ट्रपत्नीह्ण वाली उनकी टिप्पणी को लेकर सदन में बृहस्पतिवार को हुए हंगामे के दौरान सत्तापक्ष की ओर से सोनिया गांधी के संदर्भ में की गई थीं। चौधरी ने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के वक्तव्य का वो अंश भी हटाया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लेते समय कथित तौर पर आदरसूचक संबोधन नहीं किया था।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी किया आग्रहः राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शुक्रवार को ऐसा ही आग्रह किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू से कहा कि उच्च सदन में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में सत्तापक्ष की ओर से की गयी टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। उन्होंने कहा ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि केंद्रीय मंत्रियों ने संसदीय प्रक्रियाओं एवं परिपाटी का उल्लंघन किया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555